जैन विश्वभारती संस्थान

लाडनूं - ३४१३०६ (राज.)

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

णाणस्स सारमायारो

वाणिज्य स्नातक-द्वितीय वर्ष

Bachelor of Commerce- Second Year

तृतीय पत्र

Third Paper

निगम लेखांकन

Corporate Accounting

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

COPYRIGHT
Jain Vishva Bharati Institute, Ladnun

Written By :
Dr. K.K. Gupta (Section-C)
Sh. Anil Sethia (Section-A, B)
Sh. Rakesh Kankani (Section-D)
Sh. C.P. Joshi (Section-D)

Edition : 2014

Printed Copies : 100

Published By: Jain Vishva Bharati Institute, Ladnun

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

	अनुक्रमणिका (Contents)	
खण्ड—अ	अंश, निर्गमन, हरण, पुनर्निर्गमन, अधिमान अंशों का शोधन, ऋणपत्र का निर्गमन एवं शोधन, बोनस अंश का निर्गमन, अभिगोपन	01—88
खण्ड—ब	अंतिम खाते, लाभों का निपटारा, समामेलन से पूर्व का लाभ एवं बाद का लाभ एकीकृत चिट्ठा	89—121
खण्ड—स	आन्तरिक पुनर्निर्माण, एकीकरण	122—261
खण्ड—द	समापन की स्थिति में लेखें, बैंकिंग और बीमा कम्पनी के लेखे, विनियोग खाता ख्याति और अंश का मूल्यांकन	262—406

अध्याय 1
अंशों का निर्गमन एवं हरण
(Issue and Forfeiture of Share)

विषय सूची (Contents)

1.0 कम्पनी की परिभाषाएं
1.1 अंश
1.1.1 अधिमान अंश
1.1.2 समता अंश
1.1.3 स्टॉक
1.2 अंश पूंजी के प्रकार
1.3 अंश निर्गमन प्रक्रिया
1.4 अंशों का निर्गमन
1.4.1 सममूल्य पर निर्गमन
1.4.2 प्रीमियम पर निर्गमन
1.4.3 बट्टे पर निर्गमन
1.5 लेखांकन प्रविष्टियां
1.5.1 अंशों का एक मुश्त निर्गमन
1.5.2 अंशों का किस्तों में निर्गमन
1.5.3 बकाया मांग
1.5.4 अग्रिम प्राप्त मांगें
1.6 अंशों का अत्यधिक एवं न्यून अभिदान
1.7 अंशों का रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के लिए निर्गमन
1.8 अंशों का हरण
1.8.1 अंशों का समर्पण
1.8.2 हरण किए गए अंशों का पुनर्निर्गमन
1.9 कर्मचारी स्टॉक विकल्प, 1.9.1 स्वेट ईक्विटी, 1.9.2 अधिकार अंश
1.10 डीमेट
1.11 प्रतिभूतियों की वापसी
स्व परीक्षा प्रश्न (Self Examination Questions)

प्रस्तावना (Introduction)

कम्पनी व्यक्तियों का एक ऐसा संगठन है जिसमें लाभ कमाने का सामूहिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु वे मुद्रा या मुद्रा तुल्य अंशदान करते हैं। कम्पनी की संयुक्त पूंजी होती है तथा हस्तान्तरणीय होती है। कम्पनी का वैधानिक अस्तित्व होता है। जो इस पूंजी में अंशदान करते हैं, वे अंशधारी या सदस्य (Member) कहलाते हैं।

1.0 कम्पनी की परिभाषा (Definition of Company)

हैने के शब्दों में "कम्पनी लाभ के लिए निर्मित एक ऐच्छिक संस्था है, जिसकी पूंजी हस्तान्तरणीय अंशों में विभाजित होती है तथा जिसमें स्वामित्व के लिए सदस्यता अनिवार्य है।"

न्यायाधीश लिंडले के शब्दों में "कम्पनी से आशय ऐसे व्यक्तियों के संघ से है जो मुद्रा या मुद्रा के तुल्य अंशदान

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

एक सामूहिक स्कन्ध में करते हैं और इसका उपयोग सामूहिक उद्देश्य के लिए करते हैं।"

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा (3)(1)(i) के अनुसार "कम्पनी का आशय इस अधिनियम के अन्तर्गत निर्मित एवं पंजीकृत कम्पनी से है अथवा एक ऐसी विद्यमान कम्पनी से है जिसका निर्माण एवं पंजीयन इस अधिनियम के पूर्व के किसी कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत हुआ हो।"

कम्पनी की उपर्युक्त समस्त परिभाषाओं का अध्ययन कर लेने के पश्चात् निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि कम्पनी का आशय कम्पनी अधिनियम के अधीन समामेलित एक कृत्रिम व्यक्ति से है, जिसका अपने सदस्यों से पृथक अस्तित्व एवं अविच्छिन उत्तराधिकार होता है, जिसका निर्माण किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है और जिसकी एक सार्वमुद्रा होती है।

1.1 अंश (Shares)

कम्पनी की कुल अंश पूंजी विभिन्न भागों में विभाजित होती है, प्रत्येक भाग जिसमें कम्पनी की पूंजी विभक्त होती है, अंश कहलाते हैं। कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 85(1) के अन्तर्गत कम्पनी दो प्रकार के अंश निर्गमित कर सकती है–

1. अधिमान अंश या पूर्वाधिकार अंश (Preference Shares) तथा
2. समता अंश (Equity Shares)।

1.1.1 अधिमान अंश (Preference Shares)– अधिमान अंशों से आशय ऐसे अंशों से है जिसके धारकों को एक पूर्व निश्चित दर से लाभांश प्राप्त करने का अधिकार होता है तथा कम्पनी के समापन पर ऐसे अंशधारियों को उनके द्वारा दी गई पूंजी वापस प्राप्त करने का प्रथम अधिकार भी प्राप्त होता है। कुछ विशेष अधिकारों के आधार पर अधिमान अंश निम्नलिखित प्रकार के हो सकते हैं–

(i) संचयी अधिमान अंश (Cumulative Preference Shares)– यदि किसी वर्ष कम्पनी को लाभ कम होने या न होने की स्थिति में संचयी अधिमान अंशों पर लाभांश वितरित न कर सके तो इस बकाया लाभांश को आगामी वर्षों के लाभोंमें से दिया जाता है। इस प्रकार ऐसे अंशों पर लाभांश संचयी होता रहता है।

(ii) असंचयी अधिमान अंश (Non-Cumulative Preference Shares)– ऐसे अंशधारियों को लाभांश उसी वर्ष के लाभों में से ही दिया जाएगा जिस वर्ष लाभांश देना है। जिस वर्ष लाभ न हो या कम हो तो आगामी वर्षों के लाभों में से लाभांश नहीं दिया जाएगा।

(iii) अवशिष्टभागी अधिमान अंश (Participating Preference Shares)– ये इस प्रकार के अंश होते हैं जिनमें लाभांश पाने का पूर्वाधिकार होता है साथ ही कम्पनी में बचे लाभ (समता अंशधारियों को लाभांश वितरित करने के पश्चात् बचा लाभ) पर भी समता अंशधारियों के साथ, ये लाभांश के भागी होते हैं।

(iv) अनावशिष्टभागी अधिमान अंश (Non-Participating Preference Shares)– जिन अंशधारियों को पूर्व निर्धारित दर से लाभांश पाने का पूर्वाधिकार तो होता है परन्तु अतिरिक्त लाभों में इन्हें भाग लेने का अधिकार भी नहीं होता तथा न ही कम्पनी के समापन पर आधिक्य में हिस्सा मिलता है, उन्हें अनावशिष्टभागी अधिमान अंश कहते है। सूचना के अभाव में अधिमान अंश अवशिष्टभागी ही माने जाते हैं।

(v) शोधनीय अधिमान अंश (Redeemable Preference Shares)– इस प्रकार के अंशों पर कम्पनी अपने जीवनकाल में कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 80 एवं 80ए के प्रावधानों के अनुसार पूंजी वापस लौटा देती है। इनका शोधन तभी किया जा सकता है जबकि अंश पूर्णदत्त हों। निर्गमन के अधिकतम 20 वर्षों के भीतर शोधन करना अनिवार्य है।

(vi) अशोधनीय अधिमान अंश (Irredeemable Preference Shares)– वे अंश जिनका शोधन कम्पनी के

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

जीवनकाल में नहीं होता अपितु कम्पनी के समापन के समय होता है, अशोधनीय अधिमान अंश कहलाते हैं। भारत में कम्पनी संशोधन अधिनियम, 1996 के लागू होने के पश्चात् ऐसे अंश जारी नहीं किए जाते।

(vii) परिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश (Convertible Preference Shares)– इस प्रकार के अंशधारकों को एक निश्चित अवधि के पश्चात् अपने अंशों को समता अंशों में परिवर्तन का अधिकार होता है।

(viii) अपरिवर्तनीय पूर्वाधिकार अंश (Non-Convertible Preference Shares)– इस प्रकार के अंशधारकों को अपने अंशों को समता अंशों में परिवर्तन का अधिकार नहीं होता है।

(ix) संचयी परिवर्तन अधिमान अंश (Cumulative Convertible Preference Shares)– भारत सरकार ने 1985 में सार्वजनिक कम्पनियों को संचयी परिवर्तनशील अधिमान अंशों को निर्गमित करने का अधिकार दिया। ये अंश 100 रु. अंकित मूल्य के होते हैं, इन पर लाभांश 10 प्रतिशत दिया जाता है। कम्पनी 3 से 5 वर्षों की अवधि में इन्हें समता अंशों में परिवर्तित करती है। परिवर्तन के समय यदि इन अंशों पर लाभांश बकाया है, तो बकाया लाभांश का भुगतान परिवर्तित समता अंश के धारकों को देय होगा।

1.1.2 समता या साधारण अंश (Equity or Ordinary Shares)– कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 85(2) के अनुसार समता या साधारण अंश वे अंश है, जो अधिमान अंश नहीं है। ऐसे अंशधारियों को पूर्वाधिकार अंशधारियों को लाभांश वितरण करने के पश्चात् लाभांश दिया जाता है। कम्पनी के समापन के समय भी अधिमान अंशधारियों को पूंजी वापस करने के पश्चात् सामान्य अंशधारियों को पूंजी वापस की जाती है।

समता अंशों पर लाभांश की कोई दर पूर्व निश्चित नहीं होती। जिस वर्ष लाभांश देना है उसी वर्ष के लाभ के अनुसार लाभांश की दर निश्चित की जाती हैं। यदि किसी वर्ष लाभ न हो या कम हो तो समता अंशों पर लाभांश वितरण नहीं किया जाता है और न ही आगे संचित किया जाता है। यदि कम्पनी को अधिक लाभ होता है तो अंशों पर ऊंची दर से लाभांश वितरण किया जा सकता है। कम्पनी के वास्तविक स्वामी समता अंशधारी ही होते हैं। कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 2000 में समता अंश के दो प्रकार बताए है–

(1) मतदान अधिकार के साथ (with voting right)

(2) भिन्न अधिकार के साथ (with differential rights- as dividend, voting or otherwise)

1.1.3 स्टॉक (Stock)– स्टॉक एक ऐसी प्रतिभूति है जिसका कोई निश्चित अंकित मूल्य नहीं होता है और न ही स्टॉक की संख्या निश्चित होती है। स्टॉकधारी किसी भी मूल्य पर स्टॉक का क्रय–विक्रय कर सकता है ये कम्पनी अधिनियम, 1956 के लागू होने से पूर्व प्रचलन में थे, अब नहीं है। अब कम्पनी आन्तरिक पूनर्निर्माण की दशा में पूर्णदत अंशों को स्टॉक में बदल सकती है, जनता को जारी नहीं कर सकती।

1.2 अंश पूंजी के प्रकार (kinds of Share Capital)

समता अंशों एवं अधिमान अंशों के अंकित मूल्य के योग को कम्पनी की अंश पूंजी कहा जाता है। अंश पूंजी को निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया जाता है–

1. **अधिकृत पूंजी (Authorised Capital)–** कम्पनी के पार्षद सीमानियम के पूंजी वाक्य में वर्णित पूंजी अधिकृत पूंजी कहलाती है। कम्पनी को पूंजी की वह अधिकतम राशि जिसे निर्गमित करने का अधिकार होता है, अधिकृत पूंजी कहलाती है। इससे अधिक पूंजी निर्गमित नहीं की जा सकती।

2. **निर्गमित पूंजी (Issued Capital)–** कम्पनी अपनी अधिकृत अंश पूंजी में से जितने अंशों का बंटन करे, उनके अंकित मूल्य को निर्गमित पूंजी कहते हैं। अधिकृत पूंजी का वह भाग जो अभी तक निर्गमित नहीं किया गया है, अनिर्गमित पूंजी कहलाती है। कम्पनी इसे आवश्यकता पड़ने पर कभी भी जारी कर सकती है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

3. **प्रार्थित या अभिदत्त पूंजी (Paid up or Subscribed Capital)–** निर्गमित पूंजी का वह भाग जिसके लिए जनता द्वारा आवेदन किया जाता है, प्रार्थित या अभिदत्त पूंजी कहलाती है। जितने अंशों के लिए आवेदन–पत्र आते हैं, उतने अंशों को अभिदत्त अंश कहते हैं। कम्पनी निर्गमित अंशों से अधिक अंशों का आबंटन नहीं कर सकती है। यदि समस्त निर्गमित अशों के लिए आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं तो शेष भाग 'न अभिदत्त की गई पूंजी' (Unsubscribed Capital) कहलाती है।

4. **मांगी गई पूंजी (Called up Capital)–** कम्पनी द्वारा अंशधारियों से अंशों के अंकित मूल्यों से जितनी राशि मांग ली जाती है वह राशि मांगी गई पूंजी कहलाती है। अभिदत्त पूंजी का वह भाग जो मांगने से शेष है, न मांगी गई पूंजी (UnCalled up Capital) कहलाती है।

5. **प्रदत्त पूंजी (Paid up Capital)–** मांगी गई पूंजी में जो पूंजी प्राप्त हो जाती है प्रदत्त पूंजी कहलाती है। यदि कम्पनी द्वारा मांगी गई समस्त राशि (अंकित मूल्य+प्रीमियम) का भुगतान अंशधारी कर दे तो मांगी गई पूंजी व अभिदत्त पूंजी एक ही होती है। कम्पनी द्वारा मांगी गई राशि का भुगतान अंशधारियों द्वारा न किया जाए तो इसे बकाया मांग राशि **(Call-in-arrears)** कहते हैं।

6. **संचित पूंजी (Reserve Capital)–** कम्पनी अधिनियम की धारा 99 के अनुसार सीमित दायित्व वाली कम्पनी विशेष प्रस्ताव पारित करके यह निर्णय कर सकती है कि कम्पनी द्वारा 'न मांगी गई पूंजी' का एक निश्चित भाग कम्पनी के समापन की दशा में ही मांगा जाएगा। पूंजी के ऐसे भाग को संचित पूंजी कहते हैं। इस प्रकार की व्यवस्था से कम्पनी के ऋणदाताओं में सुरक्षा एवं विश्वास बढ़ता है। ऐसा करने से कम्पनी की साख बढ़ती है तथा ऋण प्राप्त करने में सुविधा होती है।

अंश पूंजी का चिट्ठे में निरूपण (Disclosure of Share Capital Company Balance sheet)–

उदाहरणार्थ– जैन लि. कम्पनी का पंजीयन 50,00,000 रु. की अधिकृत पूंजी के साथ हुआ जो 100 रु. मूल्य वाले अंशों में विभक्त है। इसमें 35,000 अंशों को जनता में क्रय करने के लिए प्रस्तुत किया। जनता ने 30,000 अंशों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कम्पनी ने सभी आवेदनकर्त्ताओं को अंश आबंटित कर दिए। अंशों से सभी राशि मांग ली गई। केवल 2,000 अंशों को छोड़कर, जिन पर 25 रु. प्रति अंश के हिसाब से अंतिम मांग का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ, शेष से सम्पूर्ण राशि प्राप्त हो गई। इसे इस प्रकार चिट्ठे में बताए जाएगा–

Balance Sheet of----- as at ---

		Rs.	
Authorised Capital			
50,000 Shares of Rs. 100 each (50,000x100)		**50,00,000**	
Issued Capital			
35,000 Shares of Rs. 100 each (35,000x100)		35,00,000	
Subscribed Capital			
30,000 Shares of Rs. 100	Rs.		
Fully Called up (30,000x100) =	30,00,000		
Less: Calls in arrear (2,000x25) =	50,000	29,50,000	
Paid up Capital		29,50,000	

1.3 अंश निर्गमन की प्रक्रिया (Procedure for Issue of Shares)

एक सार्वजनिक कम्पनी समामेलन का प्रमाण–प्रत्र प्राप्त होने के बाद पूंजी प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर सकती है। इस हेतु कम्पनी को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड **(Securities and Exchange Board of India or SEBI)** द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की पालना करनी पड़ती है। कम्पनी द्वारा अंशों के निर्गमन के सम्बन्ध में निम्नलिखित

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्रक्रिया अपनाई जाती है–

1. प्रविवरण का निर्गमन (Issue of Prospectus),
2. अंशों के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त करना (Receipt of Application for Shares),
3. अंशों का आंबटन करना (Allotment of Shares),
4. अंशों पर मांग राशि प्राप्त करना (Receit of Call Money)।

1. प्रविवरण का निर्गमन (Issue of Prospectus)

समामेलन का प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के पश्चात् एक सार्वजनिक कम्पनी अंशों को क्रय करने के लिए जनता से प्रविवरण के माध्यम से आवेदन मांगती है। प्रविवरण में कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों एवं सेबी द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप अनेक विवरण देने होते हैं यथा कम्पनी का इतिहास, उद्देश्य, भावी संभावनाएं, परियोजना, लाभदायकता आदि। प्रविवरण को जनता के लिए प्रकाशित करने से पूर्व एक प्रति रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज के पास जमा कराना होता है। निजी कम्पनी प्रविवरण जारी नहीं कर सकती।

2. अंशों के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त करना (Receipt of Application for Shares)

प्रविवरण को पढ़ने के पश्चात् इच्छित विनियोजक निर्धारित आवेदन–पत्र एवं आवेदन राशि कम्पनी के बैंक (प्रविवरण में उल्लेखित) के पास भेज देते हैं। सीधे कोई आवेदन कम्पनी के पास आता है तो भी कम्पनी एक बार ऐसे आवेदन–पत्रों मय राशि के बैंक को भेज देती है। बैंक निश्चित दिन आवेदनों की सूची कम्पनी को भेज देती है। कम्पनी कार्यालय में आवेदनों की जांच करती है तथा वर्णाक्रम (Alphabetic order) में या अपनी सुविधानुसार 'आवेदन तथा आबंटन पुस्तक' तैयार कर लेती है। विभिन्न प्रकार के अंशों के लिए अलग–अलग आवदेन एवं आबंटन पुस्तकें रखी जाती है।

3. अंशों का आबंटन (Allotment of Shares)

अंशों के आंबटन से आशय अंशों के आवेदकों को अंश का बंटवारा करना है। संचालक मण्डल अंशों का आबंटन का कार्य करता है। एक सार्वजनिक कम्पनी को अंशों के आंबटन करने के लिए निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना आवश्यक है–

(i) **न्यूनतम अभिदान की प्राप्ति–** कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 1990 के अनुसार कम्पनी को सम्पूर्ण निर्गमन के 90 प्रतिशत मूल्यों के बराबर अभिदान प्राप्त होना आवश्यक है। सेबी के नए दिशा–निर्देश के अनुसार यदि 10 रु. का कोई अंश हो तो एक आवेदक को कम से कम 200 अंशों के लिए आवेदन करना होगा।

(ii) **निर्गमन मूल्य का कम से कम 25 प्रतिशत भाग आवेदन के साथ–** अंकित मूल्य का कम से कम 25 प्रतिशत भाग आवेदन के साथ लेना अनिवार्य है। ये नकद में होना चाहिए, यदि चैक या ड्राफ्ट हो तो पहले नगद में परिवर्तन के पश्चात् आबंटन किया जाएगा।

(iii) **प्राप्त राशि अनुसूचित बैंक में जमा कराना–** कम्पनी के अंशों के आवेदकों से प्राप्त राशि अनुसूचित बैंक में तब तक जमा रहेगी जब तक कम्पनी को धारा 149 के अनुसार व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण–पत्र (Certificate of Commencement of Business) नहीं मिल जाता है।

(iv) **न्यूतम अभिदान राशि प्राप्त करने की अवधि–** सेबी के अनुसार अधिकतम 30 दिनों में न्यूनतम अभिदान राशि प्राप्त हो जानी चाहिए। यदि 30 दिनों के भीतर ऐसा नहीं होता है तो आवेदकों को 12 दिनों के भीतर ये राशि वापस लौटानी होती है, अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो विलम्ब अवधि के लिए 15 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज देना होगा।

(v) **स्टॉक एक्सचेंज को आवेदन–** अंशों को जनता में निर्गमन से पूर्व कम्पनी को किसी एक या अधिक स्टॉक

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

एक्सचेंज में उन अंशों के लेनदेन की अनुमति लेने के लिए आवेदन करना होगा। प्रविवरण में भी इसका उल्लेख होना चाहिए।

(vi) स्टॉक एक्सचेंज से आज्ञा न मिलना– अभिदान सूची के 10 सप्ताह के भीतर अनुमति नहीं मिलती है तो कम्पनी अंशों का आबंटन नहीं कर सकती और यदि आबंटन कर दिया है तो आबंटन व्यर्थ माना जाएगा। स्टॉक एक्सचेंज से अनुमति न मिलने पर आवेदकों को 8 दिनों के भीतर वापस राशि लौटानी होगी। अगर ऐसा नहीं किया जाए तो 8 दिन के पश्चात् कम्पनी और संचालक व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से राशि ब्याज सहित चुकाने के लिए उत्तरदायी होंगे।

अंशों के आबंटन सूची तैयार करना– आबंटन की समस्त शर्तों की पालना होने पर कम्पनी सचिव द्वारा आबंटन सूचियां तैयार की जाती है। इन सूचियों पर संचालक मण्डल की सभा में विचार किया जाता है और आबंटन प्रस्ताव पास किया जाता है। यदि आवेदन निर्गमित अंशों के बराबर या इससे कम है तो समस्त आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया जाता है। यदि जनता से प्रस्तावित अंशों से अधिक अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हो जाता है तो 'बंटन समिति' बनाकर बंटन का आधार तय किया जा सकता है। सेबी के दिशा–निर्देशों के अनुसार 50 प्रतिशत अंश ऐसे विनियोजकों हेतु आरक्षित करने होंगे जो 1,000 से कम अंशों के लिए आवेदन किए हैं तथा शेष 50 प्रतिशत अंश उनके लिए होंगे जो 1,000 से अधिक अंशों के लिए आवेदन किए हैं।

आबंटन प्रक्रिया (Allotment Process)– 'अंश आवेदन तथा आबंटन सूची' में उचित खातों व लेखा पुस्तकों में प्रविष्टि करने के पश्चात् प्रत्येक पृष्ठ पर संचालक मण्डल के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किए जाते हैं और संचालक मण्डल सचिव को आबंटन पत्र (Allotment Letter) व खेद–पत्र (Letter of Regret) तैयार कर सम्बन्धित को भेजने का निर्देश देता है। कम्पनी सचिव जिनको अंश आबंटन किए गए हैं उनको आबंटन–पत्र भेजता है। पत्र में निश्चित तिथि तक आंबटन राशि (यदि अंश पर देय सम्पूर्ण राशि आवेदन के साथ नहीं मांगी गई हो) जमा कराने की मांग होती है।

रजिस्ट्रार को आबंटन–रिटर्न भेजना (Filling Allotment Return to Registrar)– बंटन के 30 दिनों के भीतर कम्पनी को रजिस्ट्रार के पास 'बटन का विवरण' भेजना आवश्यक है।

अंश प्रमाण–पत्र (Share Certificate)– कम्पनी द्वारा अंशधारी को दिया गया ऐसा प्रमाण–पत्र जिसमें अंशधारी का नाम, पता, अंशों की संख्या, सदस्यता क्रम संख्या तथा चुकाई गई राशि का उल्लेख होता है।

अंशों का हस्तान्तरण (Transfer of Shares)– कोई भी अंशधारी अपने अंशों का हस्तान्तरण किसी व्यक्ति को कर सकता है। हस्तान्तरण के लिए उचित स्टाम्प लगा हुआ एक हस्तान्तरण विलेख (Transfer Deed) सम्बन्धित अंशों के साथ कम्पनी को भेजना चाहिए। कम्पनी जांच करने के पश्चात् क्रेता को एक नया अंश प्रमाण–पत्र जारी कर देती है तथा विक्रेता का पुराना अंश प्रमाण–पत्र रद्द कर देती है।

अंशों का निजी रूप से निर्गमन (Private Placement of Shares)– भारतीय वित्तीय संस्थाएं, पारस्पारिक कोषों, बीमा कम्पनियों, पूर्णतः परिवर्तनीय ऋणपत्रों (FCD) या अशंतः परिवर्तनीय ऋणपत्रों इत्यादि को अंशों का निगर्मन करना अंशों का निजी रूप से निर्गमन है। इसके लिए कम्पनी को एक विशेष प्रस्ताव पास करना होगा एवं इसे स्टॉक एक्सचेंज एवं कम्पनी रजिस्ट्रार से अनुमति लेनी होगी।

छोटे व्यक्तिगत विनियोगकर्ता के लिए सुरक्षित रखना (Reservation for Retail (Small) Individual Investor)

छोटे व्यक्तिगत विनियोजक से तात्पर्य एक ऐसे विनियोजक से है जो 50,000 रु. तक की प्रतिभूतियों के लिए आवेदन या बोली लगाता है। सेबी के दिशा निर्देशों के अनुसार एक कम्पनी को अपनी प्रतिभूतियों के सार्वजनिक निर्गमन के प्रस्ताव का 50% भाग छोटे व्यक्तिगत विनियोजकों के लिए सुरक्षित रखना होगा।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अंशों पर मांग (Calls on shares)–

आवेदन व आबंटन पर ली गई राशियों के अतिरिक्त शेष राशि किस्तों में ली जाती है। ऐसे प्रत्येक किस्त की मांग जो बंटन के पश्चात् वसूल की जाती है, मांग कहलाती है। इसके लिए कम्पनी अंशधारी को मांग–पत्र भेजती है। मांग के सम्बन्ध में कम्पनी अधिनियम में निम्नलिखित व्यवस्थाएं है–

1. प्रत्येक मांग राशि अंशों के अंकित मूल्य का अधिकतम 25 प्रतिशत होना चाहिए।
2. मांग के भुगतान के लिए कम से कम 14 दिन की सूचना मिलनी चाहिए।
3. दो मांगों के बीच कम से कम एक माह का अन्तराल होना चाहिए।
4. संचालकों की सभा में मांग का प्रस्ताव पारित होना चाहिए तथा संचालक ही मांग कर सकते हैं।
5. संचालक किसी भी मांग को निरस्त या स्थगित कर सकते हैं।
6. मांग का देय तिथि पर भुगतान न करने पर पांच प्रतिशत ब्याज मांगा जा सकता है। (देय तिथि से भुगतान की तिथि तक की अवधि)
7. यदि अंशधारी मांग का पूर्व भुगतान कर दे तो ऐसी अग्रिम मांग का 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दिया जा सकता है।

सदस्यों का रजिस्टर (Register of Members)

प्रत्येक कम्पनी को अपने सदस्यों का सम्पूर्ण विवरण रखने के लिए एक रजिस्टर रखना पड़ता है जिसमें सदस्यों द्वारा क्रय किए गए अंशों से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी दर्ज किए जाते हैं।

सदस्यों की सूची (Index of Members)

प्रत्येक ऐसी कम्पनी को जिसके सदस्यों की संख्या 50 से अधिक होती है, अपने सदस्यों के नामों की एक सूची रखनी होती है। यह सूची कार्ड अनुक्रमणिका के रूप में ही हो सकती है। इस सूची में हर सदस्य के सम्बन्ध में ऐसी पर्याप्त सूचना दी रहती है जिससे कि उस सदस्य के सम्बन्ध में सदस्य रजिस्टर की प्रविष्टियों का ज्ञान प्राप्त हो जाता है।

लेखा पुस्तकें (Books of Account)

कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक कम्पनी को ऐसी लेखा–पुस्तकों का रखना अनिवार्य है जो कम्पनी की आर्थिक स्थिति का उचित चित्र प्रस्तुत करने तथा उसके व्यवहारों की व्याख्या कर सकने में सहायक हो। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए यह अपेक्षा की जाती है कि प्रत्येक कम्पनी समस्त आवश्यक लेखा–पुस्तकों में दोहरा–प्रणाली के आधार पर लेखा करे।

प्रारम्भिक व्यय (Preliminary Expenses)–

ऐसे खर्चे जो कम्पनी के निर्माण के सम्बन्ध में किए जाते हैं, प्रारम्भिक व्यय कहलाते हैं। जैसे 1. पार्षदसीमा नियम, पार्षद अन्तर्नियम, प्रविवरण, प्रार्थना–पत्र, बंटन–पत्र को लिखने व छपवाने के खर्च 2. रजिस्ट्रार से प्रलेखों को बनाने की फीस, कर इत्यादि।

प्रारम्भिक व्यय पूंजीगत व्यय होते हैं, जब तक इन्हें अपलिखित नहीं करते तब तक इन्हें चिट्ठे में कृत्रिम सम्पत्ति के रूप में विविध व्यय शीर्षक के अधीन दिखाते हैं तथा पांच किस्तों में अपलिखित करते हैं।

1.4 अंशों का निर्गमन (Issue of Shares)

एक सार्वजनिक कम्पनी अपने अंशों का निर्गमन अग्रलिखित में से किसी भी प्रकार से कर सकती है–

1.4.1 सम मूल्य पर निर्गमन (Issue at Par)– जब अंशों पर अंकित मूल्य ही निर्गमित मूल्य होता है तो ऐसे निर्गमन

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

'अंशों का सम मूल्य' (Nominal Value) पर निर्गमन कहलाता है। जैसे किसी अंश का अंकित मूल्य 100 रु. हो और जनता को 100 रु. में निर्गमन करें तो ये सम मूल्य पर निर्गमन है। विस्तृत अध्ययन अगले पृष्ठों में किया गया है।

1.4.2 प्रीमियम पर निर्गमन (Issue at Premium)– जब अंश को अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर जनता को निर्गमित किया जाए तो यह निर्गमन प्रीमियम पर निर्गमन है। जैसे किसी अंश का अंकित मूल्य 100 रु. हो और निर्गमन 110 रु. पर किया जाए तो 10 रु. प्रीमियम है। कानून में प्रीमियम की कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं है। विस्तृत अध्ययन अगले पृष्ठों में किया गया है।

1.4.3 बट्टे पर निर्गमन (Issue at Discount)– जब अंश को अंकित मूल्य से कम मूल्य पर जनता को निर्गमित किया जाए तो यह निर्गमन बट्टे पर निर्गमन कहलाता है। जैसे किसी अंश का अंकित मूल्य 100 रु. है और उसे निर्गमन 90 रु. पर करें तो ये 10 रु. बट्टे पर निर्गमन है। विस्तृत अध्ययन अगले पृष्ठों में किया गया है।

1.5 लेखांकन प्रविष्टियां (Accounting entries)– अंशों के निर्गमन की विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार लेखांकन प्रविष्टियां अग्रलिखित की जाती है–

1.5.1 अंशों का एक मुश्त निर्गमन (Issue of share in one Lump-Sum)– जब अंशों पर सम्पूर्ण राशि एक साथ (आवेदन–पत्र के साथ) मांग ली जाती है तो ऐसे अंश एक मुश्त अंश कहलाते हैं। एक मुश्त निर्गमन पर अग्रलिखित प्रविष्टि की जाती है–

1. अंशों को क्रय के लिए प्रार्थना–पत्र के साथ राशि प्राप्त होने पर– .

Bank A\c Dr. आवेदन–पत्र के साथ प्राप्त वास्तविक राशि
To Share Application and Allotment A\c
(Cash received @ Rs. ---- per share from sundry applicants for the purchases of ---- shares.)

2. अंशों का बंटन करने पर–

Share Application and Allotment A\c Dr. बंटित अंशों पर प्रार्थना–पत्र के साथ मांगी गई एक मुश्त राशि से
To Share Capital A\c
(Allotment of --- shares and the trasfer of Share application and allotment Money received @ Rs.--- per share to share Capital A\c.)

3. अधिक प्राप्त राशि लौटाने पर

Share Application and Allotment A\c Dr. लौटाई गई राशि
To Bank A\c
(Excess applicants money refunded.)

Illustration 1

मुदित लि. की 5,60,000 रु. अधिकृत पूंजी 100 रु. वाले 5,600 समता अंशों में विभाजित है। इन अंशों में से 2,800 अंश जनता को निर्गमित किए। अंकित मूल्य आवेदन–पत्र के साथ देय है। जनता द्वारा सभी अंश क्रय कर लिए और पूर्ण भुगतान भी प्राप्त हो गया। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिए।

Solution **Journal of Mudeet Ltd.**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
प्रार्थना–पत्र के साथ	Bank A\c Dr.		2,80,000	
	To Equity Share Application and Allotment A\c			2,80,000
	(Cash received @ Rs.100 per share on 2,800 shares.)			
अंशों के आबंटन पर	Share Application and Allotment A\c Dr.		2,80,000	
	To Share Capital A\c			2,80,000
	(Allotment of 2,800 shares and application Money transfered to share Capital A\c.)			

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

1.5.2 अंशों का किस्तों में भुगतान (Shares Payable by Instalments)

अंशधारियों की सुविधा के लिए कम्पनियां अंश एक मुश्त जारी न करके किस्तों में जारी करती है। जब राशि किस्तों में मंगाई जाती है तो सभी किस्तों के लिए अलग–अलग खाते खोले जाते हैं। जैसे आवेदन पत्रों के साथ आने वाली राशि के लिए 'अंश आवेदन खाता' (Share Application Account), बंटन की राशि को 'अंश बंटन खाते' (Share Allotment Account), प्रथम मांग की राशि के लिए 'अंश प्रथम मांग खाता' (Share First call Account), द्वितीय मांग की राशि के लिए 'अंश द्वितीय मांग खाता' (Share Second call Account) आदि खाते खोले जाते हैं।

कम्पनी की पुस्तकों में अंशधारियों के व्यक्तिगत खातों में डेबिट–क्रेडिट न किया जाकर उनके प्रतिनिधि खाते जैसे अंश आवेदन खाते, अंश बंटन खाते, अंश मांग खाते आदि को डेबिट–क्रेडिट किया जाता है। अंशों के किस्तों पर निर्गमन से सम्बन्धित प्रविष्टयां–

व्यवहार का वर्णन	जर्नल में प्रविष्टि	धनराशि जिसकी प्रविष्टि की जाएगी	विवरण
आवेदन–पत्रों के साथ राशि प्राप्ति पर	Bank A\c Dr. To Share Application A\c (Cash received for the purchases of ---- shares @ Rs. --- per share.)	आवेदन–पत्रों के साथ वास्तविक प्राप्ति राशि से	रोकड़ पुस्तक में प्रविष्टि करने पर नहीं की जाएगी
अंशों का बंटन पर	Share Application A\c Dr. To Share Capital A\c (Transfer of Share appication money on alloted share Capital A\c)	आबंटित अंशों पर मांगी गई राशि से	
बंटन राशि मांगने पर	Share Allotment A\c Dr. To Share Capital A\c (Amount due on allotment.)	आबंटन पर देय राशि से	
बंटन राशि प्राप्ति पर	Bank A\c Dr. To Share Allotment A\c (Amount of allotment received on----shares.)	वास्तविक प्राप्त आबंटन पर राशि से	रोकड़ पुस्तक में प्रविष्टि करने पर नहीं की जाएगी
प्रथम मांग पर	Share First call A\c Dr. To Share Capital A\c (Amount due on respect of first call on---shares @ Rs.--.)	अंश प्रथम मांग पर मांगी गई कुल राशि से	
प्रथम मांग राशि प्राप्ति पर	Bank A\c Dr. To Share first call A\c (Amount of first call received on----shares.)	वास्तविक प्राप्त प्रथम मांग पर राशि से	रोकड़ पुस्तक में प्रविष्टि करने पर नहीं की जाएगी

टिप्पणी : इसी प्रकार द्वितीय व अन्य मांगों के सम्बन्ध में प्रविष्टियां की जाएगी।

Illustration 2

रजनीश लि. ने 100 रु. वाले 2,50,000 समता अंश 1 अप्रैल, 2008 को निर्गमित किए। अभिदान सूचियां 15 अप्रैल, 2008 को बन्द कर दिया गया। बंटन 1 मई को हुआ और बंटन पर देय राशि 1 जून, 2008 को या इससे पूर्व देय थी। प्रथम और द्वितीय मांग 1 सितम्बर तथा 1 दिसम्बर 2008 को की गयी। राशियां क्रमशः 1 अक्टूबर, 2008 तथा 1 जनवरी, 2009 से पूर्व देय थी। निम्नलिखित राशियां देय थी– आवेदन पर 30 रु., बंटन पर 20 रु. पर, प्रथम मांग पर 25 रु. तथा द्वितीय मांग पर 25 रु.। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Solution **Journal of Rajnish Ltd.**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
2008 April,15	Bank A\c Dr.		75,00,000	
	To Equity Share Application A\c			75,00,000
	(Application deposit received on 2,50,000 equity shares @ Rs. 30 per share.)			
May,1	Equity Share Application A\c Dr.		75,00,000	
	To Equity Share Capital A\c			75,00,000
	(transfer of Share application money to share Capital A\c on allotment of 2,50,000 equity share.)			
May,1	Equity Share Allotment A\c Dr.		50,00,000	
	To Equity Share Capital A\c			50,00,000
	(Amount due on allotment @ Rs. per share.)			
June,1	Bank A\c Dr.		50,00,000	
	To Equity Share Allotment A\c			50,00,000
	(Amount of allotment received.)			
Sept.1	Equity Share First call A\c Dr.		62,50,000	
	To Equity Share Capital A\c			62,50,000
	(Amount due on respect of first call on 2,50,000 shares @ Rs.25.)			
Oct.,1	Bank A\c Dr.		62,50,000	
	To Equity Share first call A\c			62,50,000
	(Amount of first call received on shares.)			
Dec.,1	Equity Share Second call A\c Dr.		62,50,000	
	To Equity Share Capital A\c			62,50,000
	(Amount due on respect of Second call on 2,50,000 shares @ Rs.25.)			
2009 Jan.,15	Bank A\c Dr.		62,50,000	
	To Equity Share Second call A\c			62,50,000
	(Amount of Second call received on shares.)			

1.5.3 बकाया मांग (Calls in Arrear)

कुछ अंशधारी ऐसे भी हो सकते हैं जो मांगों पर देय राशि का भुगतान न करें। ऐसी न चुकायी गयी मांग राशि को 'बकाया मांग' (Calls in arrears) कहते हैं। सामान्यतया बकाया मांग के लिए कोई पृथक प्रविष्टि नहीं की जाती है। यदि बकाया मांग के सम्बन्ध में अलग से प्रविष्टि करते हैं तो 'बकाया मांग खाते' (Calls in arrears Account) को डेबिट कर दिया जाता है तथा Share Allotment Account या Share Call Account या दोनों खातों को क्रेडिट कर दिया जाता है। छात्रों को "Calls in arrears Account" तभी खोलना चाहिए जब प्रश्न में ऐसा करने के लिए कहा गया हो। चिट्ठे में मांगी गई पूंजी (Called up Capital) में बकाया मांग राशि घटाकर दिखाया जाता है।

बकाया मांग पर ब्याज (Interest Calls in Arrears)

यदि कम्पनी सारणी 'अ' लागू करती है, तो कम्पनी बकाया मांग पर 5 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज वसूल कर सकती है। इस सबन्ध में अग्रलिखित प्रविष्टि की जाती है–

Bank A\c Dr

To Interest on Call in arrears A\c

वर्ष के अन्त में इसे लाभ–हानि खाते में स्थानान्तरित करने हेतु अग्रलिखित प्रविष्टि करेंगे–

Interest on Call in arrears A\c Dr

To Profit & Loss A\c

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Illustration 3

बालचंद लि. का पंजीयन 25,00,000 रु. की पूंजी से किया गया। 10 रु. मूल्य वाले 1,00,000 10% अधिमान अंशों और 10 रु. मूल्य वाले 1,50,000, समता अंशों में विभक्त थी। कम्पनी ने जनता को अभिदान के लिए 75,000 10% अधिमान अंशों तथा 1,00,000 समता अंशों को जारी किया जो इस प्रकार देय थे–

	अधिमान अंश	समता अंश
आवेदन पर	5.00 रु.	5.00 रु.
आबंटन पर	2.50 रु.	2.50 रु.
प्रथम और अन्तिम मांग	2.50 रु.	2.50 रु.

अभिदान के लिए निर्गमित सभी अंशों के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त हुए तथा 5,000 रु. अधिमान अंशों तथा 2,500 समता अंशों पर आबंटन तथा प्रथम एवं अन्तिम मांग की राशियों के अतिरिक्त अन्य सभी देय रकमें प्राप्त हो गयी। कम्पनी के जर्नल तथा रोकड़–बही में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए तथा चिट्ठे में पूंजी किस प्रकार दिखाई जाएगी।

Solution: **Journal of Balachand Ltd.**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
Date of Allot-ment	10% Preference Share Application A\c Dr. To 10% Preference Share Capital A\c (Preference Share Application Money transferred to Preference share Capital A\c.)		3,75,000	3,75,000
Date of Allot-ment	Equity Share Application A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Equity Share Application Money transferred to Equity share Capital A\c.)		5,00,000	5,00,000
Date of Allot-ment	10% Preference Share Allotment A\c Dr. To 10% Preference Share Capital A\c (Preference Share allotment due on 75,000 shares @ Rs. 2.5 per Share.)		1,87,500	1,87,500
Date of Allot-ment	Equity Share Allotment A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Equity Share allotment due on 1,00,000 shares @ Rs. 2.5 per Share.)		2,50,000	2,50,000
First call made due	10% Preference Share First & Final Call A\c Dr. To 10% Preference Share Capital A\c (Preference Share First & Final call due on 75,000 shares @ Rs. 2.5 per Share.)		1,87,500	1,87,500
First call made due	Equity Share First & Final Call A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Equity Share First & Final call due on 1,00,000 shares @ Rs. 2.5 per Share.)		2,50,000	2,50,000

Cash Book (with Bank

Date	Particulars	L.F.	Amount	Date	Particulars	L.F.	Amount
	To 10% Preference Share App.		3,75,000		By Balance C\d		17,12,500
	To Equity Share Application		5,00,000				
	To 10% Preference Share Allot.		1,75,000				
	To Equity Share Allotment		2,43,750				
	To 10% Prefer Share Final call		1,75,000				
	To Equity Share Final call		2,43,750				
			17,12,500				**17,12,500**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Working Note : बकाया मांगों की गणना (Calls in Arrear)–

Calls	Amount Due	Amount Received	Arrear
10% Preference Share Application	3,75,000	3,75,000	
Equity Share Application	5,00,000	5,00,000	
10% Preference Share Allotment	1,87,500	1,75,000	12,500
Equity Share Allotment	2,50,000	2,43,750	6,250
0% Prefer Share First & Final call	1,87,500	1,75,000	12,500
Equity Share First & Final call	2,50,000	2,43,750	6,250
Total	**17,50,000**	**17,12,500**	**37,500**

Balance Sheet of Balchand Ltd. as on 31st March, 2009

Liabilities		Amount	Assets	Amount
Share Capital			Cash at Bank	17,12,500
Authorised				
1,00,000 10% Preference Share of Rs.10 each		10,00,000		
1,50,000 Equity Share Capital of Rs.10 each		15,00,000		
		25,00,000		
Issued and Subscribed :				
75,000 10% Preference Share of Rs.10 each fully called up	7,50,000			
Less: calls in Arrear	25,000	7,25,000		
1,00,000 Equity Share Capital of Rs.10 each fully called up	10,00,000			
Less: calls in Arrear	12,500	9,87,500		
		17,12,500		

1.5.4 अग्रिम प्राप्त मांगें (Calls in Advance)–

कभी–कभी अंशधारी भविष्य में की जाने वाली मांग का भुगतान पहले ही कर देते हैं। कम्पनी की पुस्तकों में इस राशि को 'अग्रिम मांग खाते' में जमा किया जाता है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रविष्टि की जाएगी–

Bank A\c Dr
To Call in Advance A\c
(Amount received on --- shares @ Rs. ---per share in anticipation of future calls.)

प्राप्त अग्रिम राशि पूंजी का भाग नहीं होती है। अतः चिट्ठे के दायित्व पक्ष में 'चालू दायित्व' शीर्षक में दिखाया जाता है। कम्पनी द्वारा सारणी 'अ' अपनाने पर इस अग्रिम राशि पर 6 प्रतिशत दर से ब्याज दे सकती है। भविष्य में जब मांग की जाती है तो इस अग्रिम राशि का समायोजन कर लिया जाता है।

अग्रिम मांग राशि पर ब्याज की गणना (Interest on Calls in Advance)– ऐसी राशि प्राप्ति की तिथि से आगामी मांग राशि के देय होने की तिथि तक की जाएगी। ब्याज के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रविष्टि की जाएगी–

(1) ब्याज चुकाने पर

Interest on Calls in Advance A\c Dr
To Bank A\c
(Interest paid on Calls in Advance)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(2) वर्ष के अन्त में हस्तान्तरण करने पर

Profit and Loss A\c Dr

To Interest on Call in Advance A\c

(Interest on Call in advance transfer to P&L A\c)

(3) समायोजन प्रविष्टि

Call in Advance A\c Dr

To Share----Call A\c

(Calls in advance adjusted againt first call.)

Illustration 4

जानवी लि. की अधिकृत पूंजी 20 लाख रु. 100 रु. जो वाले 20,000 समता अंशों में विभक्त थी, ने 15,000 अंश सममूल्य पर निर्गमित किए जो इस प्रकार देय थे– प्रार्थना–पत्र पर 20 रु., बंटन पर 30 रु., प्रथम मांग पर 25 रु. एवं द्वितीय मांग 25 रु.। सभी अंशों को खरीदने के लिए प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुए। 1 जून, 2008 को अंशों का बंटन किया गया। बंटन राशि का भुगतान करने की अन्तिम तिथि 30 जून, 2008 थी। प्रथम एवं द्वितीय मांग क्रमशः 1 अक्टूबर, 2008 एवं 1 फरवरी, 2009 को की गई तथा इनका भुगतान क्रमशः 31 अक्टुबर, 2008 एवं 28 फरवरी, 2009 तक देय थी। निर्धारित तिथियों तक सभी धन राशियां प्राप्त की गई। राकेश, जिसके पास 1,400 अंश हैं, बंटन पर मांगी गई राशि का भुगतान नहीं किया और इस राशि का भुगतान प्रथम मांग राशि के साथ 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान किया। सुरेश, जिसके पास 1,000 अंश हैं, अपने अंशों पर सम्पूर्ण राशि बंटन के साथ ही दे दी। कम्पनी ने इस अग्रिम राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज दिया। उपरोक्त व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियां दीजिए।

Solution:

Journal of Janvi Ltd.

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
Date of Receipt	Bank A\c Dr. To Equity Share Application A\c (Application Money received on 15,000 equity shares @ Rs. 20 per share.)		3,00,000	 3,00,000
June,1	Equity Share Application A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Equity Share Application Money on allotted shares trasfered to Equity Share Capital A\c.)		3,00,000	 3,00,000
June,1	Equity Share Allotment A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Equity Share allotment due on 15,000 shares @ Rs. 30 per Share.)		4,50,000	 4,50,000
June,30	Bank A\c Dr. To Equity Share Allotment A\c To Call in Advance A\c (Cash received for allotment Money and calls in Advance on 1,000 shares @ Rs. 50 per share.)		4,58,000	 4,08,000 50,000
Oct.,1	Equity Share First call A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Equity Share First call due on 15,000 shares @ Rs. 25 per Share.)		3,75,000	 3,75,000
Oct.,1	Call in Advance A\c Dr. To Equity Share First call A\c (Calls in advance money adjusted.)		25,000	 25,000
Oct.,31	Bank A\c Dr. To Equity Share First call A\c		3,50,000	 3,50,000

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Date	Particulars	L.F.	Dr. (Rs.)	Cr. (Rs.)
	(Cash received for first call Money.)			
Oct.,31	Bank A\c Dr. To Equity Share Allotment A\c To Interest on Call in Advance A\c (Allotment money on 1,400 shares and interest @ 5% p.a.received on 42,000 for 4 Months 1July to 31 oct.)		42,700	 42,000 700
Feb.1	Equity Share Final call A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Amount due on respect of final call on 15,000 shares @ Rs.25 per share.)		3,75,000	 3,75,000
Feb.1	Call in Advance A\c Dr. To Equity Share Finalt call A\c (Calls in advance money adjusted.)		25,000	 25,000
Feb.28	Bank A\c Dr. To Equity Share First call A\c (Cash received for final call money.)		3,50,000	 3,50,000
Feb.28	Interest on Call in Advance A\c Dr. To Bank A\c (Interest on call in advance paid.)		1,250	 1,250

Working Note:

अग्रिम मांग पर ब्याज की गणना :–

कुल 50,000 रु. को दो भागों में बांटा गया है प्रथम– आंबटन भुगतान की अंतिम तिथि से प्रथम मांग तक, द्वितीय– प्रथम मांग की तिथि से द्वितीय मांग की तिथि तक

प्रथम (1 जुलाई से 1 अक्टूबर) 3 माह

$$1{,}000 \ X \ 50 \ X \frac{3}{12} X \frac{6}{100} = Rs.\ 750$$

प्रथम मांग से द्वितीय मांग तक (1 अक्टुबर से 1 फरवरी) 4 माह

$$1{,}000 \ X \ 25 \ X \frac{4}{12} X \frac{6}{100} = Rs.\ 500$$

ब्याज को लाभ–हानि खाते में स्थानान्तरित करने के लिए अन्तिम प्रविष्टियां अग्रलिखित करेंगे–

Interest on Call in arrears A\c Dr.
To Profit & Loss A\c
(Interest on call in arrears transfer to P&L A\c.)
Profit & Loss A\c Dr.
To Interest on Call in Advance A\c
(Interest on call in advance transfer to P&L A\c.)

अंशों का प्रीमियम पर निर्गमन (Issue of Shares at Premium)

यदि कोई कम्पनी अपने अंशों का निर्गमन अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर करती है तो ऐसा निर्गमन प्रीमियम पर निर्गमन कहलाता है। अंकित मूल्य एवं निर्गमित मूल्य में जो अन्तर होता है, प्रीमियम कहलाता है।

प्रतिभूति प्रीमियम (Securities Premium) सम्बन्धी लेखा प्रविष्टियां

प्रीमियम जिस किस्त के साथ मांगा जाए, उस किस्त के देय होने के समय प्रीमियम खाते को क्रेडिट किया जाएगा और प्रीमियम किस किस्त के साथ मांगा गया है, का उल्लेख नहीं है तो आबंटन के साथ प्रीमियम की राशि आबंटन के साथ मांगी गई समझी जानी चाहिए।

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्रीमियम राशि का उपयोग

कम्पनी अधिनियम की धारा 78 में अंश प्रीमियम के प्रयोग के विषय में प्रावधान है। अंशों पर जो राशि प्रीमियम के रूप में मांगी जाती है, उसे 'प्रतिभूति प्रीमियम खाते' (Securities Premium Account) में हस्तान्तरित कर दिया जाता है। प्रतिभूति प्रीमियम की रकम का उपयोग निम्नलिखित कार्यों के लिए लिया जा सकता है–

(1) सदस्यों को पूर्णप्रदत्त बोनस अंश जारी करने हेतु,
(2) प्रारम्भिक व्ययों को अपलिखित करने हेतु,
(3) अंशों व ऋणपत्रों के निर्गमन पर व्यय, बट्टे और कमीशन को अपलिखित करने हेतु,
(4) अंशों व ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम का आयोजन बनाने हेतु,
(5) प्रतिभूतियों की वापसी खरीद के समय उपयोग करने हेतु।

उक्त उपयोग के अतिरिक्त कम्पनी किसी अन्य उद्देश्यों के लिए प्रीमियम का उपयोग नहीं कर सकती। यदि अन्य उपयोग किया जाता है तो इसे पूंजी की कमी (Reduction of Capital) माना जाएगा।

प्रतिभूति प्रीमियम को पूंजीगत संचय मानते हुए 'संचय और आधिक्य' (Reserve and Surplus) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है। यदि प्रीमियम की राशि बकाया है तो प्रीमियम की राशि में से घटाकर दिखाते हैं। यदि प्रश्न में प्रीमियम कौनसी मांग के साथ मांगा गया है, का स्पष्ट उल्लेख नहीं हो तो, प्रीमियम को आंबटन के साथ मानना चाहिए।

Illustration 5

रजनीश लि. ने 8,50,000 समता अंश 125 रु. प्रति अंश के हिसाब से निर्गमित किए, जो इस प्रकार देय थे– आवेदन पर 50 रु., आबंटन पर 50 रु. (प्रीमियम सहित) व प्रथम एवं अन्तिम मांग पर 25 रु.।

जनता से 7,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। अंशधारियों से निम्नलिखित के अतिरिक्त सभी राशियां देय तिथि पर प्राप्त हो गयी–

1. दिनेश, जिसके पास 2,500 अंश हैं आबंटन राशि पर देय धनराशि नहीं दी, किन्तु इसका भुगतान प्रथम मांग के साथ कर दिया।
2. भरत, जिसके पास 1,500 अंश है, प्रथम मांग की राशि आबंटन के साथ ही दे दी कम्पनी की जर्नल में आवश्यक लेखा कीजिए।

Solution

Journal of Rajneesh Ltd.

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
Date of Receipt	Bank A\c Dr.		3,75,00,000	
	To Equity Share Application A\c			3,75,00,000
	(Application money received on 7,50,000 equity shares @ Rs. 50 per share.)			
Date of Allot-ment	Equity Share Application A\c Dr.		3,75,00,000	
	To Equity Share Capital A\c			3,75,00,000
	(Equity Share Application money transferred to Equity Share Capital A\c.)			
Date of Allot-ment	Equity Share Allotment A\c Dr.		3,75,00,000	
	To Equity Share Capital A\c			1,87,50,000
	To Securities Premium A\c			1,87,50,000
	(Equity Share allotment due on 7,50,000 shares @ Rs. 50 per Share.)			
Date of Receipt	Bank A\c Dr.		3,74,12,500	
	To Equity Share Allotment A\c			3,73,75,000
	To Call in Advance A\c			37,500
	(Cash received for allotment money and calls in advance on 1,500 shares @ Rs. 25 per share.)			

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Date of Receipt	Equity Share First call A\c Dr. To Equity Share Capital A\c (Equity Share first call due on 7,50,000 shares @ Rs. 25 per Share.)		1,87,50,000	1,87,50,000
Date of Call	Call in Advance A\c Dr. To Equity Share First call A\c (Calls in advance money adjusted.)		37,500	37,500
Date of Re-ceipt	Bank A\c Dr. To Equity Share First call A\c To Equity Share Allotment A\c (Cash received for first call money.)		1,88,37,500	1,87,12,500 1,25,000

अंशों का बट्टे पर निर्गमन (Issue of Share at discount)

यदि कम्पनी अंशों का निर्गमन अंकित मूल्य से कम पर करे तो इसे बट्टे पर निर्गमन कहते हैं। कोई भी कम्पनी कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 79 अन्तर्गत दी गई शर्तों की पूर्ति करने के पश्चात् ही अंशों को बट्टे पर निर्गमित कर सकती है। जो निम्नांकित है–

1. ऐसे निर्गमन के लिए साधारण सभा में प्रस्ताव पास करवाना तथा कम्पनी लॉ बार्ड से स्वीकृति प्राप्त करना।
2. अंश उसी श्रेणी का होना चाहिए जो पहले से निर्गमित किए जा चुके हों।
3. न्यायालय की स्वीकृति प्राप्त हो गई है।
4. बट्टे की अधिकतम दर 10 प्रतिशत है। इससे अधिक के लिए केन्द्रीय सरकार की अनुमति आवश्यक है।
5. व्यापार प्रारम्भ करने का अधिकार मिले हुए कम से कम एक वर्ष हो गया हो।
6. कम्पनी लॉ बोर्ड से स्वीकृति मिलने के दो महिनों के भीतर या बढ़ाई हुई अवधि में निर्गमन करना चाहिए।
7. कम्पनी लॉ बोर्ड द्वारा लगाए गए प्रतिबन्धों एवं शर्तों का भी ध्यान रखना चाहिए।
8. प्रविवरण में बट्टा सम्बंधी तथ्यों की सूचना दी होनी चाहिए।

अंशों के निर्गमन पर दिया गया बट्टा पूंजीगत हानि है। इसे कम्पनी के पूंजीगत लाभों, आयगत लाभों अथवा समामेलन से पूर्व के लाभों में से अपलिखित किया जा सकता है। बट्टे की वह राशि जो अपलिखित नहीं की गई है, चिट्ठे में कृत्रिम सम्पत्ति (Fictitious Assets) के रूप में दिखाते हैं।

बट्टे सम्बन्धी लेखा (Accounting for Discount)–

आबंटन के समय

Share Allotment A\c Dr.
Discount on issue of share A\c Dr.
  To Share Capital A\c

बट्टे को अपलिखित करने की प्रविष्टि

Profit & Loss A\c Dr.
  To Discount on issue of share A\c

Illustration 6

कनक लि. ने 100 रु. वाले 1,00,000 अंशों को 10 प्रतिशत बट्टे पर आवेदन मांगे जो इस प्रकार देय थे– 25 रु. आवेदन पर, 35 रु. आबंटन पर, 30 रु. प्रथम और अन्तिम मांग पर। 90,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और सभी को स्वीकार किया। 100 अंशों पर प्रथम एवं अन्तिम मांग को छोड़कर सभी राशियां प्राप्त हो गई। अंशों के बट्टे पर निर्गमन के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

Solution: **Journal of Kanak Ltd.**

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
Date of Re-ceipt	Bank A\c Dr. To Equity Share Application A\c		22,50,000	22,50,000

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

	(Application money received on 90,000 equity shares @ Rs. 25 per share.)			
Date of Allot-ment	Equity Share Application A\c Dr.		22,50,000	
	To Equity Share Capital A\c			22,50,000
	(Equity Share Application Money transferred to Equity Share Capital A\c.)			
Date of Allot-ment	Equity Share Allotment A\c Dr.		31,50,000	
	Discount on issue of share A\c Dr		9,00,000	
	To Equity Share Capital A\c			40,50,000
	(Equity Share allotment due on 90,000 shares @ Rs. 35 per Share.)			
Date of Receipt	Bank A\c Dr.		31,50,000	
	To Equity Share Allotment A\c			31,50,000
	(Cash received for allotment money.)			
Date of First Call	Equity Share First call A\c Dr.		27,00,000	
	To Equity Share Capital A\c			27,00,000
	(Equity share first call due on 90,000 shares @ Rs. 30 per Share.)			
Date of Receipt	Bank A\c Dr.		26,97,000	
	To Equity Share First call A\c			26,97,000
	(Cash received for first call money.)			

Balance Sheet of Kanak Ltd. as at

Liabilities		Amount	Assets	Amount
Share Capital			Cash at Bank	80,97,000
Authorised			**Miscellenous Expenditure:**	
1,00,000 Equity Share Capital of Rs.100 each		**100,00,000**	Discount on Issue of Share	9,00,000
Issued and Subscribed :				
90,000 Equity Share Capital of Rs.100 each fully called up	90,00,000			
Less: Calls in Arrear	3,000	89,97,000		
		89,97,000		**89,97,000**

1.6 अंशों का अत्यधिक अभिदान (Over Subscription of shares)

यदि निर्गमन की तुलना में आवेदन–पत्र अधिक आते हैं तो इसे अत्यधिक अभिदान या अधि–अभिदान (Over Subscription of shares) कहते हैं। चूंकि कम्पनी निर्गमित अंशों से अधिक अंश आंबटित नहीं कर सकती अतः प्रार्थियों का यथा अनुपात (Pro-rata) के आधार पर अंश आबंटित किए जा सकते हैं अथवा कुछ आवेदकों को धनराशि वापिस की जा सकती है और शेष को आनुपातिक आधार पर आबंटित कर सकते हैं।

अधि–अभिदान पर आबंटन का आधार–सेबी के दिशा–निर्देश

(Basis of Allotment on over Subscription : SEBI Guidelined)

अंशों का आबंटन विपणन योग्य खण्डों (Marketable Lot) में आनुपातिक आधार पर नीचे दिए अनुसार होगा–

1. आवेदकों से प्राप्त आवेदन–पत्रों को आवेदित अंशों की संख्या के आधार पर वगीकृत किया जाए।
2. आनुपातिक आधार पर ज्ञात किया जाए कि प्रत्येक अंश आवेदक वर्ग को कितने अंशों का आबंटन किया जाए। अर्थात् उस श्रेणी में आवेदित कुल अंशों की संख्या (उस श्रेणी के आवेदकों की संख्या x आवेदित अंशों की संख्या) को विपरीत अधि–अभिदान अनुपात से गुणा करके आबंटित अंशों की संख्या ज्ञात की जाएगी। उदाहरणार्थ

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

100 अंशों की श्रेणी के आवेदनकर्त्ता 20,000
कुल अंशों के आवेदन 20,00,000
अधि अभिदान अनुपात 4
आबंटन = 20,00,000 x 1\4 आबंटन = 5,00,000

3. सफल आवेदकों को आबंटित अंशों की संख्या आनुपातिक आधार पर ज्ञात की जाएगी (जो बाजार अंश आकार (Lot) से सम्बन्धित वर्ग का होना चाहिए) यदि आवेदकों में जहां आनुपातिक आबंटन प्रति आवेदन 100 से कम अंशों में आता है, तब आबंटन इस प्रकार किया जाएगा–
   प्रत्येक सफल आवेदक को न्यूनतम 100 अंश बंटित कर दिए जाए, एवं उस श्रेणी के शेष आवेदकों को लॉटरी द्वारा अंश बंटित कर दिए जाए।
4. यदि निकटतम बाजार आकार में अंश आबंटित करने पर अंशों की संख्या कम्पनी द्वारा प्रस्तावित अंशों की संख्या से अधिक हो जाए तो प्रस्तावित अंशों की संख्या से 10 प्रतिशत तक अधिक अंश आबंटित किए जा सकते हैं।
5. निकटतम बाजार लॉट (Market Lot) में अंश आबंटित करने पर यदि आबंटित प्रस्तावित अंशों की संख्या से कम अंश आवेदन वर्ग के अंशधारियों को आबंटित किया जाए।

Illustration 7

नम्रता लि. ने 10 रु. वाले 75,000 समता अंश निर्गमित किए, जो इस प्रकार देय थे– 5 रु. आवेदन–पत्र पर, 3 रु. आबंटन पर और 2 रु. मांग पर। अधि–अभिदान के कारण आबंटन अग्रलिखित प्रकार से किया गया।

आवेदन करने वाले अंशों का समूह	आवेदन पत्रों की सं.	आबंटन
(1) 2000 से अधिक	9,000	9,000
(2) 1000 से अधिक–2000 तक	54,000	24,000
(3) 500 से अधिक–1000 तक	45,000	24,000
(4) 500 या इससे कम	27,000	18,000
	1,35,000	75,000

आवेदन राशि की पूर्ति करने के पश्चात् प्राप्त रोकड़ को आबंटन तथा मांग की देय राशि के भुगतान करने के लिए रोका गया इससे अधिक आवेदन राशि वापिस कर दी गई। जैसे ही आबंटन किया गया, पोनी ने जिसको (समूह 'अ' में 90,000 अंश आबंटित किए गए थे, आबंटन राशि के साथ ही शेष पूर्ण राशि का भुगतान कर दिया। सभी अन्य अंशधारियों ने समय–समय पर आवश्यक राशियों का भुगतान कर दिया। कम्पनी की पुस्तकों में इन लेन–देनों की जर्नल प्रविष्टियां दीजिए। (J.N.V. U., 2004)

Solution

Journal of Namrata Ltd.

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
Date of Receipt	Bank A\c Dr.		6,75,000	
	To Equity Share Application A\c			6,75,000
	(Application money received on 1,35,000 equity shares @ Rs. 5 per share.)			
Date of Allot-ment	Equity Share Application A\c Dr.		3,75,000	
	To Equity Share Capital A\c			3,75,000
	(Equity Share Application money transferred to Equity Share Capital A\c.)			
Date of Allot-ment	Equity Share Allotment A\c Dr.		2,25,000	
	To Equity Share Capital A\c			2,25,000
	(Equity Share allotment due on 75,000 shares @ Rs. 3 per Share.)			
Date of Allot-ment	Equity Share Application A\c Dr.		3,00,000	
	To Equity Share Allotment A\c			1,89,000
	To Bank A\c			81,000
	To Call in Advance A\c			30,000

Count.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Date	Particulars			L.F.	Dr. Rs.	Cr. Rs.
	(Excess application money adjusted and refunded.)					
Date of Receipt	Bank	A\c	Dr.		54,000	
	To Equity Share Allotment	A\c				36,000
	To Call in Advance	A\c				18,000
	(Allotment money and calls in advance received.)					
Date of Call	Equity Share First and Final Call	A\c	Dr.		1,50,000	
	To Equity Share Capital	A\c				1,50,000
	(Equity Share first due on 75,000 shares @ Rs. 2 per Share.)					
Date of Call	Call in Advance A\c		Dr		99,000	
	To Equity Share First and Final Call	A\c				99,000
	(Advance call money adjusted.)					
Date of Receipt	Bank	A\c	Dr.		51,000	
	To Equity Share First and Final Call	A\c				51,000
	(Balance amount of final call money received.)					

Analytical Table

Category	No. of Shares Applied for	No. of Shares allotted	Amount due on Shares Allotted: On Application @ Rs. 5	On Allotment @ Rs. 3	On First Call @ Rs. 2	Total @ Rs. 10	Application Money actually received	Excess application money refunded	Excess money retained for: Allotment	First Call
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
(A)	9,000	9,000	45,000	27,000	18,000	90,000	45,000	Nil	Nil	Nil
(B)	54,000	24,000	1,20,000	72,000	48,000	2,40,000	2,70,000	30,000	72,000	48,000
(C)	45,000	24,000	1,20,000	72,000	48,000	2,40,000	2,25,000	Nil	72,000	33,000
(D)	27,000	18,000	90,000	54,000	36,000	1,80,000	1,80,000	Nil	45,000	Nil
Total	1,35,000	75,000	3,75,000	2,25,000	1,50,000	7,50,000	6,75,000	30,000	1,89,000	81,000

Allotment money actually received on due date			First call money actually received on due date		
Categert A	Rs.	27,000	Categert A	Rs.	Nil
Categert B	Rs.	Nil	Categert B	Rs.	Nil
Categert C	Rs.	Nil	Categert C	Rs.	15,000
Categert D	Rs.	9,000	Categert D	Rs.	36,000
	Rs.	36,000		Rs.	51,000

अंशों का न्यून अभिदान (Under Subscription of Shares)

जब निर्गमित अंशों से कम के लिए प्रार्थना–पत्र प्राप्त होते हैं, तो इस स्थिति को न्यून अभिदान कहते हैं। न्यूनतम अभिदान होने पर इससे सम्बन्धी प्रावधानों को ध्यान में रखकर अंश बंटित कर दिए जाते हैं।

1.7 अंशों का रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के लिए निर्गमन

(Shares Issue for a Consideration other then Cash)

जब सम्पत्तियों क्रय करने, प्रवर्तकों को परिश्रमिक के बदले अंशों को निर्गमित किया जाए तो ये अंशों को रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के निर्गमन है। प्रविष्टियां इस प्रकार होगी–

सम्पत्ति क्रय करते समय

Assets A\c Dr. (वास्तविक क्रय मूल्य से)

To Vendor's A\c

(For assets Purchased)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

भुगतान करते समय

Vendor's A\c Dr. (सम्पत्ति के क्रय मूल्य से)
To Share Capital A\c (अंशों के अंकित मूल्य से)
To Securities Premium A\c (प्रीमियम की राशि से)
(Shares issued at par or at a Premium of Rs. --- to vendor's.)

विक्रेता को बट्टे पर अंशों का निर्गमन

Vendor's A\c Dr.
Discount on issue of share A\c Dr.
To Share Capital A\c

कम्पनी अधिनियम में 'लाभांश' शब्द की कोई परिभाषा नहीं दी गई है। सामान्यतः कम्पनी के अंशधारी को उसके द्वारा धारित अंशों पर जो लाभ दिया जाता है वह लाभांश है। कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 (i) के अन्तर्गत एक कम्पनी निम्नलिखित साधनों से लाभांश की घोषणा कर सकती है–

(i) चालू वर्ष के लाभों से,
(ii) गत वर्षों के लाभों से,
(iii) चालू व गत वर्षों के लाभों के योग से,
(iv) सरकार द्वारा दी गई गारण्टी के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान राशि से।

यदि लाभांश संचयों में से दिया जा रहा है तो निम्नलिखित प्रतिबन्ध है–

(i) लाभांश की दर 10% या गत पांच वर्षों की औसत लाभांश दर दोनों में जो कम हो।
(ii) संचय के लिए राशि हस्तान्तरण करने के बाद बचा संचय राशि चुकता पूंजी के 15% से कम नहीं होना चाहिए।
(iii) गत वर्षों के आयगत लाभ में से अधिकतम 10% (चुकता पूंजी + संचय) राशि ही उपयोग में ली जा सकती है। यदि चालू वर्ष में हानि हो तो समायोजित किया जाएगा।

5.1.2 चालू मूल्य–ह्रास (Current Depreciation)

लाभांश वितरण करने से पूर्व कम्पनी अधिनियम की धारा 205 (2) के अनुसार ह्रास अपलिखित करना अनिवार्य है। निम्नलिखित तीन विधियों से मूल्य–ह्रास लगाया जा सकता हैं–

(अ) कम्पनी अधिनियम की धारा 350 द्वारा निर्धारित विधि के अनुसार मूल्य–ह्रास अपलिखित कर दिया जावे। इस धारा में यह निर्दिष्ट है कि,

1. मूल्य–ह्रास क्रमागत ह्रास विधि से अपलिखित किया जावेगा,
2. भारतीय कम्पनी अधिनियम में दी गई मूल्य–ह्रास की दर को अपनाया जायेगाा, तथा
3. यदि सम्पत्ति बेची जाती है या नष्ट हो जाती है या उसे उपयोग से हटा दिया जाता है तो इस हानि को उसी वित्तीय वर्ष के लाभों से अपलिखित किया जायेगा।

(ब) किसी ह्रास योग्य सम्पत्ति के सम्बन्ध में प्रति वर्ष इतनी राशि मूल्य–ह्रास के रूप में अपलिखित की जानी चाहिए जो सम्पत्ति के जीवनकाल में 95% मूल्य अपलिखित हो जाए। (स्थाई किस्त विधि)

(स) केन्द्रीय सरकार की अनुमति से अन्य कोई भी विधि जिससे सम्पत्ति के मूल लागत का 95% मूल्य सम्पत्ति के जीवनकाल में अपलिखित हो जाए।

5.1.3 संचयों में हस्तान्तरण (Transfer to Reserves)

कम्पनी अधिनियम की धारा 205 (2a) के अनुसार संचयों में न्यूनतम हस्तान्तरण के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार ने निम्नलिखित नियम बनाए हैं–

साधारण अंशों पर प्रस्तावित लाभांश दर	चालू वर्ष के लाभों का संचय में हस्तान्तरण
10% से अधिक व 12.5% तक	2.5%
12.5% से अधिक व 15% तक	5%
15% से अधिक व 20% तक	7%
20% से अधिक	10%

यदि लाभांश की दर 10% से कम या लाभांश शून्य है तो संचय में हस्तान्तरित करने की आवश्यकता नहीं है। ऊपर वर्णित संचयों में हस्तान्तरण राशि न्यूनतम है। निम्नलिखित नियमों की पालना करके अधिक राशि भी हस्तान्तरित कर सकती है–

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(a) कम्पनी के पास गत तीन वर्षों के लाभांश के औसत के बराबर लाभांश चुकाने के लिए लाभ उपलब्ध हो। परन्तु यदि गत दो वर्षों के कर के पश्चात् लाभों के औसत से चालू वर्ष के कर के पश्चात् लाभ 20% या इससे अधिक से कम है तो ऐसे न्यूनतम लाभांश को बांटा जाना आवश्यक नहीं है तथा कम्पनी स्वेच्छा से अधिक दर से संचय में हस्तान्तरण कर सकती है।

(b) यदि कम्पनी लाभांश नहीं देना चाहती है तो संचय में स्थानान्तरित करना आवश्यक नहीं है किन्तु फिर भी यदि कम्पनी संचय निर्माण करना चाहती है तो यह राशि तीन वर्षों के लाभांश के औसत दर से ज्यादा नहीं होगी।

5.1.4 मूल्य–ह्रास की बकाया (Arrears of Depreciation)

कम्पनी अधिनियम की धारा 205 (1)(a) के अनुसार मूल्य–ह्रास की बकाया राशि को अपलिखित करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित दो नियम बताती हैं–

(अ) 28 दिसम्बर, 1960 से पूर्व तक समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लाभ को बिना मूल्य–ह्रास अपलिखित किए लाभांश घोषित में उपयोग लिया जा सकता है।

(ब) 27 दिसम्बर, 1960 के पश्चात् समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के सम्बन्धित मूल्य–ह्रास को अपलिखित नहीं किए जा सका है ऐसे मूल्य–ह्रास को लाभांश घोषित करने से पूर्व में अपलिखित करना अनिवार्य है।

5.1.5 पिछली हानियां (Past Losses)

कम्पनी अधिनियम की धारा 205 (1)(b) के अनुसार यदि कम्पनी को 27 दिसम्बर, 1960 के पश्चात् सम्बन्धित वर्ष का ह्रास चार्ज करने के पश्चात् हानि हुई हो तो उसे हानि की रकम या उस वर्ष में अपलिखित की गई मूल्य–ह्रास की रकम, जो भी कम हो, को निम्नलिखित में से घटाया जाना चाहिए–

(अ) उस वर्ष के लाभ में से जिसके लिए लाभांश घोषित करने का प्रस्ताव होता है।

(ब) कम्पनी के पिछले वित्तीय वर्षों के लाभ में से।

(स) उपरोक्त (अ) और (ब) के योग में से।

5.2 पूंजीगत लाभ (Capital Profit)

पूंजीगत लाभ वे लाभ होते हैं जो कि व्यापार के सामान्य व्यवहारों से उत्पन्न न होकर अन्य साधनों से उपलब्ध होते हैं। कम्पनी अधिनियम की धारा 205 के अनुसार कोई भी कम्पनी लाभांश की घोषणा केवल आयगत लाभों से ही कर सकती है, पूंजीगत लाभों से नहीं। पूंजीगत मदों में निम्नलिखित मदें शामिल है–

(1) अंशों के निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम
(2) ऋणपत्रों के निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम
(3) अंश हरण खाते की बची राशि
(4) कम्पनी के समामेलन से पूर्व कमाया गया लाभ
(5) कम्पनी के ऋण–पत्रों के शोधन पर प्राप्त बट्टा
(6) स्थायी सम्पत्ति के बेचने से प्राप्त लाभ।

5.3 पूंजीगत हानि (Capital Loss)

कभी–कभी स्थाई सम्पत्तियों के मूल्यों में कमी के कारण पूंजीगत हानि हो जाती है। कम्पनी अधिनियम के अनुसार यह आवश्यक नहीं है कि लाभांश वितरण के पूर्व इस प्रकार की पूंजीगत हानि को अपलिखित किया जाए।

5.4 विभाजन योग्य लाभ तथा शुद्ध लाभ में अन्तर

(1) शुद्ध लाभ का सम्बन्ध किसी विशेष वर्ष से होता है जबकि विभाजन योग्य लाभों का सम्बन्ध किसी विशेष वर्ष से नहीं होता है।

(2) विभाजन योग्य लाभों से तात्पर्य उन लाभों से है जो कम्पनी अधिनियम की धारा 205 के प्रावधानों का पालन करते हुए लाभांश के लिए उपलब्ध हो। जबकि शुद्ध लाभ की सम्पूर्ण राशि लाभांश के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(3) विभाजन योग्य लाभों में चालू वर्ष के लाभ, पिछले वर्षों बचाए गए लाभ या सरकार द्वारा लाभांश के लिए दी गई गारण्टी के अन्तर्गत प्राप्त रकम भी शामिल होती है। जबकि शुद्ध लाभ में चालू वर्ष के लाभ ही शामिल होते हैं।

(4) शुद्ध लाभ ज्ञात करने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि स्थाई सम्पत्तियों पर मूल्य–ह्रास अपलिखित किया जाए जबकि विभाजन योग्य लाभों की गणना करने के लिए न्यूनतम मूल्य–ह्रास अपलिखित किया जाना आवश्यक है।

(5) विभाजन योग्य लाभ की गणना करने के लिए पिछले वर्ष की बकाया हानि एवं मूल्य–ह्रास की बकाया राशि अपलिखित की जाए जबकि शुद्ध लाभ ज्ञात करने में अपलिखित किया जाना आवश्यक नहीं है।

5.5 लाभों का नियोजन (Appropriation of Profits)

सामान्यतया कम्पनी के लाभों का नियोजन अग्रलिखित कार्यों के लिए किया जाता है–

(i) संचयों में स्थानान्तरण (Transfer to Reserve) हेतु,

(ii) लाभांश का भुगतान (Payment of Dividend) हेतु,

(iii) अंशधारियों को बोनस का वितरण (Distribution of Bonus to Shareholders) हेतु।

5.5.1 संचयों का निर्माण (Creation of Reserves)

संचय की परिभाषा कम्पनी अधिनियम के अनुसार "संचय में ऐसी राशि को सम्मिलित नहीं किया जाएगा जो सम्पत्तियों के मूल्य में कमी आने के कारण या उनके नवीनीकरण के लिए या उन पर मूल्य–ह्रास का आयोजन करने के लिए रोक ली गयी हो अथवा अपलिखित कर दी गयी हो या किसी ज्ञात दायित्व के आयोजन के लिए रोक ली गयी हो।" कम्पनी अधिनियम में संचय को दो भागों में विभक्त किया गया है–

(i) पूंजीगत संचय (Capital Reserve) तथा (ii) आयगत संचय (Revenue Reserve)।

पूंजीगत संचय (Capital Reserve)– "पूंजीगत संचय में ऐसी राशि को सम्मिलित नहीं किया जाएगा जिनका लाभ–हानि खाते के द्वारा मुक्त रूप से वितरण किया जा सके।"

आयगत संचय (Revenue Reserve)– "जो पूंजीगत संचय नहीं हो वह आयगत संचय है।" अर्थात् जो संचय लाभांश वितरण के लिए उपलब्ध हो।

5.5.2 ऋणपत्र शोधन संचय में हस्तान्तरण

कम्पनी अधिनियम की धारा 117 (C) के अनुसार यदि कम्पनी के ऋणपत्र का शोधन संचय बकाया है तो पहले उचित राशि ऋणपत्र शोधन संचय में स्थानान्तरित करने के पश्चात् ही लाभांश घोषित किया जा सकता है।

5.5.3 संचयों में स्थानान्तरण सम्बन्धी लेखा

Profit and Loss Appropriation A\c Dr.
    To ----(Particular) Reserve A\c
(Amount transferred.)

ये संचय की राशि चिट्ठे के दायित्व पक्ष में "Reserve & Surplus" शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है।

5.6 लाभांश की घोषणा एवं भुगतान करने सम्बन्धी प्रक्रिया (Procedure for Declaration & Payment of Dividends)

कम्पनी के अंतिम खाते बनाने समय संचालकों की सभा में लाभांश भुगतान का प्रस्ताव रखा जाता है। इसके बाद में खातों का अंकेक्षण किया जाता है। इसके पश्चात् साधारण सभा में अंशधारी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार कर देते है। साधारण सभा के 30 दिनों के भीतर अंशधारियों को लाभांश का भुगतान हो जाना चाहिए।

5.6.1 लाभांश की घोषणा एवं भुगतान का लेखा व्यवहार (Amount of Declaration & Payment of Dividends)

1. संचालकों द्वारा सभा में लाभांश की सिफारिश करने पर

Profit and Loss Appropriation A\c Dr.
    To Proposed Preference Share Dividend A\c
    To Tax on Proposed Preference Share Dividend A\c

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

To Proposed Equity Share Dividend A\c
To Tax on Proposed Equity Share Dividend A\c
(Bening Dividend Proposed.)

प्रस्तावित लाभांश की राशि को चिट्ठे के दायित्व पक्ष में "चालू दायित्व एवं आयोजन" (Current Liabilities and Provision) शीर्षक के अन्तर्गत 'ब' भाग में दिखाया जाएगा।

2. वार्षिक साधारण सभा में सिफारिश की पुष्टि होने पर

Proposed Preference Share Dividend A\c	Dr
Tax on Proposed Preference Share Dividend A\c	Dr
Proposed Equity Share Dividend A\c	Dr
Tax on Proposed Equity Share Dividend A\c	Dr
To Preference Share Dividend A\c	
To Tax on Preference Share Dividend A\c	
To Equity Share Dividend A\c	
To Tax on Equity Share Dividend A\c	

(Bening Dividend accepted by the Shareholders.)

3. संचालक द्वारा लाभांश भुगतान के लिए बैंक खाता खोलने पर

Dividend Bank A\c	Dr
To Bank A\c	

(Being Separate bank a\c opend for payment of dividend.)

4. लाभांश चैक भेजने पर

Preference Share Dividend A\c	Dr
Equity Share Dividend A\c	Dr
To Dividend Bank A\c	

(Being dividend paid.)

5. कर का भुगतान करने पर

Tax on Preference Share Dividend A\c	Dr
Tax on Equity Share Dividend A\c	Dr
To Bank A\c	

(Being Tax paid.)

6. यदि किसी अंशधारी द्वारा लाभांश का भुगतान नहीं लिया जाए तो उक्त बैंक खाते में इस लाभांश की रकम के बराबर राशि बची रहेगी। इस सम्बन्ध में अग्रलिखित प्रविष्ट की जाएगी–

Dividend Bank A\c	Dr
To Unclaimed Dividend A\c	

(Dividend not Claimed transferred to Unclaimed Dividend A\c.)

7. उक्त रकम से नया बैंक खाता खोलने पर

Unpaid Dividend Bank A\c	Dr
To Dividend Bank A\c	

(Being opening of new bank a\c.)

कम्पनी चिट्ठे में 'न मांगे गए लाभांश खाते' (Unclaimed Dividend A\c) के शेष को दायित्व पक्ष (चालू दायित्व) व (Unpaid Dividend Bank A\c) को सम्पत्ति पक्ष के 'चालू सम्पत्तियों, ऋण एवं अग्रिम' शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाएगा।

8. अंशधारी द्वारा मांग पर नया लाभांश अधिपत्र निर्गमित करने पर

Unclaimed Dividend A\c	Dr
To Unpaid Dividend Bank	A\c

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(Being Unclaimed Dividend paid.)

9. कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 (A) के अनुसार यदि कोई अंशधारी लाभांश घोषणा के 7 वर्षों तक लाभांश नहीं लेता है तो इस राशि को केन्द्रीय सरकार के 'विनियोजक शिक्षा एवं संरक्षण कोष' में जमा कराना होगा। तब अग्रलिखित प्रविष्ट की जाएगी–

Unclaimed Dividend A\c Dr

To Unpaid Dividend Bank A\c

(Being Dividend not Claimed transfered to Investor Education & Protection fund A\c which is established account of Centtal Government.)

लाभांश के सामान्य नियम (Genreal Rules of Dividnd)

कम्पनी अधिनियम के अनुसार लाभांश की घोषणा एवं भुगतान सम्बन्धी नियम अग्र प्रकार है–

(1) लाभांश दर हमेशा वार्षिक होगी। जो अंश कम्पनी ने वित्तीय वर्ष के पूर्व में निर्गमित किए हो तो सम्पूर्ण वर्ष के लाभांश देय होगा चाहे विनियोगकर्त्ता ने इसे कभी भी खरीदा हो।

(2) लाभांश नकद में ही दिया जाएगा।

(3) लाभांश हमेशा चुकता पूंजी पर देय होगा।

(4) लाभांश केवल आयगत लाभों में से देय होगा।

(5) लाभांश दो प्रकार के हो सकते हैं– (1) अन्तिम लाभांश (Final Dividend) व (2) अन्तरिम लाभांश (Interim Dividend)।

जो लाभांश अन्तिम खाते बनाने के बाद दिया जाए अन्तिम लाभांश कहलाता है तथा जो लाभांश वर्ष के मध्य में दिया जाए अन्तरिम लाभांश कहलाता है।

(6) लाभांश कर 16.995% [(15% + 10% अधिभार + दोनों के योग पर 3% शिक्षा प्रभार)]

अन्तिम लाभांश का प्रस्ताव रखने पर निम्नलिखित प्रविष्टि होगी–

Profit & Loss Appropriation A\c Dr.

To Proposed --- Dividend

To Proposed Tax on Dividend

अन्तरिम लाभांश की घोषणा करने की कोई प्रविष्टि नहीं होगी, क्योंकि घोषणा से कोई दायित्व उत्पन्न नहीं होता है। भुगतान करने पर निम्नलिखित प्रविष्टि की जायेगी–

Interim Dividend A\c Dr.

Tax on Dividend A\c Dr.

To Bank A\c

(Being interim dividend paid)

वर्ष के अन्त में समायोजन प्रविष्टि की जायेगी–

Profit & Loss Appropriation A\c Dr.

To Interim Dividend A\c

To Tax on Dividend A\c

(Balance transferred)

Illustration 1

राजा लि. पिछले वर्षों के मुक्त संचयों में से वर्ष 2009 के लिए लाभांश देना चाहती हैं। निम्नलिखित सूचनाओं की सहायता से लाभांश की अधिकतम घोषित की जा सकने वाली राशि ज्ञात कीजिए–

चुकता पूंजी	1,00,00,000 रु.
मुक्त संचय	45,00,000 रु.
चालू वर्ष की व्यापारिक हानि	6,00,000 रु.
गत पांच वर्षों की लाभांश दर	10%, 12%, 12%, 10%, 8%

यदि मुक्त संचय की राशि 25 लाख रु. होती तो लाभांश की राशि क्या होती?

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Solution

The following Condition must be satisfied for the purpose of declaration of dividend out of past year's profits.

(a) Rate of dividend will be:

Avarage rate of dividend of past 5 year's (10+12+12+10+8) / 5 = 10.4%

(i.e. 10.4%) or 10% whichever is less 10%

(b) Maximum withdrawn from reserves

10% of (Paid up Capital + Free Reserves) = 14,50,000
(1,00,00,000 + 45,00,000)

Less : Current year's Loss = 6,00,000

Amount available for dividend 8,50,000

Rate of dividend on Equity Share Capital $= \frac{8,50,000}{1,00,00,000} \times 100 = 8.5\%$

(c) Residual Reserve Test

After drawn from reserve, the balance of reserve will be Rs. 30,50,000 (45,00,000 - 14,50,000) Such residual reserve is more than by 15% of paid up Capital (15,00,000 = 15% of 1,00,00,000). Hence Condition satisfied.

Here Company can provide 10% dividend only.

If the amount of free reserve is Rs. 25,00,000. then

(a) Maximum Rate of dividend (Same as above) 10%

(b) Maximum withdrawn from reserves

10% of (Paid up Capital + Free Reserves) = 12,50,000
(1,00,00,000 + 25,00,000)

Less : Current year's Loss = 6,00,000

Amount available for dividend 6,50,000

Rate of dividend on Equity Share Capital 6.5%

(d) Residual Reserve Test

After drawn from reserve, the balance of reserve will be Rs. 12,50,000 (25,00,000 - 12,50,000). Such residual reserve is Less than by 15% of paid up Capital (15,00,000 = 15% of 1,00,00,000).

अतः जब संचय 25,00,000 रु. हो तो लाभांश नहीं दिया जा सकता। इस नियम के आधार पर आवश्यक राशि रखकर शेष राशि का उपयोग लाभांश हेतु किया जा सकता है। यहां पर 15,00,000 रु. शेष रखकर बाकी बचे 10,00,000 रु. का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें 6,00,000 रु. चालू वर्ष की हानि घटाकर बाकी 4,00,000 रु. ही लाभांश के लिए उपयोग में ले सकते हैं। अतः अंशों पर लाभांश की अधिकतम दर 4% होगी।

लाभांश वितरण के पूर्व लाभों में से घटाई जाने वाली मदें

लाभांश घोषणा के पूर्व निम्नलिखित मदों की राशि घटाई जानी आवश्यक है–

(1) चालू वर्ष के मूल्य–ह्रास की सम्पूर्ण राशि

(2) पिछले वर्ष की बकाया या अशोधित मूल्य–ह्रास

(3) पिछले वर्षों की हानियां जो अभी तक अपलिखित नहीं की गई हो।

पूंजी में से ब्याज– जैसा कि पूर्व में बताया जा चुका है कि कोई भी कम्पनी लाभांश की घोषणा आयगत लाभों से ही कर सकती है, पूंजीगत लाभों से नहीं। परन्तु ऐसी नव स्थापित कम्पनी जिसको प्लाण्ट, मशीनरी व भवन निर्माण में अधिक समय लगेगा। अपने अंशधारियों को लाभांश के स्थान पर ब्याज का भुगतान कर सकती है। इस प्रकार ब्याज भुगतान के लिए कम्पनी अधिनियम धारा 208 के नियम अग्रलिखित है–

(i) केन्द्रीय सरकार की अनुमति आवश्यक है।

(ii) केन्द्रीय सरकार ने जितनी अवधि के लिए ब्याज की अनुमति दी है उतनी ही अवधि के दिया जाएगा। किन्तु ये अवधि किसी भी दशा में जिस अर्द्धवर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ हुआ है के अगले 6 महिने से ज्यादा नहीं होगी। जैसे यदि वाणिज्यिक उत्पादन 1 जुलाई, 2009 को (अर्द्ध वर्ष समाप्ति 30 सितम्बर, 2009) को हुआ तो ब्याज अधिकतम 31 मार्च,

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

2010 तक देय होगा।

(iii) ब्याज की दर केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित होगी अन्यथा अधिकतम 4% होगी।

(iv) पार्षद अन्तर्नियमों या विशेष प्रस्ताव पारित करके इस सम्बन्ध में व्यवस्था की जानी चाहिए।

Illustration 2

जानवी लि. की निर्गमित अंश पूंजी 100 रु. वाले पूर्ण प्रदत्त समता अंशों में विभाजित 2,00,000 रु. की थी तथा वह अपने वार्षिक खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को तैयार करती है। 31 मार्च, 2007 को अन्य के अतिरिक्त कम्पनी की पुस्तकों में निम्नलिखित शेष थे–

	Rs.
Unclaimed Dividend A\c	558
Unpaid Dividend Bank	558

31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए कम्पनी ने 1,95,500 रु. का शुद्ध लाभ कमाया जिसमें गत वर्ष से लाए गए शेष के 15,500 रु. जोड़े गए। कर के लिए 70,500 रु. का आयोजन किया गया तथा शेष राशि में से संचालकों ने अग्र प्रकार नियोजन किया–

	Rs.
General Reserve A\c	40,000
Contingency Reserve A\c	35,000
Dividend Reserve A\c	40,000

लाभांश संचय में से संचालकों ने समता अंशों पर 31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 16% का लाभांश घोषित करने की सिफारिश की। 10 जुलाई, 2007 को अंशधारियों ने सिफारिश की पुष्टि की तथा लाभांश अधिपत्र अगले दिन प्रेषित कर दिए गए। लाभांश के भुगतान के लिए 11 जुलाई, 2007 को एक अलग बैंक खाता खोला गया। 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्नलिखित भुगतान किए गए–

July, 2007 Rs. 29,000 (all for current year's dividends)

August, 2007 Rs. 1,200 (Including Rs. 140 on account of past year's dividends)

September, 2007 Rs. 480 (Including Rs. 30 on account of past year's dividends)

10 अगस्त, 2007 को लाभांश बैंक खाते का शेष न भुगतान किए गए लाभांश बैंक खातें में स्थानान्तरित कर दिया गया। इन सौदों को दर्ज करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए तथा उनकी खाता बही में खतौनी कीजिए।

Solution

Journal of Janavi Ltd.

Date	Particulars			L.F.	Dr.	Cr.
2007, Mar. 31	Profit and Loss	A\c	Dr.		1,95,500	
	To Provision for Taxation	A\c				70,500
	To Profit and Loss Appropriation A\c					1,25,000
	(Provision for taxation made and balance of net profit transferred to P&L Appropriation A\c.)					
March, 31	Profit and Loss Appropriation	A\c	Dr.		1,21,798	
	To General Reserve	A\c				40,000
	To Contingency Reserve	A\c				35,000
	To Dividend Reserve	A\c				40,000
	To Provision for Div. tax	A\c				6,798
	(Appropriation made for transfer to reserves.)					
March, 31	Dividend Reserve	A\c	Dr.		32,000	
	To Proposed Equity Share Div. A\c					32,000
	(Proposal for declaration of equity share dividend made.)					
July, 10	Proposed Equity Share Div.	A\c	Dr.		32,000	
	To Equity Share Dividend	A\c				32,000
	(Proposal for declaration of equity share dividend approved.)					

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

July, 10	Provision for Div. Tax	A\c	Dr.	6,798	
	To Dividend Tax	A\c			5,438
	To P&L Appropriation	A\c			1,360
	(Provision of tax adjusted and excess money credited to P&L appropriation A\c.)				
July, 11	Dividend Bank	A\c	Dr.	32,000	
	To Bank	A\c			32,000
	(Separate Dividend Bank A\c opened.)				
July, 11	Dividend Tax	A\c	Dr.	5,438	
	To Bank	A\c			5,438
	(Tax deposited.)				
July, 11	Equity Share Dividend	A\c	Dr.	32,000	
	To Dividend Bank	A\c			32,000
	(Cheque issued for payments of equity share dividend.)				
Aug., 31	Unclaimed Dividend	A\c	Dr.	140	
	To Unpaid Dividend Bank	A\c			140
	(Being Unclaimed Dividend paid.)				
Sept., 30	Unclaimed Dividend	A\c	Dr.	30	
	To Unpaid Dividend Bank	A\c			30
	(Amount paid on account of past year's dividends.)				
2008 Mar. 31	Dividend Bank	A\c	Dr.	1,060	
	To Unclaimed Dividend	A\c			1,060
	(Balance in dividend bank account, being unclaimed dividend transferred to Unclaimed Dividend A\c.)				
March, 31	Unpaid Dividend Bank	A\c	Dr.	1,060	
	To Dividend Bank	A\c			1,060
	(Amount withdrawn from Dividend Bank A|c transferred to Unpaid Dividend Bank A\c.)				

संचालकों ने चूंकि लाभांश संचय खाते में 40,000 रु. का नियोजन किया है अतः लाभांश कर के रूप में 16.995% की दर से 6,798 रु. का लाभांश कर आयोजन किया है। लेकिन सामान्य साधारण समय द्वारा लाभांश 16% की दर से घोषित किया गया। अतः समता अंशों पर 32,000 रु. का लाभांश ही घोषित हुआ जिस पर लाभांश कर 5,438 रु. होता है अतः लाभ–हानि नियोजन खाते को 6,798 – 5,438 = 1,360 रु. से पुनः जमा कर दिया गया है।

Unclaimed Dividend A\c

		Rs.			Rs.
2007			2007		
Aug 31	To Unpaid Dividend Bank a\c	140	April,1	By Balance b\d	558
Sept. 30	To Unpaid Dividend Bank a\c	30	2008		
2008			Mar. 31	By Dividend Bank a\c	1,060
Mar. 31	To Balance c\d	1,448			
		1,618			1,618

Unpaid Dividend Bank A\c

		Rs.			Rs.
2007			2007		
Aug 31	To Balance b\d	140	April,1	By Unclaimed Dividend A\c	558
Sept. 30	To Dividend Bank a\c	30	2008		
2008			Mar. 31	By Unclaimed Dividend A\c	1,060
Mar. 31		1,566		By Balance c\d	
		1,618			1,618

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

स्व परीक्षा प्रश्न (Self Examination Questions)

अति लघुरात्मक प्रश्न (Very Short Answer type Questions)

1. विभाजन योग्य लाभ क्या है? (R.U., B. Com., 2001)
2. बोनस अंशों के निर्गमन करने के लिए कोन–कौन से लाभ उपलब्ध होते है? (R.U., B. Com., 2007)
3. सामान्यतया कम्पनी के लाभों का नियोजन किन कार्यों के लिए किया जाता है?

लघुरात्मक प्रश्न (Short Answer type Questions)

1. लाभों का पूंजीकरण क्या है? (R.U., B. Com., 2008)
2. बोनस अंशों के निर्गमन के सम्बन्ध में सेबी के नवीनतम दिशा–निर्देशों के मुख्य बिन्दु दीजिए। (R.U., B. Com., 2006)
3. विभाजन योग्य लाभ से आप क्या समझते है? (Bikaner Univer., B. Com., 2006)

सैद्वान्तिक प्रश्न (Theortical Questions)

1. एक कम्पनी द्वारा लाभांश घोषणा एवं उसके भुगतान सम्बन्धी कानून एवं प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए। लाभांश की घोषणा एवं भुगतान पर क्या–क्या लेखांकन प्रविष्टियां की जाती है? (M.D.S.U., B. Com., 2005)
2. बोनस अंश क्या है? किन परिस्थितियों में इसका निर्गमन किया जाता है? इस हेतु क्या लेखा व्यवहार होता है? सेबी द्वारा प्रस्तावित दिशा–निर्देश क्या है? (Bikaner Univer., B. Com., 2006)

व्यावहारिक प्रश्न (Practical Questions)

1. हिन्दुस्तान केमिकल्स लि. की अधिकृत अंश पूंजी 50 लाख रु. है जो 100 रु. वाले 20,000, 7% पूर्वाधिकार अंशों व 10 रु. वाले 3,00,000 समता अंशों में विभाजित है। 10,000 पूर्वाधिकार अंश 1990 में निर्गमित किए गए थे तथा पूर्ण राशि मांगी जा चुकी है। एक अंशधारी जिसके पास 1,000 अंश हैं, 20 रु. की अन्तिम मांग का भुगतान न कर सका। 2,00,000 साधारण अंश निर्गमित किए हैं जिन पर 8 रु. मांगा गया है एवं सम्पूर्ण राशि प्राप्त हो गयी। 10,000 अंशों पर 2 रु. की दर पर अग्रिम मांग प्राप्त हो गयी। कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियम में निम्नलिखित व्यवस्था है–

   (अ) पूर्वाधिकार अंश सहभागी हैं व सामान्य अंशों पर 12.5 प्रतिशत लाभांश देने के बाद 7.5 प्रतिशत अतिरिक्त लाभांश के अधिकारी हैं।

   (ब) पूर्वाधिकार अंशों पर अतिरिक्त लाभांश देने के बाद शेष रहे तो साधारण अंशों पर भी 7.5 प्रतिशत अतिरिक्त लाभांश दिया जायेगा।

   (स) पूर्वाधिकार व सामान्य अंशों पर मूल लाभांश देने के बाद शेष रहे लाभों का 7.5 प्रतिशत कर्मचारियों को बोनस के लिए प्रावधान करना है।

   (द) शेष रहे लाभों में से 5,00,000 रु. तक का लाभ सामान्य संचय में स्थानान्तरित करना है व तत्पश्चात् रहे शेष लाभों को अगले वर्ष के लिए आगे ले जाना है।

   31 मार्च, 2008 वर्ष का लाभ 14,00,000 रु. है। उक्त बातों को ध्यान में रखकर कम्पनी का लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइए। (RU B.Com., 2008)

   Ans. Total of Balance Sheet 14,00,000

2. 31 मार्च, 2004 को बेलटेक्स लि. का चिट्ठे का सार निम्नलिखित है–

	Rs.
Authorised Capital	
10,000 12% Preference Shares of Rs. 10 each	1,00,000
1,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each	10,00,000
	11,00,000
Issued and Subsribed Capital	
8,000 12% Preference Shares of Rs. 10 each fully paid	1,00,000
1,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each, Rs. 8 paid up	7,20,000
Reserves and Surplus	

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

General reserve	1,20,000
Capital reserve	75,000
Securities premium	25,000
Profit & Loss Account	2,00,000
Secured Loan	
12% Partly Convertible Debentures @ Rs. 100 each	5,00,000

1 अप्रैल, 2004 को कम्पनी ने साधारण अंशों पर 2 रु. प्रति अंश की मांग की जो कम्पनी को 20 अप्रैल, 2004 को प्राप्त हुई। इसके पश्चात् कम्पनी ने निर्णय लिया कि लाभों का पूंजीकरण किया जाए व प्रत्येक चार अंशों के धारक को एक बोनस अंश दिया जाए। प्रतिभूति प्रीमियम खाते के शेष में 5,000 रु. की वह राशि सम्मिलित है जो एकीकरण की प्रक्रिया में विक्रेता को अंश निर्गमन पर प्राप्त हुई थी। इसी तरह पूंजी संचय (Capital Reserve) में 40,000 रु. की वह राशि सम्मिलित हैं जो सम्पत्ति विक्रय के लाभ से सम्बन्धित हैं। निर्गमन की शर्तों के अनुसार 12% ऋणपत्रों के 20% का परिवर्तन 1 जुलाई, 2004 को 10 रु. वाले एक साधारण अंश में होना है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए व बोनस निर्गमन के तुरन्त बाद परन्तु ऋणपत्रों के परिवर्तन के पूर्व कम्पनी के चिट्ठे का सार प्रस्तुत कीजिए। क्या परिवर्तनीय ऋणपत्रधारी बोनस के अधिकारी हैं? (Bikaner Univ., 2005)

3. एक्स लि. 31 मार्च, 2004 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 20,00,000 रु. ईक्विटी अंश पूंजी (100 रु. वाले अंशों में विभाजित) पर 20% लाभांश की घोषणा की है तथा 18 मई, 2004 को बैंक में एक अलग खता खोलकर उसी दिन लाभांश अधिपत्र निर्गमित किए हैं। एक व्यक्ति, जिसके पास 500 ईक्विटी अंश हैं, ने अपने हिस्से के लाभांश की राशि का भुगतान 31 मार्च, 2005 तक भी नहीं मांगा है।

कम्पनी की लेखा पुस्तकों में लाभांश अशिपत्र के निर्गमन तथा 'न मांगी गई राशि' को 'न मांगे गए लाभांश खाते' में स्थानान्तरण करने पर क्या जर्नल प्रविष्टियां होंगी? कम्पनी की पुस्तकों में उस समय और क्या जर्नल प्रविष्टि होगी जबकि कम्पनी द्वारा न मांगी गई उक्त राशि को केन्द्रीय सरकार के 'सामान्य रेवेन्यु खाते' में जमा कराया जायेगा? लाभांश पर कर की दर 16.995% मानिए। (Raj. Univ., 2000)

4. ग्रीन लि. की निर्गमित अंश पूंजी 10 रु. वाले पूर्ण प्रदत्त समता अंशों में विभाजित 2,00,000 रु. की थी तथा वह अपने वार्षिक खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को तैयार करती है। 31 मार्च, 2007 को अन्य के अतिरिक्त कम्पनी की पुस्तकों में निम्नलिखित शेष थे–

	Rs.
Unclaimed Dividend A\c	527
Unpaid Dividend Bank	527

10 जुलाई, 2007 को 16% का लाभांश 31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए घोषित किया गया, अधिपत्र अगले दिन प्रेषित कर दिए गए। लाभांश के भुगतान के लिए 11 जुलाई, 2007 को एक अलग बैंक खाता खोला गया। 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्नलिखित भुगतान किए गए–

30th July, 2007 Rs. 29,888 (all for current year's dividends)

6th August, 2007 Rs. 1,200 (Including Rs. 160 on account of past year's dividends)

30th September, 2007 Rs. 48 (Including Rs. 32 on account of past year's dividends)

10 अगस्त, 2007 को लाभांश बैंक खाते का शेष न भुगतान किए गए लाभांश बैंक खातें में स्थानान्तरित कर दिया गया। इन सौदों को दर्ज करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए तथा उनकी खाता बही में खतौनी कीजिए।

[Bikaner Univ. 2006]

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

समामेलन के पूर्व लाभ या हानि (Profit or Loss Prior to Incorporation)

कम्पनी अधिनियम, 1956 के अनुसार कम्पनी के समामेलन की तिथि से ही कम्पनी का अस्तिव माना जाता है। यदि कम्पनी को व्यापार क्रय करने की तिथि को समामेलन का प्रमाण–पत्र नहीं मिलता है अर्थात् व्यापार क्रय करने के पश्चात् मिलता है तो व्यापार क्रय करने की तिथि से समामेलन के दिन तक अर्जित लाभ या हानि निकालनी पड़ेगी इसे ही समामेलन से पूर्व का लाभ–हानि कहते हैं। यह लाभ या हानि कम्पनी के लिए पूंजीगत लाभ या हानि होते हैं अतः इस लाभ में से कम्पनी लाभांश घोषित नहीं कर सकती है। पूंजीगत लाभ को पूंजीगत संचय (Capital Reserve) खाते में तथा पूंजीगत हानि (Capital Loss) को ख्याति खाते (Goodwill Account) में हस्तान्तरित कर देंगें।

लाभ या हानि की गणना– यदि कम्पनी के समामेलन के दिन पुस्तकें बन्द न कर पाए तो इस सम्पूर्ण अवधि के लाभों को दो भागों (समामेलन के पूर्व के लाभ या हानि और समामेलन के पश्चात् के लाभ) में विभिक्त किया जाएगा–

1. पूरी अवधि का सकल लाभ (Gross Profit) निकाला जाएगा।

2. समामेलन के पूर्व तथा पश्चात् की अवधि के मध्य समय का अनुपात निकाला जाएगा। उदाहरणार्थ– यदि कम्पनी ने व्यापार का क्रय 1 जुलाई, 2009 को किया और समामेलन का प्रमाणपत्र 1 अक्टुबर, 2009 को प्राप्त हुआ और कम्पनी के अन्तिम खाते 31 मार्च को तैयार होते हैं तो समय का अनुपात अग्र प्रकार से निकाला जाएगा–

समामेलन से पूर्व का समय = 1 जुलाई से 1 अक्टूबर = 3 माह
समामेलन के पश्चात् का समय = 1 अक्टूबर से 31 मार्च = 6 माह
अतः समय का अनुपात = 3 : 6 = 1 : 2

लाभ–हानि में समयानुसार विभक्त होने वाले व्ययों को समय के अनुपात में बांटेंगे। जैसे वेतन, ब्याज, किराया, अंकेक्षण, बीमा प्रीमियम, बिजली व्यय, कार्यालय व्यय आदि।

3. समामेलन के पूर्व तथा पश्चात् की अवधियों के मध्य हुए विक्रय के आधार पर विक्रय अनुपात (Sales Ratio) ज्ञात किया जाएगा।

सकल लाभ को विक्रय अनुपात दो अवधियों में बांटा जाएगा तथा लाभ–हानि खाते के ऐसे व्यय, जिनका सम्बन्ध विक्रय से हो, जैसे बिक्री व्यय, कमीशन, यात्रा व्यय, बट्टा, डूबत ऋण, विज्ञापन व्यय, जावक गाड़ी भाड़ा आदि को विक्रय अनुपात के आधार पर बांटा जाएगा।

उदाहरण– पूरी अवधि की बिक्री 10,00,000 रु.
समामेलन से पूर्व की बिक्री 3,75,000
अतः बिक्री का अनुपात 3,75,000 : 6,25,000 या 3:5

कभी–कभी समामेलन से पूर्व तथा पश्चात् की बिक्री प्रत्यक्ष नहीं दे रखी होती। उस समय बिक्री का अनुपात अग्र प्रकार से निकाला जाएगा।

उदाहरण– (अ) व्यापार क्रय की तिथि 1 अप्रैल, 2009
(ब) कम्पनी के समामेलन की तिथि 1 अगस्त, 2009
(स) वर्ष 2009 की बिक्री 4,80,000 रु.
(द) अप्रैल, जून और दिसम्बर की बिक्री औसत की डेढ़ गुनी है और मई की बिक्री औसत आधी है और मार्च की बिक्री दो गुनी है। शेष बिक्री की रकम शेष महिनों में बराबर है।

हल– समामेलन से पूर्व की गणना अग्र प्रकार से की जाएगी–
वर्ष की कुल बिक्री 4,80,000 रु. है अतः एक माह की औसत बिक्री 4,80,000 / 12 = 40,000 रु.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अप्रेल की बिक्री (औसत का डेढ़ गुना) = 60,000 रु.
मई की बिक्री (औसत की आधी) = 20,000 रु.
जून की बिक्री (औसत का डेढ़ गुना) = 60,000 रु.
दिसम्बर की बिक्री (औसत का डेढ़ गुना) = 60,0000 रु.
मार्च की बिक्री (औसत का दो गुना) = 80,000 रु.
5 माह की कुल बिक्री 2,80,000 रु.
अतः शेष सात माह की बिक्री = 4,80,000–2,80,000 = 2,00,000 रु.
इन 7 महिनों की औसत बिक्री = 2,00,000 / 7 = 28,571 रु.
व्यापार प्रारम्भ करने की तिथि (1 अप्रैल, 2009) से कम्पनी के समामेलन के दिन (31 जुलाई, 2009) तक की बिक्री (60,000 + 20,000 + 60,000 + 28,571) = 1,68,571 रु.
कम्पनी समामेलन के पश्चात् (1 अगस्त, 2009 से 31 मार्च, 2009 तक की बिक्री)
= 4,80,000 – 1,68,571 = 3,11,429
अतः बिक्री का अनुपात = 1,68,571 : 3,11,429

कुछ ऐसे खर्चे भी लाभ–हानि खाते में हैं जो न तो समय से सम्बन्ध रखते है और न ही विक्रय से। जैसे– पूंजी पर ब्याज, संचालकों की फीस, ऋणपत्रों पर ब्याज, फर्म या एकाकी व्यापार के व्यय आदि। इस प्रकार के व्ययों को निम्नलिखित नियम से बांटेंगे–

(i) समामेलन से पूर्व के व्यय– साझेदारों का वेतन, पूंजी पर ब्याज, आहरण पर ब्याज आदि समामेलन के पूर्व की अवधि में लिखे जाएंगे।

(ii) समामेलन के पश्चात् के व्यय– संचालकों की फीस, संचालकों का पारिश्रमिक, ऋणपत्रों पर ब्याज, प्रारम्भिक व्ययों का अपलेखन, अंश हस्तान्तरण फीस, अंशों व ऋणपत्रों के निर्गमन व्यय आदि समामेलन के बाद की अवधि में लिखे जाएंगे।

(iii) स्थिर व्यय– जैसे किराया, मूल्य–ह्रास, वेतन आदि समय के अनुपात में विभाजित करेंगे।

(iv) परिवर्तनशील व्यय– जैसे बिक्री के व्यय, पैकिंग व्यय आदि बिक्री के अनुपात में।

(v) विक्रेताओं को क्रय मूल्य पर दिया गया ब्याज– यदि क्रय मूल्य पर कोई ब्याज का भुगतान किया जाता है और क्रय मूल्य का भुगतान समामेलन के बाद किया जाता है तो ब्याज की राशि का विभाजन क्रय तिथि तथा समामेलन की तिथि के मध्य समय और समामेलन की तिथि तथा क्रय मूल्य के भगुतान की तिथि के मध्य के समय अनुपात में करना चाहिए। ऊपर वर्णित उदाहरण में यदि क्रय–प्रतिफल का भुगतान 1 सितम्बर, 2009 को 4,000 रु. ब्याज सहित किया गया तो क्रय–प्रतिफल पर चुकाया गया ब्याज की राशि का विभाजन 4 : 1 के अनुपात में किया जाएगा। अतः 3,200 रु. समामेलन से पूर्व (1 अप्रैल, 2009 से 31 जुलाई, 2009) तथा 800 रु. समामेलन के पश्चात् की अवधि में लिखा जाएगा। (1 अगस्त, 2009 से 1 सितम्बर 2009)

Illustration 7

सज्जन लि. का समामेलन 1 जुलाई, 2009 को हुआ। उसने अजय के एकल स्वामित्व वाले व्यापार को 1 अप्रैल, 2009 से खरीदा। 31 मार्च, 2009 को अजय का चिट्ठा अग्र प्रकार था–

Balance Sheet as at 31st March, 2009

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Capital	21,57,500	Land & Building	6,00,000
Loan from Mr. Jatan	42,500	Plant & Machinery	15,00,000
Creditors	85,000	Debtors	1,28,000
outstanding	12,500	Profit & Loss A\c	69,000
	22,97,500		**22,97,500**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अजय को 22,50,000 रु. 100 रु. का भगुतान करने के लिए सहमति हुई जो 50 रु. वाले समता अंशों के निर्गमन द्वारा किया जाएगा। कम्पनी ने अपने प्रथम वर्ष की लेखा पुस्तकें 31 मार्च, 2010 को बन्द करने का निश्चय किया। इस वर्ष से सम्बन्धित आपको दिए गए अन्य विवरण अग्र लिखित है :–

Sales Rs. 15,00,000, Purchases Rs. 7,00,000, Salary Rs. 1,60,000, General Expenses Rs. 1,60,000, Interest on Loan Rs. 40,000, Freight inward Rs. 23,500, Closing Stock Rs. 1,38,500, Additional to Building (1 Oct., 2009) Rs. 2,00,000, Depreciation at 10% per annum on all Assets.

आपको (i) व्यापार को क्रय के लिए जर्नल प्रविष्टियां देनी हैं–

(ii) 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए समामेलन से पूर्व का लाभ तथा समामेलन के बाद का लाभ अलग–अलग दिखाते हुए लाभ–हानि खाता तैयार करना है तथा

(iii) अजय का खाता तैयार करना है, यह मानते हुए कि समामेलन से पूर्व के लाभ का 60% उसको 31 मार्च, 2010 को नकद में भुगतान किया जाना है।

Solution **Journal of Sajjan Ltd**

1 July, 2009	Sundry Debtors A\c Dr.			1,28,500	
	Building A\c Dr.			6,00,000	
	Machinery A\c Dr.			15,00,000	
	Goodwill A\c Dr.			1,61,500	
	To Trade Creditors A\c				85,000
	To Loan A\c				42,500
	To Creditors for Expenses A\c				12,500
	To Ajay A\c				22,50,000
	(Assets and liabilities take over and purchase consideration due.)				
1 July,	Ajay's A\c Dr.			22,50,000	
	To Equity Share Capital A\c				22,50,000
	(22,500 Equity Shares issued at par to discharge purchase Consideration.)				

Trading Account for the year ending 31 March, 2010

	Rs.		Rs.
To Opening Stock	15,000	By Sales	15,00,000
To Purchases	7,00,000	By Closing Stock	1,38,500
To Freight Inward	23,500		
To Gross Profit	9,00,000		
	16,38,500		16,38,500

Profit and Loss A\c for the year ended 31st March, 2010

Particulars	Pre incorporation Rs.	Post incorporation Rs.		Pre incorporation Rs.	Post incorporation Rs.
To Salary and Wages	50,000	1,50,000	By Gross Profit	2,25,000	6,75,000
To Depreciation on					
Building	15,000	55,000			
Machinery	37,500	1,12,500			
To General Expensess	40,000	1,20,000			
To Interest on Loan	10,000	30,000			
To Net Profit	72,500	2,07,500			
	2,25,000	6,75,000		2,25,000	6,75,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Ajay A\c

1-7- 2009	To Equity Share Capital A\c	22,50,000	1-7- 2009	By Sundries Assets	22,50,000
31-3- 2010	To Bank A\c	58,000	31-3- 2010	By P & L A\c (60% of Pre incorporation profit Rs.72,500)	43,500
		22,93,500			22,93,500

टिप्पणी:

1 अप्रैल, 2009 विद्यमान भवन (6,00,000 रु.) पर मूल्य–ह्रास 10 प्रतिशत वार्षिक दर से 60,000 रु. है जिसे 1:3 अनुपात में बांटा गया है तथा 1 अक्टुबर, 2009 को भवन में अतिरिक्त निर्माण (2,00,000 रु.) पर 10 प्रतिशत वार्षिक दर से 6 माह का मूल्य–ह्रास 10,000 रु. है, जिसकी सम्पूर्ण राशि को समामेलन के बाद वाले लाभ में से घटाया गया है।

Illustration 8

समता लि. ने सेठिया एण्ड सन्स का चालू व्यवसाय 1 अप्रैल, 2009 से क्रय किया व समामेलन 1 सितम्बर, 2009 को व व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण–पत्र 30 सितम्बर, 2009 को प्राप्त किया। क्रय–प्रतिफल 17,50,000 रु. निर्धारित किया जो कि 3,50,000 रु. नकद और 14,00,000 रु. पूर्ण प्रदत्त अंशों के रूप में देय था। कम्पनी ने 1 सितम्बर, 2009 को 14,00,000 रु. के अंश नकद में भी बेचे।

सेठिया एण्ड सन्स से क्रय की गई सम्पत्ति अग्र प्रकार थी :
मशीन 10,50,000 रु., स्टॉक 2,10,000 रु., पेटेण्ट 1,40,000 रु.।
कम्पनी का 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ–हानि खाता अग्र प्रकार था–

Trading and Profit & Loss A\c for the year ended 31st March, 2010

	Rs.		Rs.
To Opening Stock	2,10,000	By Sales	63,00,000
To Purchases	53,90,000	1-4-2009 to 31-8-2009 = 21,00,000	
To Gross Profit	9,45,000	1-9-2009 to 31-3-2010 = 42,00,000	
		By Closing Stock	2,45,000
	65,45,000		65,45,000
To Depreciation	1,89,000	By Gross Profit	9,45,000
To Audit fees	26,250		
To Directors fees	87,500		
To Preliminary Expenses	21,000		
To office Expenses	1,36,500		
To Selling Expenses	1,26,000		
To Interest to vendors (up to 30 Sep., 2009)	8,750		
To Net Profit	3,50,000		
	9,45,000		9,45,000

समामेलन के पहले तथा समामेलन के पश्चात् की अवधि में लाभों के बंटवारे के लिए एक विवरण बनाइये तथा कम्पनी की पुस्तकों में इसे किस प्रकार दिखाया जाएगा। अन्तिम स्टॉक का मूल्य 2,45,000 रु. था।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Solution :

Statement showing apportionement of Profit between periods prior to and post Incorporation

Particulars	Total Amount	Basis of Apportinmont	Pre incorporation Rs.	Post incorporation Rs.
Depreciation	1,89,000	5 : 7	78,750	1,10,250
Audit fees	26,250	5 : 7	10,938	15,312
Directors fees	87,500	Post	-	87,500
Preliminary Expenses	21,000	Post	-	21,000
office Expenses	1,36,500	5 : 7	56,875	79,625
Selling Expenses	1,26,000	1 : 2	42,000	84,000
Interest to vendors	8,750	5 : 1	7,292	1,458
Total Exp.	5,95,000		1,95,855	3,99,145
Gross Profit	9,45,000		3,15,000	6,30,000
Less : Total Exp.	5,95,000		1,95,855	3,99,145
Net Profit	3,50,000		1,19,145	2,30,855

समय के अनुपात = 5 : 7, विक्रय अनुपात = 1 : 2

Balance Sheet of Samta Ltd. as at 31st March, 2010

Liabilities		Amount	Assets		Amount
Share Capital			**Fixed Assets**		
Issued & Subscribed			Goodwill	3,50,000	
Share issued for cash as fully paid	14,00,000		Less : Written off	1,19,145	2,30,855
Share issued for Consideration			Machinery	10,50,000	
other than cash to vendors as			Less : Depreciation	1,89,000	8,61,000
fully paid	14,00,000	28,00,000	Patents		1,40,000
Reserve & Surplus			**Current Assets**		
Profit & Loss A\c		2,30,855	Stock		2,45,000
			Cash at Bank		1,54,000
		30,30,855			**30,30,855**

Working Note :

1. ख्याति की राशि की गणना =

Purchase Consideration - Value of Assets

17,50,000 – 14,00,000 = Rs. 3,50,000

2. प्रश्न में समामेलन से पूर्व का लाभ परिकलित करने का है, अतः व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण–पत्र मिलने की तिथि का ध्यान नहीं रखा गया है। क्योंकि कम्पनी के समामेलन के पश्चात् का आयगत होता है और पूर्व का लाभ पूंजीगत होता है। अतः व्यापार प्रारम्भ करने के प्रमाण–पत्र मिलने की तिथि के आधार पर लाभ का विभाजन करने की कोई उपयोगिता नहीं है।

3. समामेलन से पूर्व के लाभ से ख्याति को अपलिखित किया गया है।

4. समय अनुपात अग्र प्रकार से निकाला गया है–

1 अप्रैल से 31 अगस्त : 1 सितम्बर से 31 मार्च

5 : 7

5. बिक्री का अनुपात अग्र प्रकार से ज्ञात किया गया

1 अप्रैल से 31 अगस्त तक बिक्री : 1 सितम्बर से 31 मार्च तक बिक्री

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

21,00,000 : 42,00,000

21 : 42 or 1 : 2

6. विक्रय पर व्यय को बिक्री के अनुपात में बांटा गया है।
7. अंकेक्षण व्यय, कार्यालय व्यय, मूल्य–ह्रास को समय अनुपात में बांटा गया है।
8. संचालक फीस, प्रारम्भिक व्यय समामेलन के पश्चात् के खर्चे हैं, क्योंकि ऐसे खर्चे कम्पनी से सम्बन्धित होते हैं।
9. ब्याज 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक व सितम्बर

   5 : 1 के अनुपात में बांटा गया है।
10. Bank Balance = 63,00,000 - (53,00,000+5,95,000)

स्व परीक्षा प्रश्न (Self Examination Questions)

लघूत्तरात्मक प्रश्न (Short type Questions)

1. लाभांश की गारण्टी से क्या आशय है? (Bikaner Univ, 2008)
2. समामेलन के पूर्व का लाभ एवं समामेलन के पश्चात् के लाभ का विभाजन क्यों आवश्यक है? (M.D.S. Univ, 1998)
3. देनदारों से सम्बन्धित व्यापार विक्रेता की गारण्टी से आप क्या समझते है?

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoretical Questions)

1. 'क्रय–प्रतिफल' से आप क्या समझते है? यह कैसे निर्धारित किया जाता है? क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में व्यापार को खरीदने एवं क्रय प्रतिफल के भुगतान करने के लिए क्या जर्नल प्रविष्टियां की जाती है? (Bikaner Univ, 2007)
2. 'समामेलन से पूर्व तथा बाद के लाभों' से क्या आशय है? ऐसे लाभों को ज्ञात करने की विधि समझाइये। ऐसे लाभों तथा हानियों का कम्पनी की लेखा पुस्तकों में आलेखन किस प्रकार किया जाता है? (Bikaner Univ, 2009)

व्यावहारिक प्रश्न (Practical Questions)

1. जैड लि. मैसर्स एल व एम के व्यापार को खरीदने तथा उनकी तरफ से उनके देनदारों से रुपया वसूल करने व उनके लेनदारों को भुगतान करने के लिए सहमत हो गए। एल व एम की पुस्तकों में देनदार 50,000 रु. तथा लेनदार 30,000 रु. दिखाए गए थे। कम्पनी उस प्रकार प्राप्त राशि का केवल विक्रेता के लेनदारों को भुगतान करने में ही उपयोग करती थी। छः माह के अन्त में लेनदार 5,500 रु. के पाये गए, उन्होंने औसतन 2% का नकद बट्टा दिया था। देनदारों में से 800 रु. की राशि डूब गई, उनको औसतन 5% नकद बट्टा दिया गया। छः माह के अन्त में देनदारों का शेष कितना है?

   उन व्यवहारों को दर्ज करने के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

   (Bikaner Univ, 2007 & 2008)

   Ans. Balance of Debtors Rs. 23,926
2. मार्डन एजेन्सीज ने 1जनवरी, 2004 को अपना साझेदारी व्यवसाय एक सीमित कम्पनी में बदलने का निर्णय लिया। क्रय–प्रतिफल 2,34,00,000 रु. निर्धारित हुआ। कम्पनी का समामेलन का प्रमाण–पत्र 1 अप्रैल, 2004 को प्राप्त हुआ। इस बीच कम्पनी के नाम से व्यवसाय चालू रहा व क्रय–प्रतिफल का उक्त तिथि को मय 12% वार्षिक ब्याज से भुगतान किया गया। कम्पनी ने अपने प्रथम अन्तिम खाते 31 मार्च, 2005 को बनाए व संक्षिप्त लाभ–हानि खाता अग्र प्रकार बनाया–

	Rs.	Rs.
Sales		4,68,00,000
Less : Cost of goods sold	3,27,60,000	
Salaries	23,40,000	
Advertisement	14,04,000	
Discount	23,40,000	
Depreciation	3,60,000	
Miscellaneous office Expenses	2,40,000	

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Managing Director's Salary	1,80,000	
Interest	19,02,000	
Rent	14,40,000	4,29,6,000
Net Profit		38,34,000

कम्पनी ने 12% वार्षिक की दर से मय व्यापार क्रय–प्रतिफल को चुकाने व कार्यशील पूंजी की आवश्यकता हेतु 1,00,00,000 का ऋण लिया। 1 अप्रैल, 2004 से कम्पनी की औसत मासिक ब्रिक्री फर्म की तुलना में दो गुणा हो गई, लेकिन वेतन में तीन गुणा से वृद्धि हो गई। कम्पनी को 1 जुलाई, 2004 से एक अतिरिक्त स्थान 60,000 रु. मासिक किराये पर लेना पड़ा।

समामेलन के पूर्व व पश्चात् की अवधियों में विभिन्न व्ययों एवं आयों को बांटते हुए लाभ–हानि खाता बनाइए।

(MLS Univ, 2004)

Profit prior to incorporation Rs. - 38,000, and Post incorporation Rs. 38,72,000

3. एन. पी. लि. का समामेलन 1 अगस्त, 2006 को कानोडिया स्टील्स का व्यापार 1 अप्रैल, 2006 से क्रय करने के उद्देश्य से हुआ। एन. पी. लि. को व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण–पत्र 1 अक्टुबर, 2006 को प्राप्त हुआ। कम्पनी के अन्तिम खाते 31 मार्च, 2007 को तैयार किए गए। खातों से निम्नलिखित तथ्य प्रकट हुए–

12 माह की बिक्री 16,00,000 रु. थी जिसमें 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक की बिक्री 4,00,000 रु. भी सम्मिलित थी। व्यापार खाते द्वारा 6,00,000 रु. का सकल लाभ प्रदर्शित किया गया। लाभ–हानि खाते के विस्तृत विवरण अग्र प्रकार हैं–

	Rs.		Rs.
Directors' Fees	7,500	Rent	21,000
Audit Fees	3,000	Bad debts (Rs. 3,000 related to the pre-incorporation period)	12,500
Salaries	75,000	Selling Commission	20,000
Debenture Interest	30,000	Advertisement	30,000
Depreciation on Plant	45,000	Travelling Expenses	37,500
Preliminary Expenses	12,500	Interest to Vendors from 1st April to 30th September @ 5%	33,000
General Expenses	15,000		

समामेलन से पूर्व तथा पश्चात् के लाभों को दिखाते हुए एक विवरण तैयार कीजिए।

(Bikaner Univ, 2006)

Ans. Profit prior to incorporation Rs. 50,125, and Post incorporation Rs. 2,07,875

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

सूत्रधारी व सहायक कम्पनियों के लेखे

(Accounts of Holding & Subsidiary Companies)

सूत्रधारी कम्पनी व्यावसायिक संयोजन का एक तरीका हैं। इसके अन्तर्गत एक कम्पनी किसी अन्य कम्पनी पर नियन्त्रण स्थापित करने के लिए उसके समस्त अथवा अधिकांश मताधिकार अंश धारण कर लेती हैं। अंश धारण करने वाली कम्पनी सूत्रधारी कम्पनी कहलाती हैं तथा जिस कम्पनी के अंश धारण किये जाते है, वह कम्पनी सहायक कम्पनी कहलाती हैं। प्रो. हैने के अनुसार, ''सूत्रधारी कम्पनी व्यावसायिक संगठन का एक स्वरुप है जिसे आंशिक या अस्थायी संघन द्वारा स्थापित किया जाता है जो दूसरी कम्पनियों की मिलाने के उदद्ेश्य से उनके अंशो की नियन्त्रक राशि को खरीद कर नियन्त्रण स्थापित करता हैं।

वैधानिक परिभाषा :– भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 4 1 में सहायक कम्पनियों के विषय में उल्लेख किया गया है, जो इस प्रकार है :

एक कम्पनी किसी अन्य कम्पनी की सहायक कम्पनी मानी जायेगी, यदि

अ. वह अन्य कम्पनी उस कम्पनी के संचालक–मण्डल के गठन पर नियन्त्रण रखती हो।

अथवा

ब. वह अन्य कम्पनी उस कम्पनी की ईक्विटी अंश पूंजी के अंकित मूल्य के आधे से अधिक अंश धारण करती हैं। यदि उक्त कम्पनी भारत में कम्पनी अधिनियम, 1956 के लागू होने से पूर्व स्थापित करती है तथा इस कम्पनी ने अपने पूर्वाधिकार अंशधारियों को भी वहीं अधिकार दे रखे हों जो ईक्विटी अंशधारियों को प्राप्त है तो उस दूसरी कम्पनी के पास इसकी कुल मताधिकार शक्ति के आधे से अधिक पर स्वामित्व व नियन्त्रण होना चाहिए।

अथवा

स. वह कम्पनी किसी ऐसी कम्पनी की सहायक कम्पनी है जो कि सूत्रधारी कम्पनी की सहायक कम्पनी हो। उदाहरणार्थ, यदि 'ब' कम्पनी 'अ' कम्पनी की सहायक कम्पनी है तथा 'स' कम्पनी 'ब' कम्पनी की सहायक कम्पनी है तो 'अ' कम्पनी की 'स' कम्पनी भी सहायक कम्पनी मानी जावेगी चाहे 'अ' कम्पनी ने प्रत्यक्ष रुप से 'स' कम्पनी का एक भी अंश न खरीद रखा हो। इसी प्रकार यदि 'द' कम्पनी 'स' कम्पनी की सहायक कम्पनी है तो 'द' कम्पनी 'ब' कम्पनी तथा 'अ' कम्पनी दोनो की सहायक कम्पनी मानी जावेगी और यही क्रम आगे चलता रहेगा।

सूत्रधारी कम्पनी की परिभाषा :– कम्पनी अधिनियम की धारा 4 ;1द्ध के अनुसार, ''यदि एक कम्पनी किसी अन्य कम्पनी की सहायक कम्पनी है, तो वह अन्य कम्पनी उक्त कम्पनी की सूत्रधारी कम्पनी मानी जायेगी।'' वास्तव

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

में कम्पनी अधिनियम में सूत्रधारी कम्पनी का कोई स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं हैं। सूत्रधारी कम्पनी केवल उस दशा में हो सकती है जबकि उसकी एक अथवा अधिक सहायक कम्पनियां हों।

संचालक मण्डल के गठन पर नियन्त्रण से आशय – एक कम्पनी (सूत्रधारी कम्पनी) का दूसरी कम्पनी (सहायक कम्पनी) के संचालक–मण्डल पर नियन्त्रण उसी दशा में माना जावेगा जबकि वह कम्पनी बिना अन्य व्यक्तियों की सहायता से केवल अपने प्रस्ताव से ही सभी संचालकों अथवा अधिकाशं संचालकों को हटाने तथा नियुक्ति करने की सामर्थ्य रखती है।

सूत्रधारी कम्पनियों के लाभ (Advantages of holding Companies) – सूत्रधारी कम्पनियों के निम्नलिखित लाभ हैं:

1. सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनियों का पृथक् अस्तित्व कायम रहता है जिससे सहायक कम्पनी अपनी ख्याति एवं क्षेत्रीय स्थिति का लाभ उठा सकती है।
2. इस व्यवस्था में प्रत्येक कम्पनी का पृथक् अस्तित्व होने के कारण व्यवसाय का आकार सीमित रहता है जिससे कार्य संचालन कुशलतापूर्वक हो सकता है।
3. सभी कम्पनियां एक ही समूह की होने के कारण व्यापारिक प्रतिद्वन्द्विता समाप्त हो जाती है।
4. सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायता मिलते रहने से सहायक कम्पनी के वित्तीय साधनों में वृद्धि हो जाती है तथा मुद्रा बाजार में उसकी साख बढ़ जाती है।
5. कम्पनियों द्वारा मिलकर कार्य करने से आन्तरिक एवं बाह्य मितव्ययिताओं का लाभ मिलता है जिससे प्रविधिक एवं अन्य सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाया जा सकता है।
6. प्रत्येक कम्पनी अपने वार्षिक खाते अलग–अलग बनाती है जिससे उनके व्यापारिक परिणाम एवं आर्थिक स्थिति पर पृथक से स्पष्ट ज्ञान हो सकता है।
7. सूत्रधारी कम्पनी, सहायक कम्पनी के अंशों को बेचकर अपने प्रभाव व नियन्त्रण को आसानी से हटा सकती हैं यह सुविधा एकीकरण अथवा संविलयन की योजनओं में नहीं रहती है।
8. कच्चे माल एवं निर्मित माल के मूल्यों को नियन्त्रित करने में सुविधा रहती है।
9. सहायक कम्पनी को हानि होने पर उसे अगले वर्षों के लाभों में से पूर्ति हेतु आगे ले जाया जा सकता है। जिससे आयकर में छूट मिल सकेगी।
10. यदि सहायक कम्पनी घाटे में चल रही है और भविष्य में लाभ होने की सम्भावना नहीं है तो इसे आसानी से बन्द किया जा सकता है।

सूत्रधारी कम्पनियों की हानियां (Disadvantages of Holding Companies) – सूत्रधारी कम्पनियों से होने वाली हानियां निम्नांकित हैं :

1. कई बार सूत्रधारी कम्पनी द्वारा लिये गये निर्णय सहायक कम्पनी के विकास में बाधक हो जाते हैं।
2. अल्पमत अंशधारियों के उत्पीड़न का खतरा रहता है।
3. सूत्रधारी कम्पनी के सदस्यों को सहायक कम्पनी में विनियोजित राशि का वास्तविक मूल्य ज्ञात नहीं हो पाता है।
4. अन्तः कम्पनी व्यवहार सूत्रधारी कम्पनी को लाभ पहुंचानें की दृष्टि से किये जा सकते हैं।
5. सूत्रधारी कम्पनी के संचालक सहायक कम्पनी के संचालक बनकर ऊंचे पारिश्रमिक ले सकते हैं।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

6. अन्तः कम्पनी क्रय–विक्रय में बचे हुए स्टॉक का मूल्यांकन करते समय लेखे सम्बन्धी कठिनाई अनुभव होती है।
7. सहायक कम्पनियों की उपार्जन क्षमता का सही ज्ञान प्राप्त करना कठिन होता है।
8. इससे कम्पनी के कपटपूर्ण प्रवर्तन तथा धोखाधड़ी का खतरा रहता है।

सूत्रधारी कम्पनी का निर्माण (Creation of Holding Company) – सूत्रधारी कम्पनी का निर्माण निम्नांकित प्रकार से हो सकता है :

(1) **नवनिर्मित कम्पनी –**

सूत्रधारी कम्पनी के रूप में एक पूर्णरूपेण नयी कम्पनी का निर्माण किया जा सकता है। यह कम्पनी नयी कम्पनियों अथवा विद्यमान कम्पनियों के समस्त या अधिकाशं अंश खरीद सकती है। ऐसे अंशों का क्रय नकद में किया जा सकता है अथवा इनके बदले सूत्रधारी कम्पनी अपने स्वयं के अंश आबंटित कर सकती है अथवा दोनों प्रकार से भुगतान किया जा सकता है।

(2) **विद्यमान कम्पनी –**

पहले से विद्यमान कम्पनी सहायक कम्पनियों के रूप में नयी कम्पनियों का निर्माण करके अथवा विद्यमान कम्पनियों के अंश खरीद कर उनको अपनी सहायक कम्पनियां बना सकती है।

सूत्रधारी कम्पनियों के लेखे को प्रभावित करने वाले कम्पनी अधिनियम के प्रावधान

(Legal Provisions of the Companies Act affecting Accounts of Holding Companies)

सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनियों का पृथक्–पृथक् वैज्ञानिक अस्तित्व होता है। सभी कम्पनियां अपने आप में स्वतन्त्र इकाइयां होती है। इनका अपना संचालक–मण्डल होता है तथा इनकी स्थापना अन्य कम्पनियों की तरह ही कम्पनी अधिनियम के अनुसार की जाती है। प्रत्येक कम्पनी अपनी अलग लेखा पुस्तकें रखती है तथा अन्तिम खाते अलग–अलग तैयार किये जाते हैं। प्रत्येक कम्पनी की लेखा पुस्तकों का अलग–अलग अंकेक्षण कराया जाता है और संचालकों की रिपोर्ट भी अलग–अलग तैयार की जाती है। प्रत्येक कम्पनी की वार्षिक साधारण सभी भी अलग होती हैं चूंकि सूत्रधारी कम्पनी की पूंजी का कुछ भाग सहायक कम्पनी में विनियोजित होता है अतः सूत्रधारी कम्पनी के अंशधारियों की सूचनार्थ सहायक कम्पनी के सम्बन्ध में कुछ सूचनाएं देना अनिवार्य है। ये सूचनाएं सहायक कम्पनी की आर्थिक स्थिति, लाभार्जन क्षमता, सहायक कम्पनी में सूत्रधारी कम्पनी का विनियोग, सहायक कम्पनी से लाभांश आदि के सम्बन्ध में प्रदान की जाती है।

सूत्रधारी कम्पनी के लेखों को प्रभावित करने वाले कम्पनी अधिनियम के विशिष्ट प्रावधान निम्न प्रकार हैं :

(अ) सारणी VI का प्रथम भाग

कम्पनी अधिनियम की सारणी VI के प्रथम भाग के अनुसार सूत्रधारी कम्पनी को अपने चिट्ठे में सहायक कम्पनियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित बातों की पृथक से जानकारी देना आवश्यक है :

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(1) विनियोगों के सम्बन्ध में : सहायक कम्पनी के अंशों, ऋणपत्रों तथा बॉण्डों में विनियोजित राशि एवं इनके मूल्यांकन का आधार।

(2) देनदारों के सम्बन्ध में : प्रत्येक सहायक कम्पनी द्वारा सूत्रधारी कम्पनी को देय राशि उसके नाम सहित पृथक्–पृथक् लिखना।

(3) ऋण तथा अग्रिम के सम्बन्ध में : सूत्रधारी कम्पनी द्वारा प्रत्येक सहायक कम्पनी से प्राप्त होने योग्य ऋण तथा अग्रिम की राशि पृथक्–पृथक् दिखाना।

(4) सुरक्षित ऋणों के सम्बन्ध में : सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनियों को देय असुरक्षित ऋण व उन पर अर्जित ब्याज अलग से दिखाना।

(5) असुरक्षित ऋणों के सम्बन्ध में : सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनियों को देय असुरक्षित ऋण व उन पर अर्जित ब्याज अलग से दिखाना।

(6) लेनदारों के सम्बन्ध में : सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनियों को देय राशि उनके नाम सहित अलग–अलग दिखाना।

(7) संदिग्ध दायित्व के सम्बन्ध में : सहायक कम्पनियों के सूत्रधारी कम्पनी ने जो अंश, ऋणपत्र तथा बॉण्ड खरीदे हुए हैं उन पर अयाचित राशि को संदिग्ध दायित्व के रूप में पृथक् से दिखाना।

(ब) सारणी VI का द्वितीय भाग

कम्पनी अधिनियम की सारणी VI के द्वितीय भाग के अनुसार सूत्रधारी कम्पनी को अपना लाभ–हानि बनाते समय सहायक कम्पनी के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनाएं प्रस्तुत करनी होगी :

(1) सहायक कम्पनियां से प्राप्त लाभांश।

(2) सहायक कम्पनियों की हानियों के लिए आयोजन।

(स) धारा 212 के प्रावधान

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 212 से 214 के अन्तर्गत कुछ ऐसे प्रावधान दिये गये हैं जिनको सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के खातों का प्रस्तुतीकरण करते समय ध्यान में रखना आवश्यक है। ये प्रावधान इस प्रकार हैं:

धारा 212 (1)

इसके अन्तर्गत यह व्यवस्था है कि सूत्रधारी कम्पनी अपनी सहायक कम्पनी/कम्पनियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरणों को अपने चिट्ठे के साथ संलग्न करेगी:

(1) सहायक कम्पनी के चिट्ठे की एक प्रति;

(2) सहायक कम्पनी के लाभ–हानि खाते की एक प्रति;

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(3) सहायक कम्पनी के संचालक मण्डल की रिपोर्ट की एक प्रति;

(4) सहायक कम्पनी के अंकेक्षण–प्रतिवेदन की एक प्रति;,

(5) सहायक कम्पनी में सूत्रधारी कम्पनी के हित में सम्बन्ध में एक विवरण (धारा 212(3));

(6) उपधारा (5) में वर्णित विवरण यदि कोई हो;

(7) उपधारा (6) में वर्णित प्रतिवेदन यदि कोई हो।

धारा 212 (2)

इस धारा में यह व्यवस्था दी हुई है कि सहायक कम्पनी का चिट्ठा, लाभ–हानि खाता, संचालकों का प्रतिवेदन व अंकेक्षकों का प्रतिवेदन कम्पनी अधिनियम, 1956 की व्यवस्थाओं के अनुसार तैयार किये जायेंगे। यदि सूत्रधारी कम्पनी व सहायक कम्पनी का लेखा वर्ष एक ही तिथि को समाप्त होता है तो ये प्रपत्र सहायक कम्पनी द्वारा अपने लेखा वर्ष के अन्त में तैयार किये जायेंगे। यदि इन दानों कम्पनियों के लेखा वर्ष एक ही तिथि को समाप्त न होते हों तो उपरोक्त वर्णित प्रपत्र सहायक कम्पनी द्वारा उस लेखा वर्ष की समाप्ति पर तैयार किये जायेंगे जो कि सूत्रधारी कम्पनी के लेखा वर्ष से तुरन्त पहले समाप्त हुआ है। यहां पर ध्यान देने योग्य विशेष बात यह है कि सहायक कम्पनी के लेखा वर्ष की समाप्ति की तिथि में तथा उसकी सूत्रधारी कम्पनी के लेखावर्ष की समाप्ति की तिथि में 6 माह से अधिक का अन्तर नहीं होना चाहिए।

धारा 212 (3)

सूत्रधारी कम्पनी के सहायक कम्पनी में हित के सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें लिखी जाती हैं :

(1) सहायक कम्पनी क`लेखा वर्ष के अन्त में सूत्रधारी कम्पनी के हित की सीमा।

(2) सहायक कम्पनी के शुद्व लाभों (हानियों को घटाने के बाद) की वह राशि जो सूत्रधारी कम्पनी से सम्बन्धित हो और जिसका लेखा सूत्रधारी कम्पनी की पुस्तकों में न किया गया हो । इसी प्रकार शुद्व हानियों को लाभ घटाने के पश्चात दिखाया जाना चाहिए ।

(3) सहायक कम्पनी के उन शुद्व लाभों या शुद्व हानियों की कुल राशि जिनका सूत्रधारी कम्पनी के खाते तैयार करते समय ध्यान रखा गया है अथवा हानियों के लिए प्रावधान किया गया है ।

धारा 212 (4)

धारा 212 (3) (ii) व (iii) के प्रावधान सहायक कम्पनी के उन्हीं लाभ अथवा हानियों की कुल राशि जिनका सूत्रधारी कम्पनी के खाते तैयार करते समय ध्यान रखा गया है अथवा हानियों के लिए प्रावधान किया गया है ।

धारा 212 (4)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

धारा 212 (3) (iii) के प्रावधान सहायक कम्पनी के उन्हीं लाभ अथवा हानियों पर लागु होंगे जिन्हे सूत्रधारी कम्पनी के खातों में आयगत लाभों अथवा आयगत हानि मानना उचित होगा ।

धारा 212 (5)

यदि सहायक कम्पनी का लेखा वर्ष सूत्रधारी कम्पनी के लेखा वर्ष से भिन्न है तो इस अन्तर की अवधि में निम्नलिखित बातों से सम्बन्धित सूत्रधारी कम्पनी के चिट्‌ के साथ लगायी जावेगी :

(i) सूत्रधारी कम्पनी के हित की सीमा में हुआ परिवर्तन;

(ii) सहायक कम्पनी की स्थायी सम्पतियों, विनियोगों, ऋणों या चालू दायित्वों के अतिरिक्त अन्य कार्य के लिए उधार ली गई राशियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन । चूँकि अब प्रत्येक कम्पनी को अपने खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को ही बन्द करने होंगे,अतः अब इस प्रकार के विवरण की आवश्यकता नहीं है ।

धारा 212 (6)

यदि सूत्रधारी कम्पनी का संचालक मण्डल धारा 212 (4) में निर्धारित बातों के सम्बध में कोई सूचना प्राप्त करते में असमर्थ रहता है तो इसके बारे में एक लिखित प्रतिवेदन सूत्रधारी कम्पनी के चिट्‌ के साथ लगाया जावेगा ।

धारा 212 (7)

धारा 212 (1) सम्बन्धित प्रपत्रों पर उन्हीं व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किये जायेगें जिन्होने सूत्रधारी कम्पनी के ऐसे प्रपत्रों पर हस्ताक्षर किये हैं ।

धारा 212 (8)

कम्पनी अधिनियम की धारा 212 (8) के अनेसार सूत्रधारी कम्पनी के संचालक मण्डल के आवेदन पर अथवा उसकी सहमति से केन्द्रीय सरकार किसी भी सहायक कम्पनी के सम्बन्ध में यह आदेश दे सकती है कि धारा 212 के प्रावधान लागु नहीं होंगे अथवा उस सीमा तक लागू होंगे जिनका कि विवरण उक्त आदेश में दिया गया है ।

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 214 के अन्तर्गत सूत्रधारी कम्पनी के प्रतिनिधियों अथवा सदस्यों को यह अधिकार प्रदान किया गया है कि ऐसे प्रतिनिधि अथवा सदस्य जिनको सूत्रधारी कम्पनी के प्रस्ताव पारित करके अधिकृत किया है, को सहायक कम्पनी अथवा कम्पनियों की पुस्ताकों का निरीक्षण करने का अधिकार होगा एवं सहायक कम्पनी की लेखा पुस्तकें व्यवसाय के कार्य के घण्टों के दौरान ऐसे सदस्यो अथवा प्रतिनिधियों के निरीक्षण के लिए खुली रहेंगी ।

सूत्रधारी कम्पनी की पुस्तकों मे लेखा

(Accounting in the Books of Holding Company)

1. **अंशों का क्रय** :– सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के अंश क्रय करने पर निम्न प्रविष्टि होगी–

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Investment in Shares of Subsidiary Co. a/c Dr.

To Cash/Bank a/c

2. **लाभांश प्राप्तिः**–सहायक कम्पनी के लाभों को अवधि के दृष्टिकोण से निम्न दो भागों में बाँटा जा सकता हैः–

(i) अंश अधिग्रहण के पूर्व के लाभ तथा

(ii) अंश अधिग्रहरण की बाद की अवधि के लाभ।

अंश अधिग्रहरण के पूर्व के लाभों मे ससे लाभांश की प्राप्ति :– सहायक कम्पनी के अंश खरीदने की तिथि से पूर्व के लाभों मे से प्राप्त हुआ लाभांश सूत्रधारी कम्पनी का पूँजीगत लाभ है। लाभांश की इस राशि को विनियोग की लागत की वसूली मानते हुए 'सहायक कम्पनी के अंशों में विनियोग' खाते का क्रेडिट कर दिया जायेगी। लाभांश प्राप्ति की प्रविष्टि निम्न प्रकार होगी :–

Bank a/c Dr.

To Investment in Shares of Subsidiary Co. a/c

अंश अधिग्रहरण के बाद के लाभों मे से लाभाश की प्राप्ति :– सहायक कम्पनी के अंश खरीदने के पश्चात् के लाभों मे से प्राप्त हुआ लाभांश सूत्रधारी कम्पनी का आयगत लाभ माना जाता है, अतः इसे लाभ–हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में हस्तान्तरित किया जायेगा। लाभांश प्राप्ति की प्रविष्टि इस प्रकार की जावेगी–

लाभांश प्राप्ति पर :–

Bank a/c Dr.

To Dividend a/c

लाभ–हानि खाते को हस्तान्तरित करने पर :–

Dividend a/c Dr.

To Profit and Loss a/c

आंशिक रूप से पूर्व के लाभों मे से और आंशिक रूप से बाद के लाभों मे से लाभांश की प्राप्ति :– सहायक कम्पनी से सूत्रधारी कम्पनी को मिलने वाला लाभांश आंशिक रूप से अंश खरीदने के पूर्व के लाभो मे और आंशिक रूप से अंश खरीदने के बाद के लाभों में से चुकाया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में सर्वप्रथम लाभांश की राशि को अंश अधिग्रहण से पूर्व व बाद के लाभों मे विभाजित किया जायेगा तत्पश्चात् निम्न प्रविष्टियाँ की जायेगी :–

Bank a/c Dr. (लाभांश की कुल राशि से)

To Dividemd a/c (बाद के लाभों मे से प्राप्त लाभांश से)

To Investments in Shares of Subsidiary Co. a/c (पूर्व के लाभों में से प्राप्त लाभांश से)

Dividend a/c Dr.

To Profit and Loss a./c

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

बोनस अंशों की प्राप्ति :– यदि सूत्रधारी कम्पनी का सहायक कम्पनी से बोनस अंशों की प्राप्ति होती है तो इसके लिए कोई जर्नल प्रविष्टि नहीं की जायेगी। विनियोग खाते में केवल अंशों की संख्या में वृद्धि कर दी जायेगी जिसके परिणामस्वरूप विनियोग खाते में प्रति अंश लागत–मूल्य कम हो जायेगा।

उदाहरण :– 1

1 सितम्बर, 2009 को हरी लिमिटेड ने सूरेश लिमिटेड के 10 रू. वाले पूर्णदत्त 1,00,000 ईक्विटी अंश 12 रू. प्रति अंश की दर से क्रय किये। 31 मार्च, 2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सूरेश लिमिटेड ने 20 % लाभांश नकद में दिया और प्रति 5 ईक्विटी अंशों पर 1 ईक्विटी अंश बोनस के रूप में घेषित किया।

1 अप्रेल 2009 को सूरेश लि. के लाभ–हानि खाते का क्रेडिट शेष 90,000 रू. था और 31 मार्च, 2010 को वर्ष का शुद्ध लाभ, 1,80,000 रू. था। सुरेश लिमिटेड की निर्गमित अंश पूँजी 10 रू. पूर्णदत्त 1,25,000 ईक्विटी अंशों मे है।

हरि लिमिटेड की पुस्तकों मे सूरेश लिमिटेड के अंशों पर देय लाभांश व बोनस से सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। यह मानिए कि जहाँ तक सम्भव है, लाभांश सर्वप्रथम वर्ष के लाभों में दिया जाता है तथा इसके पश्चात् गत वर्षो के अवितरित लाभों में से शेष की पूर्ति की जाती है।

हल :–

Journal of Hari Ltd.

			Rs.	Rs.
Date of Receipt	Bank a/c Dr.		2,00,000	
	To Investment in Shares of Suresh a/c.			1,16,000
	To Dividend a/c			84,000
	(Dividend received out of pre-acquisition profits credited to Investment Account and out of post acquisition profits credited to Dividend Account)			
Closing entry	Dividend a/c Dr.		84,000	
	To Profit & Loss Account			84,000
	(Balance transferred)			

Investment in Shares of Suresh Ltd. Account

Date	Particulars	No. of Shares	Amount	Date	Particulars	No. of Shares	Amount
2009 Sept. 1 Date of receipt			Rs.	Date of receipt			Rs.
	To Bank a/c	1,00,000	12,00,000		By Bank a/c		1,16,000
	To Bonus Shares	20,000	-	2010 March 31	By Balance c/d	1,20,000	10,84,000
		1,20,000	**12,00,000**			**1,20,000**	**12,00,000**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

टिप्पणियाँ :–

1. सूरेश लिमिटेड की कुल निर्गमित अंश पूँजी 12,50,000 रू. है जिसमें से 10,00,000 रू. की अंश पूँजी सूरेश लिमिटेड के पास है। सूरेश लिमिटेड ने अपनी 12,50,000 रू. की अंश पूँजी पर 20 % की दर से 2,50,000 रू. का लाभांश बाँटा जिसमें से 2,00,000 रू. का लाभांश हरी लिमिटेड को प्राप्त हुआ हैं।

2. 2,50,000 रू. लाभांश का वितरण निम्न साधनों से किया गया है :–

वर्ष 2009–10 के सम्पूर्ण शुद्ध लाभ		1,80,000 रू.
गत वर्षो के लाभों मे से (शेष)		70,000 रू.
	कुल लाभांश	2,50,000 रू.

3. अंश क्रय से पूर्व के लाभों तथा उसके बाद के लीाïां का उपयोग उक्त लाभांश के लिए इस प्रकार किया गया है :–

वर्ष 2009–10 में क्रय से पूर्व का समय = माह तथा बाद का समय = 7 माह

1,80,000 रू. में क्रय से पूर्व के लाभ $= 1,80,000 \text{ x } \frac{5}{12} = 75,000$ रू.

तथा क्रय के बाद के लाभ $= 1,80,000 \text{ x } \frac{7}{12} = 1,05,000$ रू.

लाभांश के लिए अंश क्रय से पूर्व के प्रयुक्त कुल लाभ $= 75,000$ रू. $+ 70,000$ रू.

$= 1,45,000$ रू.

अंश क्रय से पूर्व तथा अंश क्रय के बाद के प्रयुक्त लाभों का अनुपात $= 1,45,000 : 1,05,000 = 29 : 21$

4. हरी लिमिटेड को प्राप्त लाभांश का पूँजीगत एवं आयगत राशियों में विभाज इस प्रकार किया गया है :–

हरी लिमिटेड द्वारा प्राप्त लाभांश $= 2,50,000 \text{ x } \frac{80}{100} = 2,00,000$ रू.

अंश क्रय से पूर्व के लाभ $= 2,00,000 \text{ x } \frac{29}{50} = 1,16,000$ रू.

अंश क्रय के बाद के लाभ) $= 2,00,000 \text{ x } \frac{21}{50} = 84,000$ रू.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

सहायक कम्पनी की हानियों के लिए आयोजन :

सहायक कम्पनी हानियों को भी अवधि के दृष्टिकोण से निम्न दो भागों में बांटा जा सकता है :

1. अंश क्रय से पूर्व की हानियां
2. अंश क्रय के बाद की हानियां

सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के अंश जिस तारीख को क्रय किये जाते है उससे पहले की सहायक कम्पनी की हानियों को अंशो का क्रय मूल्य निर्धारित करते समय ध्यान में रखा गया होगा। अतः ऐसी हानियों के लिए सूत्रधारी कम्पनी की पुस्तकों में किसी प्रकार का आयोजन बनाने की आवश्यकता नहीं होती हैं। अंश क्रय करने की तारीख के बाद की सहायक कम्पनी की हानियों में सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से की हानि के सम्बन्ध में आयोजन बनाया जायेगा। इसके लिए सूत्रधारी कम्पनी के लाभ–हानि खाते को डेबिट एवं सहायक कम्पनी की हानियों के लिए आयोजन खाते को क्रेडिट किया जायेगा। सहायक कम्पनी को आगामी वर्षो में लाभ होने पर पूर्व वर्षो की हानि की राशि अपलिखित कर दी जाती है और सहायक कम्पनी की हानियों के लिए आयोजन खाते का शेष लाभ–हानि खाते में हस्तान्तरित कर दिया जायेगा। सहायक कम्पनी की लाभ की स्थिति में सुधार न होने पर सूत्रधारी कम्पनी यदि उचित समझे तो इस आयोजन खाते का शेष में स्थान्तरण कर दिया जायेगा।

उदाहरण :– 2

ए लिमिटेड ने 1 अगस्त 2005 को बी लिमिटेड को 100 रु. वाले 16,000 ईक्विटी अंश खरीदे। बी लिमिटेड की कुल निर्गमित अंश पूंजी 100 रु. वाले 20,000 ईक्विटी अंशो की थी। 1 अप्रैल 2005 को बी लिमिटेड के लाभ–हानि खाते में 1,50,000 रु. का डेबिट शेष था। बाद में बी लिमिटेड के व्यापारिक परिणाम निम्न प्रकार रहे :

वर्ष 2005–06 के लिए 24,000 रु. हानि वर्ष 2006–07 के लिए 42,000 हानि, वर्ष 2007–08 के लिए 1,20,000 रु. लाभ, वर्ष 2008–09 के लिए 1,00,000 रु. लाभ।

प्रत्येक वर्ष के अन्त में ए लिमिटेड, बी लिमिटेड में अपने हिस्से की हानि की राशि के 50 प्रतिशत के लिए आयोजन का निर्माण करती हैं। बी लिमिटेड की लार्भाजन क्षमता को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च 2009 को ए लिमिटेड उपरोक्त आयोजन को अपनी पुस्तकों में वापिस लिखने का निर्णय करती हैं। वर्ष 2005–06 से 2008–09 तक प्रत्येक वर्ष के अन्त में ए लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिए तथा सहायक कम्पनी की हानियों के लिए आयोजन खाता तैयार कीजिए।

हल

Journal of A Ltd.

		Dr. Rs.	Cr. Rs.
2006 March 31	Profit and Loss a/c Dr.	6,400	

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

	To Provision for Losses of B Ltd. (Provision made for post acquisition losses of B Ltd.)		6,400
2007 March, 31	Profit and Loss a/c Dr. To Provision for Losses of B Ltd. (Provision made for post acquisition losses of B Ltd.)	16,800	16,800
March, 31	Provision for Losses of B Ltd. Dr. To Profit and Loss a/c (Provision no longer required written back)	23,200	23,200

Provision for Losses of B Ltd. Account

		Rs.			Rs.
2006 March 31	To Balance c/d	6,400	2006 March 31	By Profit and Loss a/c	6,400
2007 March 31	To Balance c/d	23,200	2006 April, 1	By Balance b/d	6,400
			2007 March 31	By Profit and Loss a/c	16,800
		23,200			23,200
2008 March 31	To Balance c/d	23,200	2007 April 1	By Balance b/d	23,200
2009 March 31	To Profit and Loss a/c	23,200	2008 April 1	By Balance b/d	23,200

Working Note :

1. ए लिमिटेड द्वारा बी लिमिटेड में अंश अधिग्रहण की तिथि से पूर्व की हानियों के लिए कोई आयोजन नहीं बनाया जायेगा। अंश अधिग्रहण से पूर्व की हानि की राशि निम्न प्रकार होगी :
   1 अप्रैल 2005 को लाभ–हानि खाते का डेबिट शेष = 1,50,000 रु.
   वर्ष 2005–06 के प्रथम चार माह की हानि (24,000 x 4 / 12) = 8,000 रु.
   कुल हानियां = 1,58,000 रु.
2. वर्ष 2005–06 के अन्तिम आठ माह की हानि = (24,000 x 8 / 12) = 16,000 रु.
   हानि की राशि में सूत्रधारी कम्पनी का हिस्सा = (16,000 x 80 / 100) = 12,800 रु.
   सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से की हानि के लिए
   आयोजन की राशि = (12,800 x 50 / 100)= 6,400 रु.
3. वर्ष 2006–07 के लिए हानि की कुल राशि = 42,000 रु.
   हानि की राशि में सूत्रधारी कम्पनी का हिस्सा = (42,000 x 80 / 100) = 33,600 रु.
   सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से की हानि के लिए आयोजन की राशि (33,600 x 50 / 100)= 16,800 रु
4. वर्ष 2007–08 व 2008–09 में सहायक कम्पनी को लाभ हुआ है, अतः सूत्रधारी कम्पनी को आयोजन बनाने की आवश्यकता नहीं हैं।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

एकीकृत चिट्ठा एवं लाभ–हानि खाता

(Consolidated Balance Sheet and Profit & Loss Account)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

एकीकृत वित्तीय विवरण :–

पूर्व में भारत में सूत्रधारी कम्पनियाँ वैधानिक रूप से एकीकृत या समूह खाते तैयार करने के लिए बाध्य नहीं थी, किन्तु अब AS 21- 'एकीकृत वित्तीय विवरण' जारी होने से प्रत्येक सूत्रधारी कम्पनी के लिये वित्तीय विवरणों को एकीकृत करना अनिवार्य हो गया है। सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनी के वित्तीय विवरणों को एकीकृत करना इसलिये आवश्यक होता है ताकि सूत्रधारी कम्पनी के अंशधारी अपने हित के बारे में अधिक स्पष्ट रूप से जानकारी प्राप्त कर सकें। हालांकि सूत्रधारी कम्पनी के अंशधारियों का हित सहायक कम्पनी में उनके विनियोग की सीमा तक ही सीमित होता है किन्तु यदि सहायक कम्पनी से सम्बन्धित सूचनाऐं सूत्रधारी कम्पनी के वित्तिय विविरणों के साथ अलग से दिखाऐ जाते है, तो यह उसके वित्तीय विवरणों का स्पष्ट चित्र प्रस्तुत नही करेगा। अतः यह आवश्यक है कि सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के लिए एक मात्र चिट्ठा एवं एक मात्र लाभ–हानि खाता बनाया जाय। इसके पीछे प्रमुख धारणा यह है कि सूत्रधारी कम्पनी एवं उसकी सभी सहायक सम्पनियाँ एक समूह के रूप में एक व्यावसायिक इकाई की भाँति कार्य करती है हालांकि वे अलग–अलग वैधानिक अस्तित्व रखती है।

एकीकृत चिट्ठा :–

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के चिट्ठों में प्रदर्षित सम्पत्तियों एवं दायित्व को सम्मिलित करके जब नया चिट्ठा तैयार किया जाता है, तो उसे एकीकृत चिट्ठा करते है। इससे सम्पूर्ण समूह की आर्थिक स्थिति की सही जानकारी प्रस्तुत की जा सकती है। सहायक कम्पनी की अंश पूँजी में सूत्रधारी कम्पनी के विनियोग के दृष्टिकोण से सहायक कम्पनियों को दो श्रेणियों में बाँटा जा सकता है :–

(i) सम्पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी :– जब किसी कम्पनी द्वारा निर्गमित सभी अंश एक अन्य कम्पनी के स्वामित्व तथा नियन्त्रण में होते है, ऐसी कम्पनी सम्पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी कहलाती है। ऐसी कम्पनियों के चिट्ठों को एकीकृत करते समय निम्नलिखित गणनाएँ की जायेंगी।

(1) अंश अधिग्रहण से पूर्व व अंश अधिग्रहण के पश्चात् के लाभें की गणना :– सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी जिस वित्तीय वर्ष में खरीदे जाते हैं उससे पूर्व के वर्षो के समस्त अवितरित लाभ अंश अधिग्रहण से पूर्व लाभ कहलाते है। जिस वित्तीय वर्ष के मध्य में सहायक कम्पनी के अंश सूत्रधारी कम्पनी द्वारा खरीदे गये हैं उस वित्तीय वर्ष के लाभों को भी दो भागों में बाँटा जाता है। उस वित्तीय वर्ष के समस्त लाभों का समय के अनुसार में बाँटकर अंश क्रय से पूर्व की अवधि के लाभ एवं पश्चात् की अवधि के लाभों की गण्ना कर ली जाी है। यदि सूत्रधारी कम्पनी ने कहायक कम्पनी के अंश वित्तीय वर्ष की प्रारम्भिक तिथि को ही खरीद लिये हैं तो उस वित्तीय वर्ष का समस्त लाभ अंश अधिग्रहण के पश्चात् का लाभ कहलायेगा। यदि सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के अंश वित्तीय वर्ष की अन्तिम तिथि को ही खरीदे है। तो उस वित्तीय वर्ष का समस्त लाभ अंश अधिग्रहण से पूर्व का लाभ माना जायेगा। अंश अधिग्रहण से पूर्व के लाभों का सहायक कम्पनी के शुद्ध मूल्य की गणना में जोड़ दिया जायेगा तथा अंश अधिग्रहण के पश्चात् के लाभों को एकीकृत लाभ की गणना करते समय जोड़ा जायेगा।

(2) सहायक कम्पनी के शुद्ध मूल्य की गणना :– सूत्रधारी कम्पनी द्वारा सहायक कम्पनी के अंश क्रय की तिथि को सहायक कम्पनी के शुद्ध मूल्य की गणना की जाती है। यह गणना निम्न प्रकार की जाती है–

		Rs.
Paid-up Share Capital of Subsidiary Company		....
Add : Opening Balance of Capital Reserves		....
Opening Balance of Revenue Reserves		....
Pre-acquisition Trading Profits		....
Profit on Revaluation of Assets and Liabilities		....
	Rs.	....
Less : Opening Balance of Profit and Loss a/c (Dr.)	....	
Balance of Fictitious Assets viz. Preliminary Expenses, Discount on Issue of Shares etc.	....	
Pre-acquisition Trading Losses	....	
Loss on Revaluation of Assets and Liabilities	....	....
Net worth		....

(3) ख्याति अथव नियन्त्रण की लागत की गणना :– शुद्ध मूल्य की गणना करने के पश्चात् इसकी तुलना सहायक कम्पनी के अंशों में विनियोग की लागत से की जाती है। यदि विनियोग की लागत शुद्ध मूल्य से अधिक हो तो आधिक्य की राशि को ख्याति माना जाएगा तथा उसे एकीकृत चिट्ठे में सम्पत्ति पक्ष की ओर ख्याति के रूप में दिखाया जायेगा। शुद्ध मूल्य की राशि विनियोग की लागत से अधिक होने पर आधिक्य राशि को पूँजीगत संचय माना जाएगा जिसे एकीकृत चिट्ठे के दायित्व पक्ष की ओर दिखाया जायेगा। सूत्र रूप मं इसे इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

Goodwill = Cost of Investment-Net Worth

Capital Reserves = Net worth- Cost of nvestment

यदि सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के चिट्ठे में पहले से ही ख्याति की मदें विद्यमान हैं तो उपरोक्त प्रकार से गणना करने पर ख्याति आती है तो इन सबकों जोड़कर एकीकृत चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष की ओर लिख दिया जायेगा। यदि उपरोक्त गणना करने पर पूँजीगत संचय आता है तो उसे दोनों कम्पनियों की ख्याति के योग में से घटाकर शेष राशि को ही सम्पत्ति पक्ष की ओर दिखाया जायेगा। पूँजीगत संचय की राशि ख्याति की राशि से अधिक होने पर शेष राशि को एकीकृत चिट्ठे में दायित्व पक्ष की ओर दिखाया जायेगा।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

कुछ लेखक ख्याति के स्थान पर नियन्त्रण की लागत का प्रयोग करते हैं वैसे दोनों ही एक–दूसरे के समानार्थक माने जाते है लेकिन फिर भी इनमें कछ सांकेतिक अन्तर हैं यह स्वाभाविक ही है कि जब एक कम्पनी दूसरी कम्पनी पर नियन्त्रण स्थापित करना चाहती है तो उसे दूसरी कम्पनी के अधिकांश अंश खरीदने पडते है और जब किसी कम्पनी के अंश खरीदे जाते है तब बाजार में उनकी संख्या कम हो जाती है और जैस–जैसे और अधिक अंश खरीदे जाते है उनकी संख्या और कम होती जाती है। फलस्वरूप उन अंशों का बाजार मूल्य बढता जाता है। किसी सहायक कम्पनी के अंशों के मूल्य में इस प्रकार से जो वृद्धि होती है उसका कारण न तो उस कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य है, न उसकी लाभोपार्जन क्षमता है, और न उसकी ख्याति है। यदि इसका कोई कारण हो सकता है तो केवल उस कम्पनी के अंशो का बडी संख्या में खरीदा जाना हो सकता है।

यदि किसी कम्पनी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हो और उसमें लाभोपार्जनकी क्षमता भी नहीं हो तो ऐसी स्थिति में उसी ख्याति का भी कोई प्रश्न नहीं उठता; फिर भी हो सकता है कि दूसरी कम्पनीख जो उस पर नियन्त्रण करना चाहती है, अपने किसी हित के कारण उस कम्पनी के अंश खरीदा चाहती हो और इस बात की भी सम्भावना हो सकती है कि जिस कम्पनी को अंश खरीदकर सहायक कम्पनी बनाया जा रहा है उस कम्पनी की दशा इतनी खराब हो कि उसमें ख्याति की कोई सम्भावना ही न हो, लेकिन, फिर भी कोई दूसरी कम्पनी अपने निजी हित के लिए उस कम्पनी पर अपना नियन्त्रण स्थापित करना चाहती हो तो उसे नियन्त्रण की लागत के रूप में अंशों के शुद्ध मूल्य से अधिक भुगतान करना पडेगा।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि जब कम्पनी की लाभोपार्जन क्षमता एवं आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर उसके अंशों के लिए शुद्ध मूल्य से अधिक मूल्य देना उचित एवं न्याय–संगत हो तब इसे ख्याति माना जाए और शेष अन्य सभी परिस्थितियों में उसे नियन्त्रण की लागत माना जाए।

(4) एकीकृत लाभ की गणना :– सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के लाभों को मिलाकर एकीकृत चिट्ठे में दायित्व पक्ष में दिखाया जाता है जिसे एकीकृत लाभ कहा जाता है। इसकी गणना इस प्रकार की जाती है।

	Rs.
Opening balance of Profit and Loss a/c of Holding Co.	--------
Add : Profit for the year of Holding Co.	--------
Share in post-acquisition profit of Subsidiary Co.	--------
Consolidated Profit	--------

यदि उपरोक्त में लाभ के स्थान पर हानि होगी तो उसे घटा दिया जायेगा।

एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड के सभी अंश 1 अप्रैल, 2009 को क्रय कर लिये और दोनो कम्पनियों के चिट्ठे 31 मार्च 2010 को इस प्रकार है :–

Liabities	H Ltd.	S Ltd.	Assets	H Ltd.	S Ltd.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Share Capital	2,00,000	1,20,000	Sundry Assets	2,60,000	2,80,000
General Reserve on 1-4-2009	80,000	60,000	Investments in Shares of S Ltd. at cost	2,00,000	-
Profit and Loss Account	1,00,000	40,000			
Sundry Creditors	80,000	60,000			
	4,60,000	2,80,000		4,60,000	2,80,000

एस लिमिटेड के लाभ–हानि खाते में 1 अप्रैल 2009 को 12,000 रु. क्रेडिट शेष था। 31 मार्च 2010 को एकीकृत चिट्‌ठा बनाइए।

हल :–

Consolidated Balance Sheet of H Ltd. and its Subsidiary S Ltd

as on 31st March,2010

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Share Capital	2,00,000	Goodwill	8,000
General Reserve	80,000	Sundry Assets	5,40,000
Consolidated Profit	1,28,000		
Sundry Creditors	1,40,000		
	5,48,000		**5,48,000**

Working Notes:

Calculation of Net Worth of S Ltd.

Paid up Share Capital	1,20,000
Add: General Reserve on 1.4.2009	60,000
Opening Balance of P.& L a/c	12,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Net Worth	1,92,000

(ii) calculation of Goodwill or Capital Reserve

Cost of Investment	2,00,000
Less: Net Worth	1,92,000
Goodwill	8,000

(iii) Calculation of Consolidated Profit

Profit and Loss a/c of H Ltd.	1,00,000
Add: Post Acquisition Profit of S Ltd. (40,000-12,000)	28,000
Consolidated Profit	**1,28,000**

(ii) आंशिक स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी :– जब किसी कम्पनी द्वारा निर्गमित अंशों का आधे से अधिक भाग किसी अन्य कम्पनी के स्वामित्व एवं नियन्त्रण में होता है तथा उसके अंशों का शेष भाग बाह्य व्यक्तियों के स्वामित्व में होता है, तो ऐसी कम्पनी 'आंशिक स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी' कहलाती है। ऐसी स्थिति में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी का एकीकृत चिट्ठा बनाने के लिए क गई उपरोक्त गणनाओं के अतिरिक्त अल्पमत अंशधारियों के हित की गणना निम्न प्रकार की जाएगी।

	Rs.
Share in Net Worth of Subsidiary Company	---------
Add : Share in Post-acquisition Profits	---------
Minority Shareholders' Interest	---------

सहायक कम्पनी की अंश अधिग्रहण के बाद की अवधि में हानि होने पर उसे घटा दिया जायेगा। अल्पमल अंशधारियों के हित की राशि को एकीकृत चिट्ठे के दायित्व पक्ष की ओर दिखाया जायेगा।

उदाहरण :– 3

निम्न चिट्ठो से एच लिमिटेड तथा इसकी सहायक कम्पनी एस लिमिटेड का एकीकृत चिट्ठा तैयार कीजिए। 1 अक्टूबर 2009 को अंश क्रय किये गये।

Liabilities	H	S	Assets	H	S
Equity share capital of Rs. 100 each	30,00,000	6,00,000	Land and Building	24,00,000	4,00,000
General reserve	4,00,000	-	Plant & Machinery	4,00,000	4,00,000
P & L a/c	6,00,000	2,10,000	Current Assets	11,60,000	2,00,000
Creditors	5,00,000	1,90,000	Investment 5400 share in H Ltd.	5,40,000	
	45,00,000	**10,00,000**		**45,00,000**	**10,00,000**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Solution-

Consolidated Balance Sheet of Ram Ltd and its Subsidiary Sham Ltd as on 31st March 2010

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Equity share capital of Rs. 100 each	30,00,000	Land and Building	28,00,000
Capital reserve	1,35,000	Plant & Machinery	8,00,000
General reserve	4,00,000	Current assets	13,60,000
Consolidated profit	6,54,000		
Minority Shareholder Interest	81,000		
Sundry creditors	6,90,000		
	49,60,000		**49,60,000**

Working note :

1. **Calculation of Net Worth of B Ltd.**

Paid up Share Capital	6,00,000
Opening balance of P & L a/c	90,000
Pre- Acquisition Profit of Six months	60,000
Net worth	7,50,000

2. **Calculation of Goodwill or Capital Reserve**

Cost of Investment	5,40,000
Less-Share in Net Worth (7, 50,000 × 90%)	6,75,000
Capital Reserve	1,35,000

3. **Calculation of Minority Share Holder Interest**

Share in Net worth (75,0000 × 10%)	75,000
Add -Share in Prost Acquisition Profit (60,000 × 10%)	6,000
Minority Share Holder Interest	81,000

4. **Calculation of Consolidated Profit :**

Balance of P & L a/c	6,00,000
Add -Share in Prost Acquisition Profit (60,000 × 90%)	54,000
Consolidated Profit	6,54,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अन्तःकम्पनी व्यवहारों को रद्द करना

(Cancellation of Inter-Company Transactions)

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के मध्य परस्पर लेन–देन रहते हैं जिनके परिणामस्वरूप इनके चिट्ठे में कुछ मदें ऐसी होती हैं जो एक–दूसरे से सम्बन्धित होती है। एकीकृत चिट्ठा बनाते समय ऐसी मदों के प्रभाव को हटाना आवश्यक होता है। ये मदें निम्नलिखित हो सकती है।

(i) देनदार व लेनदार :–

परस्पर उधार क्रय–विक्रय तथा प्रदत्त सेवाओं के कारण देनदार व लेनदार उत्पन्न होते है। सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी के चिट्ठों में दिखाई गई ऐसी राशियों को एकीकृत चिट्ठा बनाते समय दोनों तरफ से हटा दिया जायेगा।

(ii) प्राप्य बिल एवं देय बिल :

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी द्वारा एक–दुसरे पर लिखे गये एवं स्वीकार किये गये देय तथा प्राप्य बिल जिन्हें न तो भुनाया जा सकता है और न ही बेचान किया गया है तथा जो चिठे की तिथि को भुगतान के लिए देय नही है , एकीकृत चिट्ठा बनाते समय ऐसी राशियों को दोनों तरफ जाता है । उदाहरणार्थ सूत्रधारी कम्पनी ने अपनी सहायक कम्पनी पर 25,000रु. का बिल लिखे तथा स्वीकृत के पश्चात 15,000 रु. के बिल सूत्रधारी कम्पनी द्वारा बैंक में भुनवा लिये गये । ऐसी स्थिति में सूत्रधारी कम्पनी के चिठे में प्राप्य बिलों की राशि 10,000 रु. होगी तथा 15,000 रु. के संदीग्ध दायित्व होंगे जिन्हे चिठे के नीचे बताया जाएगा । सहायक कम्पनी के चिठे में 25,000 रु. मे देय होंगे । एकीकृत चिठा बनाते समय 10,000 रु. की राशि दोनों तरफ कम कर दी जायेगी । एकीकृत चिठा के नीचे संदीग्ध दायित्व के रूप में भुनाये गये बिलों की 15,000 रु. की राशि नहीं दिखायी जायेगी।

(iii) परस्पर ऋण व अग्रिम :

यदि सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी ने आपस में कोई उधार ली है तो यह राशि उधार देने वाली कम्पनी के चिठे में सम्पती पक्ष पर उधार लेने वाली कम्पनी के चिठे में दायित्व पक्ष की ओर दिखायी जायेगी । एकीकृत चिठा बनाते समय इस राशि को दोनों तरफ से हटा देते है । इसी प्रकार यदि दोनों कम्पनीयों के मध्य होने वाली आपसी व्यवहारों के लिए चालू खाते खुले हुए हैं तो इन्हे भी एकीकृत चिठा बनाते समय दोनों तरफ से हटा दिया जाएगा । यदि दोनों राशियों में अन्तर हो तो अन्तर की राशि को एकीकृत चिठे में सम्पति पक्ष की ओर मार्गस्थ रोकड़ लिख दिया जायेगा ।

(iii) ऋणपत्र :

यदि सुत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी के अथवा सहायक कम्पनी ने सूत्रधारी कम्पनी के ऋणंपत्र क्रय कर रखे हो तो इन्हे एकीकृत चिठा बनाते समय अन्तः कम्पनी व्यवहार मानकर दोनों तरफ से हटा दिया

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

जायेगा । ऋणपत्रों की प्राप्ति की लागत उनके अंकित मूल्य प्रदत मूल्य से अधिक होने पर आधिक्य ख्याति में जोड़ दिया जायेगा अथवा पूँजीगत संचय में से घटा दिया जायेगा और यदि क्रय मूल्य प्रदत मूल्य से कम है तो अन्तर की राशि पूँजीगत संचय में जोड़ दी जायेगी अथवा ख्याति में से कम कर दी जायेगी ।

(v) पूर्वाधिकार अंश :

यदि सहायक कम्पनी ने पूर्वाधिकार अंशो का भी निर्गमन कर रखा है तो एकीकृत चिठा बनाते समय इसका भी समायोजन करना होगा । यदि इन सभी अंशो को सूत्रधारी कम्पनी ने धारित कर रखा हो तो इन्हे सूत्रधारी कम्पनी के चिठे के सम्पति पक्ष में विनियोग के रूप में दिखाया गया होगा तथा सहायक कम्पनी के चिठे के दायित्व पक्ष मे अंश पूँजी शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया गया होगा । यदि सूत्रधारी कम्पनी द्वारा इन अंशो को प्रदत मूल्य पर क्रय किया गया है तो एकीकृत चिठा बनाते समय इन्हे अन्तः कम्पनी व्यवहार मानकर हटा देया जायेगा , लेकिन इन अंशो का क्रय मूल्य इनके प्रदत मूल्य से भिन्न होने पर अन्तर की राशि ख्याति अथवा पूँजीगत संचय में सम्मिलित कर ली जायेगी । यदि सहायक कम्पनी के पूर्वाधिकार अंश पूर्णतः बाह्य अंशधारियों द्वारा धारित किये जाते हैं तो उनका प्रदत मूल्य बाह्य अंशधारीयो मे जोड़ दीया जायेगा । सहायक कम्पनी के पूर्वाधीकार अंश अंशतः सूत्रधारी कम्पनी के पास व अंशतः बाह्य अंशधारीयों के पास होने पर सूत्रधारी कम्पनी का हिस्सा उपरोक्त नियम के आधार पर समायोजित कर लिया जायेगा तथा बाह्य अंशधारियों का हिस्सा उनके हित में जोड़ दिया जायेगा ।

उदाहरण :– 4

एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड के 10 रु. अंकित मूल्य वाले 18,000रु. ईक्विटी अंश 2,55,000 रु. की लागत पर 1 अक्टुबर,2009 को खरीदे । 31 मार्च 2010 को दोनों कम्पनीयों के चिठे इस प्रकार थे :

Liabilities	H	S	Assets	H	S
Equity share capital of Rs. 10 each	15,00,000	3,00,000	Land and Building	10,50,000	2,55,000
General reserve (as on 1.4.2009)	6,30,000	1,50,000	Plant & Machinery	7,50,000	1,50,000
P & L a/c (as on 1.4.2009)	1,35,000	60,000	Stock	3,00,000	60,000
Profit for the year	2,55,000	67,500	Debtors	4,50,000	2,02,000
Creditors	3,60,000	1,38,000	Investment	3,00,000	-
Bills Payable	1,20,000	90,000	Bank	90,000	75,000
			Cash	30,000	18,000
	30,00,000	**8,05,000**		**30,00,000**	**8,05,000**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

एच लिमिटेड के देनदारों और प्राप्य बिलों में से कमशः 75,000 रु और 24,000 रु. एस लिमिटेड द्वारा देय हैं। 31 मार्च 2010 को एक एकीकृत चिट्ठा तैयार करों।

हल :–

Consolidated Balance Sheet of H Ltd. and its Subsidiary S Ltd. as in 31st March, 2010

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Equity share capital of Rs. 100 each	15,00,000	Land and Building	13,05,000
Capital reserve	71,250	Plant & Machinery	9,00,000
General reserve	6,30,000	Investment	45,000
Consolidated profit	4,10,250	Stock	3,60,000
Minority Shareholder Interest	2,31,000	Debtors(4,50,000+2,02,000-75,000)	5,77,500
Sundry creditors(3,60,000+1,38,000-75,000)	4,23,000	Bills Receivables(30,000+45,000-24,000)	51,000
Bills Payable (1,20,000+90,000-24,000)	1,86,000	Bank & Cash (1,65,000+48,000)	2,13,000
	34,51,500		**34,51,500**

Working note :

1. **Calculation of Net Worth of H Ltd.**

Paid up Share Capital	3,00,000
Opening balance of P & L a/c	60,000
Opening balance of General Reserve	1,50,000
Pre- Acquisition Profit (67500×6/12)	33,750
Net worth	**5,43,750**

2. **Calculation of Goodwill or Capital Reserve**

Cost of Investment	2,55,000
Less-Share in Net Worth (5,43,750 × 60%)	3,26,250
Capital Reserve	71,250

3. **Calculation of Minority Share Holder Interest**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Share in Net worth (5,43,750 × 40%)		3,26,250
Add -40% of Share in Prost Acquisition Profit (33,750 × 40%)		13,500
	Minority Share Holder Interest	2,31,000

4. **Calculation of Consolidated Profit :**

Opening Balance of Profit of H Ltd.		1,35,000
Add- Current Year Profit H Ltd.		2,55,000
Add -Share in Post Acquisition Profit (33,750 × 60%)		54,000
	Consolidated Profit	4,10,250

स्टॉक में सम्मिलित न वसूल हुए लाभ के साथ व्यवहार :

सूत्रधारी कम्पनी और उसकी सहायक कम्पनी के मध्य माल के क्रय–विक्रय सम्बन्धी लेन–देन चलते रहते है । प्रायः ऐसे लेन–देन माल की लागत में लाभ का एक निश्चित प्रतिशत जोड़ कर किये जाते है । वार्षिक खाते बनाने की तिथि को ऐसे माल में से शेष बचे माल को क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में उसके लागत मूल्य पर ही दिखाया जाता है । जिसमें विक्रेता कम्पनी द्वारा लिया गया लाभ सम्मिलित होता है । अतः एकीकृत चिठा बनाते समय विक्रेता कम्पनी के द्वारा वसूल किये गये लाभों के लिए समायोजन करना आवश्यक होता है ।

1. न वसूल हुए लाभ की गणना :

यदि विक्रेता कम्पनी द्वारा क्रेता कम्पनी को बेचे गये माल, उस पर वसूल कीये गये कुल लाभ तथा क्रेता कम्पनी के पास माल में से शेष स्टॉक की सूचना उपलब्द है तो ऐसे लाभ का वह अनुपात , जो शेष रहे स्टॉक का क्रय किये गये माल के साथ है , न वसूल हुआ लाभ होगा । उदाहारणार्थ यदि सूत्रधारी कम्पनी ने सहायक कम्पनी का 50,000 रु. का माल बेचा जिसमें 10,000 रु. लाभ सम्मिलित है तथा एकीकृत चिठा बनाने की तिथि को सहायक कम्पनी के स्टॉक में 20,000रु. का ऐसा ऐसा माल सम्मिलित है तो न वसूल हुआ लाभ $\left(\frac{10,000}{50,000} X\ 20,000\right)$ 4,000रु. होगा । यदि विक्रेता कम्पनी द्वारा वसूल किये गये लाभों का प्रतिशत दिखाया गया है तो इस प्रतिशत के आधार पर न वसूल हुए लाभों की गणना की जा सकती है । ऐसा प्रतिशत लागत पर अथवा विक्रय मूल्य पर दिया जा सकता है ˙ यदि लाभो का प्रतिशत विक्रय मूल्य पर दिया गया है तो क्रेता कम्पनी के पास शेष रहे माल पर इस प्रतिशत के आधार पर न वसूल हुये लाभ की राशि कर ली जायेगी । लाभ का प्रतिशत क्रय मूल्य अर्थात लागत मूल्य पर दीया हुआ होने पर ऐसे प्रतिशत को निम्न सूत्र की सहायता से विक्रय मूल्य में परिवर्तित करके न वसूल हुए लाभ की गणना कर ली जाती है :

$$\text{Unrealized Profit} = \frac{\text{Percentage of Profit on Cost}}{100 + \text{Percentage of Profit on Cost}} \times \text{Unsold of Stock}$$

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

उदाहरणार्थ, सूत्रधारी कम्पनी अपना माल लागत में 25ःजोड़कर बेचती है । सहायक कम्पनी ने 30,000 रु.का माल सूत्रधारी कम्पनी से क्रय किया था जिसमें से 10,000 रु. का माल बिना बिका रहा । इस 10,000रु. के माल में सम्मिलित न वसूल हुए लाभ की गणना अग्र प्रकार की जायेगी :

न वसूला हुआ लाभ $\frac{25\%}{100 + 25\%}$ X 10,000 रु. = 2,000 रु

न वसूल हुए लाभ के साथ व्यवहार : स्टॉक में सम्मिलित न हुए समस्त लाभ को एकीकृत स्टॉक एवं एकीकृत लाभमेंसे कम कर दिया जायेगा चाहे सहायक कम्पनी के सभी या कम अंश सूत्रधारी के पास हों ।

उदाहरण :— 5

31 मार्च 2010 को एच लिमिटेड कम्पनी तथा एस लिमिटेड के चिठे इस प्रकार थे :

Liabilities	Ram	Sham	Assets	Ram	Sham
Equity share capital of Rs. 100 each	20,00,000	2,00,000	Fixed Assets	18,30,000	2,10,000
General reserve	2,70,000	80,000	Stock	4,00,000	90,000
P & L a/c	2,80,000	60,000	Bills Receivables	70,000	50,000
Bills Payables	50,000	40,000	Investment 1500 shares in Ram Ltd.	2,60,000	-
Creditors	2,00,000	1,20,000	Cash at Bank	40,000	10,000
			Debtor	2,00,000	1,40,000
	28,00,000	**5,00,000**		**28,00,000**	**5,00,000**

एच लिमिटेड ने एस लिमिटेड के अंश 31 दिसम्बर,2009 को खरिदे । 1 अप्रेल, 2009 को एस लिमिटेड का लाभ—हानि खाता 20,000रु. से नाम शेष दिखलाता था । 31 मार्च 2010 को एस लिमिटेड ने 8,000रु. सामान्य संचय में स्थानान्तरित कीये । एच लिमिटेड के लेनदारों में 30,000रु. एस लिमिटेड से उधार माल खरीदने की राशि सम्मिलित है । एच लिमिटेड के अन्तिम स्टॉक में 10,000रु. का बिना बिका माल सम्मिलित है जा कि एस लिमिटेड द्वारा लागत पर 25ः लाभ लेकर बेचा गया था । एस लिमिटेड के प्राप्य देय बिलों में 15,000रु. के ऐसे बिल है। जो एच लिमिटेड के पक्ष में स्वीकार किये गये थे । एच लिमिटेड के प्राप्य बिलों में 8,000रु. के ऐसे बिल हैं जो एस लिमिटेड से प्राप्य हुए थे । एच लिमिटेड का भुनाये गये बिलों के सम्बध में 20,000रु. का संदिग्ध दायित्व है । एकीकृत चिठा तैयार कीजीये।

हल :—

Consolidated Balance Sheet of Ram Ltd and its Subsidiary Sham Ltd as on 31st March 2010

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Equity share capital of Rs. 100 each	20,00,000	Goodwill	21,500
General reserve	2,70,000	Fixed Assets	20,40,000
Consolidated profit	2,94,500	Stock	4,88,000
Minority Shareholder Interest	85,000	Debtors	3,10,000
Bills Payable	82,000	Bills Receivable	1,12,000
Sundry creditors	2,90,000	Bank balance	50,000
	30,21,500		**30,21,500**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Working note:

Determination of Profit of Sham Ltd. for the Year 2009-10

Profit and loss Account

Particular	Rs.	Particular	Rs.
To balance b/d To General Reserve To Balance c/d	20,000 8,000 60,000	By Net Profit for the year (Balancing Figure)	88,000
	88,000		**88,000**

1. **Calculation of Net Worth of Sham Ltd.**

Paid up Share Capital	2,00,000
General Reserve (80,000-8000)	72,000
Profit up to 31st Dec.,2009(88,000×9/12)	66,000
	3,38,000
Less- Debit balance of P & L a/c (Opening)	20,000
Net worth	3,18,000

2. **Calculation of Goodwill or Capital Reserve**

Cost of Investment	2,60,000
Less-Share in Net Worth of Sham (3, 18,000 × 75%)	2,38,500
	21,500
Goodwill	

3. **Calculation of Minority Share Holder Interest**

Share in Net worth (3,18,000 × 25%)	79,500
Add -Share in Prost Acquisition Profit (88,000 ×3/12× 25%)	5,500
Minority Share Holder Interest	85,000

4. **Calculation of Unrealised Profit in Closing Stock of Sham Ltd**

Unsold Stock	10,000
Stock Reserve/ Unrealised Profit in unsold stock (10000 × 25/125)	2,000

5. **Calculation of Consolidated Profit :**

Balance of P & L a/c of Ram Ltd	2,80,000
Add -Share in Prost Acquisition Profit (88,000 ×3/12× 75%)	16,500
	2,96,500
Less – stock reserve of unrealsied profit	2,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Consolidated Profit	2,94,500

6. Calculations

Stock = Rs4,00,000+Rs.90,000 – Rs.2,000	4,88,000
Bills Receivables (70,000+ Rs. 50,000 – Rs. 8,000)	1,12,000
Debtors (2,00,000 + 1,40,000 - 30,000)	3,10,000
Bills payables (50,000 + 40,000 – 8,000)	82,000
Creditors (2,00,000 + 1,20,000 -30,000)	2,90,000

विशिष्ट मदों का समायोजन

(Adjustment of Specific Items)

एकीकृत चिठा बनाते समय निम्नलिखित मदों के सम्बन्ध मे दी गई सूचनाओ के अनुसार उनका समायोजन करना आवश्यक हो जाता हैः

प्रस्तावित लाभांश :–

यदि सहायक कम्पनी ने लाभांश प्रस्तावित किया है तो इसकी राशि उसके चिठे के दायित्व पक्ष में दिखाई गई होगी । एकीकृत चिठा बनाते समय प्रस्तावित लाभांश की राशि को चालु वर्ष के लाभो में जोड़ दिया जायेगा तथा इसके पश्चात लाभ की राशि को अंश अधिग्रहण से पूर्व तथा अंश अधिग्रहण के बाद के लाभो में बाँट समायोजन किया जायेगा ।

अदत लाभांश :–

यदि सहायक कम्पनी ने लाभांश घोषित किया है लेकीन अन्तिम खाते बनाने तक उसका भूगतान नहीं किया गया है तो यह सहायक कम्पनी के चिठे में दायित्व पक्ष की ओर अदत लाभांश के रूप मे दिखाया जायेगा । सूत्रधारी कम्पनी द्वारा इस लाभांश में अपने हिस्से की राशि को अपने चिठे में सम्पति पक्ष की ओर 'प्राप्य लाभांश' के रूप में एक अलग मद के अन्तर्गत अथवा विविध देनदारों में दिखाया जायेगा । एकीकृत चिठा बनाते समय सूत्रधारी कम्पनी के हिस्से को अन्तः कम्पनी व्यवहार मानकर हटा दिया जायेगा तथा बाहय अंशधारीयों से सम्बन्धित राशि उनके हित में जोड़ दी जायेगी ।

अन्तरिम लाभांश :–

यदि सहायक कम्पनी द्वारा चालू वर्ष के लाभों मे से अन्तिक लाभांश घोषित किया गया है तो अन्ररिम लाभांश में जितना हिस्सा सूत्रधारी कम्पनी को मिला है उसके लाभ में से कम कर दिया जायेगा तथा बाहय अंशधारीयो का हिस्सा उनके हित में से घटा दिया जायेगा

अंश अधिग्रहण से पूर्व के लाभो में से लाभांश :–

यदि सहायक कम्पनी ने अंश अधिग्रहण से पूर्व के लाभो में से लाभांश घोषित किया है तो सूत्रधारी कम्पनी द्वारा लाभांश को अपने लाभ–हानि खाते से क्रेडिट नहीं किया जाता है बल्कि 'सहायक कम्पनी के अंशो

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

में विनियोग खाते ' को क्रेडिट किया जाता है । यदि सूत्रधारी कम्पनी ने इस लाभांश को अपने लाभ–हानी खाते में क्रेडिट कर दिया है तो एकीकृत लाभ की गणना करते समय इसे लाभ में से कम कर देना चाहिए दुसरी तरफ सहायक कम्पनी के शुद्ध मुल्य की गणना करते समय उक्त लाभांश की राशि घटाने के पश्चात शेष लाभ का ही समायोजन किया जायेगा तथा 'सहायक कम्पनी के अंशो में विनियोग खाते' को क्रेडिट करके विनियोग कि लागत को कम कर दिया जायेगा । अल्पतम अंशधारीयों के हित की गणना में इसके सम्बन्ध में कोई समायोजन नहीं किया जाएगा ।

उदाहरण :– 6

31 मार्च 2010 को ए लिमिटेड तथा बी लिमिटेड के चिठे इस प्रकार है :

Liabilities	H	S	Assets	H	S
Equity share capital of Rs. 100 each	3,00,000	1,50,000	Freehold Premises	2,60,000	90,000
General reserve	1,90,000	6,000	Machinery	60,000	80,000
P & L a/c	1,60,000	1,08,000	Stock	68,000	60,000
Creditors	30,000	48,000	Investment 12000 shares of S Ltd.	1,80,000	-
			Cash at Bank	60,000	33,000
			Debtor	52,000	49,000
	6,80,000	**3,12,000**		**6,80,000**	**3,12,000**

ए लिमिटेड ने बी लिमिटेड के 12,000 अंश 1 अप्रैल, 2009 को 1,80,000 रु. की लागत पर प्राप्य किये। ए लिमिटेड के 31 मार्च , 2010 के चिठे की जाँच करने पर अग्रलिखित विवरण प्राप्त हुए :

(i) लाभ–हानि खाते में बी लिमिटेड से प्राप्त 10: कर मुक्त अन्तरिम लाभांश सम्मिलित है ।

(ii) स्टॉक मे बी लिमिटेड से खरीदा गया 6,000रू. का स्टॉक लागत पर सम्मिलित है ।

(iii) विविध लेनदारों में 18,000 रु. बी लिमिटेड से खरीदे गये माल के सम्मिलित हैं जिस पर बाद वाली कम्पनी ने 4,500 रु. का लाभ लिया था ।

आगे यह भी ज्ञात होता है कि 1 अप्रैल , 2009 को बी लिमिटेड के लाभ–हानि खाते का शेष 76,000रु. एवं सामान्य संचय का शेष 4,500 रु. था । बी लिमिटेड द्वारा अब तक कोई अन्तिम लाभांश प्रस्तावित नहीं किया गया है जिसकी घोषणा की जानी हो । एकीकृत चिठा बनाईए ।

हल :–

Consolidated Balance Sheet of H Ltd and its Subsidiary S Ltd as on 31st March 2010

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Equity share capital of Rs. 10 each	3,00,000	Freehold Premises	3,50,000
Capital reserve	4,400	Machinery	1,40,000
General Reserve	1,90,000	Stock	1,26,500
Consolidated profit	1,85,300	Debtors	83,000
Minority Shareholder Interest	52,800	Bank balance	93,000
Sundry creditors	60,000		
	7,92,000		**7,92,000**

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Working note:

Determination of Profit of S Ltd. for the Year 2009-10

Profit and loss Account

Particular	Rs.	Particular	Rs.
To General Reserve	8,000	By Balance c/d(76000-15000)	61,000
To Interim Dividend	15,000	By Net Profit for the year	48,500
To balance c/d	1,08,000	(Balancing Figure)	
	1,24,500		**1,24,500**

1. **Calculation of Net Worth of S Ltd.**

Paid up Share Capital	1,50,000
Opening balance of General Reserve	4,500
Opening Balance of P & L a/c	76,000
Net worth	2,30,500

2. **Calculation of Goodwill or Capital Reserve**

Cost of Investment	1,80,000
Less-Share in Net Worth of S (2,30,500 × 80%)	1,84,400
Capital Reserve	4,400

3. **Calculation of Minority Share Holder Interest**

Share in Net worth (2,30,500 × 20%)	46100
Add -Share in Prost Acquisition Profit (48,500 × 20%)	9,700
Minority Share Holder Interest	85,000

4. **Calculation of Unrealised Profit in Closing Stock of Sham Ltd**

Unsold Stock	10,000
Stock Reserve/ Unrealised Profit in unsold stock (10000 × 25/125)	2,000

5. **Calculation of Consolidated Profit :**

Balance of P & L a/c of Ram Ltd	2,80,000
Add -Share in Prost Acquisition Profit (88,000 ×3/12× 75%)	16,500
	2,96,500
Less – stock reserve of unrealsied profit	2,000
Consolidated Profit	2,94,500

6. **Calculations**

Stock = Rs4,00,000+Rs.90,000 – Rs.2,000	4,88,000
Bills Receivables (70,000+ Rs. 50,000 – Rs. 8,000)	1,12,000
Debtors (2,00,000 + 1,40,000 - 30,000)	3,10,000
Bills payables (50,000 + 40,000 – 8,000)	82,000
Creditors (2,00,000 + 1,20,000 -30,000)	2,90,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

उदाहरण :— 7

31 दिसम्बर, 2009 को साबू लिमिटेड और रामू लिमिटेड के चिट्ठे निम्न प्रकार हैः

Liabilities	Saboo Ltd.	Ramoo Ltd.	Assets	Saboo Ltd.	Ramoo Ltd.
Share Capital	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Equity Shares of Rs. 100 each	6,00,000	4,00,000	Goodwill	-	20,000
6% Perference Shares of Rs. 100 each	-	1,00,000			
General Reserve (1-1-2009)	1,60,000	80,000	Fixed Assets	3,05,000	2,50,000
P. & L. a/c	1,30,000	1,20,000	Investments	4,05,000	90,000
Bills Payable	20,000	25,000	Stock	2,20,000	3,60,000
Creditors	2,30,000	2,85,000	Debtors	2,10,000	2,50,000
Proposed Dividend	60,000	40,000	Bills Receivables	40,000	35,000
			Cash	20,000	45,000
	12,00,000	10,50,000		12,00,000	10,50,000

साबू लिमिटेड ने रामू लिमिटेड के 3,000 ईक्विटी अंश 1 जनवरी 2009 को 20 प्रतिशत प्रीमियम पर खरीद कर उसमे नियन्त्रक हित प्राप्त किया था। शेष विनियोगों में रामू लिमिटेड के 400 पूर्वाधिकार अंश लागत पर सम्मिलित हैं। साबू लिमिटेड की पुस्तकों में 31 दिसम्बर, 2009 को एकीकृत चिट्ठा तैयार कीजिए। आपको निम्नलिखित सूचनाएं और दी जाती है :

1. रामू लिमिटेड के लाभ–हानि खाते में वर्ष 2008 से लायी गई 20,000 रु. की राशि सम्मिलित हैं।

2. साबू लिमिटेड के लेनदारों में 12,000 रु. की राशि ऐसे माल से सम्बन्धित है जो कि रामू. लि. से खरीदा गया था। यह माल अभी तक नहीं बिका हैं। रामू लिमिटेड अपने माल को लागत मूल्य में 20 प्रतिशत लाभ जोड़कर बेचती हैं।

3. रामू लिमिटेड ने 30 दिसम्बर 2009 को 10,000 रु का एक चैक प्रेषित किया था जो कि साबू लिमिटेड को जनवरी 2010 में प्राप्त हुआ हैं।

4. रामू लिमिटेड से प्राप्त कुल 25,000 रु. के प्राप्य बिलों से 20,000 रु. के बिल साबू लिमिटेड द्वारा भुनाये हुए है, तथा रामू लिमिटेड को साबू लिमिटेड से जो 15,000 रु. के बिल प्राप्त हुए है, इन सब को रामू लिमिटेड ने अपने लेनदारों को बेचान किया हुआ हैं।

5. साबू लिमिटेड और रामू लिमिटेड के संचालकों ने वर्ष 2009 के लिए अपनी ईक्विटी अंश पूंजी पर 10 प्रतिशत लाभांश प्रस्तावित किया हैं।

अपनी कार्य प्रणाली खुलासा रुप में दीजिए।

हल :—

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Consolidated Balance Sheet of Saboo Ltd. and Ramoo Ltd

as on 31st December, 2009

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Equity Share Capital	6,00,000	Goodwill	10,000
General Reserve	1,60,000	Fixed Assets	5,55,000
Consolidated Profit	2,30,900	Investments (of Ramoo Ltd)	90,000
Bills Payable (20,000 + 25,000 - 5000)	40,000	Stock	5,78,000
Creditors (2,30,000 +2,85,000 - 12,000)	5,03,000	Debtors (2,10,000-10,000+2,50,000-12,000)	4,38,000
Proposed Dividend	60,000	Bills Receivable	70,000
		Cash in Transit	10,000
		Cash	65,000
	18,16,000		18,16,000

Working Note :

1. **Determination of Net Profit of Ramoo Ltd. for the Year 2009**

Profit & Loss Account

	Rs.		Rs.
To Proposed Dividend on Equity Shares	40,000	By Opening Balance	20,000
To Closing Balance	1,20,000	By Net Profit for the year (Balance figure)	1,40,000
	1,60,000		1,60,000

उपरोक्त 1,40,000रु. के लाभ में से पूर्वाधिकार अंश लाभांश के 6,000 रु. घटाने के बाद जो 1,34,000 रु. बचते हैं , अल्पमत अंशधारीयों में 25ः तथा साबू लिमिटेड में 75ः बाँट दिया जायेगा, क्योंकि यह सभी लाभ अंश अधिग्रहण के पश्चात् का लाभ है ।

2. **Calculation of Net Worth of Ramoo Ltd. on 1st Jan. 2009**

	Rs.	Rs.
Paid up Equity share Capital		4,00,000
Add : General Reserve (1-1-2009)		80,000
Balance of Profit and Loss a/c (1-1-2009)		20,000
	Net worth	5,00,000

3. **Calculation of Goodwill or Capital Reserve** Rs.

	Rs.
Cost of Equity shares	3,60,000
Less : ¾ Share in Net Worth	3,75,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Capital Reserve	15,000
Cost of Preference Shares held by Saboo Ltd.	45,000
Less : Paid up value of Pref. Share Capital	40,000
Goodwill	5,000

4. Calculation of Minority Shareholders' Interest

	Rs.
(i) Preference Share Capital	60,000
(ii) Preference Share Dividend (for the year 2009)	3,600
(iii) ¼ th Share in Net worth of Ramoo Ltd.	1,25,000
(iv) ¼ th Share in Post-acquisition Profit (1/4 of 1,34,000)	33,500
Minority Shareholders' Interest	2,22,100

5. Calculation of Unrealised Profit on stock of Saboo Ltd.

Total Profit included in stock 20/120 x 12,000	2000

6. Calculation of Consolidated Profit

Balance of Profit and Loss Account of Saboo Ltd.	1,30,000
Add : ¾ Share in Post-acquisition Profit of Ramoo Ltd. (1,34,000 x ¾)	1,00,500
Add : Pref. share dividend from Ramoo Ltd.	2,400
	2,32,900
Less : Unrealised profit in Stock	2,000
Consolidated Profit	2,30,900

7. Bills Receivables

	Rs.
Saboo Ltd.	40,000
Ramoo Ltd.	35,000
	75,000
Less : Inter Company Bills held by Saboo Ltd.	5,000
	70,000

8. Bills received by Ramoo Ltd. from Saboo Ltd. is endorsed to creditors will not be treated as inter company Bills.

Goodwill	Rs.
Saboo Ltd.	NIL
Ramoo Ltd.	20,000
Add : Goodwill on acquisition of Pref. Shares	5,000
	25,000
Less : Capital Reserve	15,000
Goodwill	10,000

Jain Visva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

सहायक कम्पनी द्वारा बोनस अंश निर्गमित करना :

यदि सहायक कम्पनी द्वारा सामान्य संचय या पूँजीगत संचय में से बोनस अंश निगर्मित किये गये हैं और इसके सम्बन्ध में लेखा पुस्तकों में प्रविष्टियाँ कर दी गई हैं तो सर्वप्रथम बोनस अंशो की राशि को प्रदत अंश पूँजी में से घटाया जायेगा तत्पश्चात बोनस अंशो की राशि को सम्बधित संचय मे जोड दिया जायेगा । इसके बाद सहायक कम्पनी के शुद्ध मूल्य की गणना की जायेगी । यदि सहायक कम्पनी ने बोनस अंशों की घोषणा चालू वर्ष के लाभों में से की है और इसे लेखा प्रविष्टियों द्वारा प्रभावी बना दिया गया है तो बोनस अंशों की राशि को चालू वर्ष के लाभों में पुनः जोडकर अंश अधिग्रहण से पूर्व व पश्चात के लाभों की गणना की जायेगी । यदी सहायक कम्पनी की पुस्तकों में बोनस अंशों के निर्गमन सम्बन्धी लेखा प्रविष्टियाँ नहीं की गई हैं तो उपरोक्त समायोजन की आवश्यकता नहीं होगी ।

उदाहरण :– 8

एस लिमिटेड ने पी लिमिटेड के 12,000 ईक्विटी अंश 1 अप्रैल 2009 को 1,70,000 रु. में क्रय किये। 31 दिसम्बर, 2009 को दोनो कम्पनियों के चिट्ठे इस प्रकार थे।

Liabilities	M Ltd.	P Ltd.	Assets	M Ltd	P Ltd.
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Equity Shares of Rs. 10 each fully paid up	10,00,000	3,00,000	Goodwill	3,00,000	70,000
General Reserve	4,20,000	50,000	Land and Buildings	4,00,000	1,00,000
Profit and Loss Account	2,60,000	85,000	Plant and Machinery	5,00,000	1,00,000
Creditors	2,40,000	42,000	Stock	2,00,000	40,000
Bills Payable	80,000	60,000	Debtors	3,00,000	1,35,000
			Investments	1,70,000	-
			Bills Receivable	50,000	30,000
			Cash at Bank	80,000	62,000
	20,00,000	**5,37,000**		**20,00,000**	**5,37,000**

टिप्पणी :– एम लिमिटेड के बिल भुनाने पर 45,000 रु. का आकस्मिक दायित्व हो सकता हैं।

निम्नलिखित सूचनाएं भी दी गई है :

1. जनवरी, 2009 को पी लिमिटेड का लाभ–हानि खाता 40,000 रु. का जमा शेष बतलाता था जिसमे से उस समय की अंश पूंजी पर 15 प्रतिशत लाभांश का जून, 2009 में भुगतान किया गया था।
2. जून, 2009 में सामान्य संचय में से पुराने दो ईक्विटी अंशो के लिए एक बोनस ईक्विटी अंश पूर्ण प्रदत पी लिमिटेड द्वारा निर्गमित किया गया था।
3. पी लिमिटेड के समस्त देय बिल एम लिमिटेड के पक्ष में निर्गमित किये हुए हैं। इन बिल में से एम लिमिटेड ने 20,000 रु. के बिल भुनवा रखे हैं।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

4. पी लिमिटेड का समस्त स्टॉक उस माल का प्रतिनिधित्व करता है जो कि एम लिमिटेड द्वारा लागत में 25 प्रतिशत जोड़कर बेचा गया था।

(vii) Issue three equity Shares in Shyam Ltd. of Rs. 100 each at 10% premium for every two equity share holders of Ram Ltd. and pay cash @ Rs. 4 per equity share.
(a) Calculate Purchase consideration under Net Payment Method ;
(b) Calculate Purchase consideration under Net Assets Method.
(c) Ascertain the amount of Goodwill or Capital Reserve arised in relation to the amalgamation.

श्याम लिमिटेड ने उपर्युक्त सम्पतियों एवं दायित्वों को निम्न शर्तों के अधीन लेने के लिए सहमति दी :

(i) स्थायी सम्पतियों को पुस्तक मूल्य से 10% अधिक पर ;
(ii) विनियोगों का सम मूल्य पर ;
(iii) चालू सम्पतियों को 10% बट्टे पर ;
(iv) राम लि. के समापन व्ययों में से श्याम लि. द्वारा 23,000 रू. का पुनर्भरण करना है। वास्तविक व्यय 27,000 रू. थे।
(v) 12% ऋणधारियों को 10% प्रीमियम पर, श्याम लिमिटेड के 13% ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा भुगतान किया जायेगा।
(vi) पूर्वाधिकार अंशधारियों को 10% प्रीमियम पर 12% पूर्वाधिकार अंश 100 रू वाले सम मूल्य पर निर्गमित किये जायेंगे।
(vii) राम लि. के प्रत्येक दो समता अशधारियों को श्याम लि. के तीन समता अंश 100 रू. वाले, 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये जायेंगे तथा प्रत्येक को 4 रूपये का नकद भुगतान किया जायेगा।
(अ) 'शुद्ध भुगतान विधि' द्वारा क्रय प्रतिफल ज्ञात कीजिए।
(ब) 'शुद्ध सम्पतियां विधि' द्वारा क्रय प्रतिफल ज्ञात कीजिए।
(स) एकीकरण के कारण उत्पन्न ख्याति या पूॅजीगत संचय की राशि का निर्धारण कीजिए

Ans. (a) Rs. 33,60,000 (b) Rs. 32,57,000 (c) Goodwill Rs. 1,03,000

3. Following are the balance Sheets of X Ltd. and Y Ltd. on 31st March, 2010.
एक्स लि. तथा वाई लि. के 31 मार्च, 2010 के चिट्ठे निम्न प्रकार हैं :

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Liabilities	X Ltd	Y Ltd	Assets	X Ltd	Y Ltd
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Equity Shares of Rs. 10 each	3,00,000	2,40,000	Fixed Assets	3,20,000	2,80,000
Statutory Reserve	1,20,000	60,000	Stock	1,60,000	1,20,000
Profit & Loss A/c	1,50,000	60,000	Debtors	1,80,000	2,00,000
Creditors	1,40,000	1,50,000	Cash at Bank	50,000	–
Bank overdraft	–	90,000			
	7,10,000	6,00,000		7,10,000	6,00,000

Z Ltd. valued fixed assets of X Ltd. at Rs, 3,50,000 and that of Y Ltd. at Rs. 3,00,000 Other assets and liabilities were taken over at their book values. Goodwill of X Ltd. is to be calculated at 2 years purchase of 'weighted average net profits' for the past three years. The weights for this purpose may be assigned as 1,2,3, respectively. The net profits were 2007-08 Rs. 30,000, 2008-09 Rs.45,000, 2009-10 Rs. 70,000.
In order to raise working capital, Z Ltd. issued 22,000 equity shares of Rs. 10 each at a price of Rs. 18.50 per share.

You are required to :

(a) Calculate the amount of purchase consideration payable to X Ltd. and Y Ltd. and
(b) Give journal entries in the books of X Ltd. and Y Ltd.

जेड लि. ने एक्स लि. की स्थाई सम्पतियों का मूल्यांकन 3,50,000 रू. पर तथा वाई लि. की स्थाई सम्पतियों का मूल्यांकन 3,00,000 रू. पर किया । अन्य सम्पतियॉ तथा दायित्व पुस्तक मूल्यों पर लिये गये। एक्स लि. की ख्याति की गणना गत तीन वर्षों के शुद्व लाभों के भारित औसत के दो वर्षों के क्रय के आधार पर की जानी है। इस कार्य हेतु भार क्रमशः 1,2,3 दिये जाऐं।
शुद्व लाभ इस प्रकार थे।

2007–08 = 30,000 रू. 2008–09 = 45,000 रू. तथा 2009–10 = 70,000 रूपये।
कार्यशील पूॅजी में वृद्वि के लिये जैड लि. ने 10 रू. वाले 22,000 इक्विटी अंश 18.50 रू. प्रति अंश के मूल्य पर निर्गमित किये।

आपको

(अ) एक्स लि. और वाई लि. को देय क्रय प्रतिफल की गणना करनी है, तथा
(ब) एक्स लि. तथा वाई लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियॉ देनी हैं।

Ans :	X Ltd.	Y Ltd.
Goodwill	Rs. 1,10,000	-
Purchase Consideration	Rs. 7,10,000	Rs. 3,80,000
Realization Profit	Rs. 1,40,000	Rs. 20,000

4. Balance Sheets of A Ltd. And B Ltd. as on 31st March, 2010 were as follows :
31 मार्च, 2010 को 'ए' लिमिटेड तथा 'बी' लिमिटेड के चिट्ठे निम्न प्रकार थे :

Balance Sheets

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

As on 31st March, 2010

Liabilities	X Ltd	Y Ltd	Assets	X Ltd	Y Ltd
Equity Share Capital of Rs. 10 each	20,00,000	22,00,000	Fixed Assets	19,00,000	18,50,000
General Reserve	3,00,000	5,00,000	Investments	3,10,000	1,60,000
Capital Reserve	2,00,000	2,50,000	Stock	2,30,000	5,80,000
Revaluation Reserve	50,000	1,60,000	Debtors	3,00,000	7,00,000
Profit and Loss account	1,75,000	1,00,000	Cash at Bank	4,65,000	4,20,000
12% Debentures	3,00,000	3,00,000			
Sundry Creditors	1,80,000	2,00,000			
	32,05,000	37,10,000		32,05,000	37,10,000

A new company C Ltd. was formed by the amalgamation (in the nature of merger) of A Ltd. and B Ltd. on 1st April, 2010.
C Ltd. issued requisite number of equity shares of Rs. 100 each to discharge the claims of equity shareholders of A Ltd. and B Ltd.
Calculate Purchase Consideration and pass necessary journal entries in the books of C Ltd. Also prepare the balance sheet of C Ltd. on 1st April, 2010 soon after the amalgamation.

ए.लि. व बी.लि. के 1 अप्रेल 2010 को एकीकरण (विलयन के स्वभाव वाला) के द्वारा एक नई कम्पनी सी लि. की स्थापना की गई। सी लि. द्वारा ए लि. व बी.लि. के समता अंशधारियों के दावों का निपटारा करने के लिए आवश्यक संख्या में 100 रू. वाले समता अंश निर्गमित किये गये।
क्रय प्रतिफल की गणना कीजिये तथा सी लि. की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिये। एकीकरण के तुरन्त बाद 1 अप्रेल 2010 को सी लि. का चिट्ठा भी बनाइये।

Ans. Purchase Consideration Rs. 20,00,000 and Rs. 22,00,000 Total of Balance Sheet Rs. 69,15,000.

5. The balance Sheets of A Ltd. and B Ltd. as on 31st March, 2010 are as follows ;
ए. लिमिटेड तथा बी. लिमिटेड के 31 मार्च, 2010 को चिट्ठे अग्र प्रकार हैं :

Balance Sheets
As on 31st March, 2010

Liabilities	X Ltd	Y Ltd	Assets	X Ltd	Y Ltd
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Equity Share Capital of Rs. 10 each	25,00,000	23,00,000	Land & Buildings	12,50,000	11,55,000
14% Pref, Share Capital Of Rs. 100 each			Plant & Machinery	13,25,000	11,70,000
General Reserve	2,20,000	1,70,000	Furniture & Fittings	1,57,500	1,35,000
Export Profit Reserve	1,50,000	1,25,000	Investments	70,000	50,000
Foreign Project Resere	30,000	20,000	Stock	1,25,000	95,000
	–	10,000	Debtors	1,90,000	1,03,000
			Bank Balance	72,500	52,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Profit & Loss A/c	75,000	50,000			
13% Debentures of Rs. 100 each	1,50,000	35,000			
Trade Creditors	45,000	35,000			
Other Current Liabilities	20,000	15,000			
	31,90,000	27,60,000		31,90,000	27,60,000

A Ltd. takes over B Ltd. on 1st April 2010. A Ltd. discharges the purchase consideration as given below :

(i) Issued 2,35,000 equity shares of Rs. 10 each at par to the equity sharesholders of B Ltd.

(ii) Issued 15% preference shares of Rs. 100 each at par to discharge the preference shareholders of B Ltd. at 10% premium.

1. अप्रेल, 2010 को ए लिमिटेड बी. लिमिटेड का अधिग्रहण करती है। ए लिमिटेड क्रय प्रतिफल का भुगतान निम्न प्रकार करती है :

(i) बी लिमिटेड के समता अंशधारियों को 10 रू. वाले 2,35,000 समता अंश सम मूल्य पर निर्गमित किए।

(ii) बी लिमिटेड के पूर्वाधिकार अंशधारियों को 10% प्रब्याजि पर भुगतान करने हेतु 100 रू. वाले 15% पूर्वाधिकार अंश सम मूल्य पर निर्गमित किए।

The debentures of B Ltd. will be converted into equivalent number of debentures of A Ltd. The stautory reserves of B Ltd. are to be maintained for 2 more years.

बी लिमिटेड के ऋणपत्रों को ए लिमिटेड के उतने ही ऋणपत्रों में परिवर्तित कर दिया जायेगा। बी लिमिटेड के वैधानिक संचयों को 2 वर्ष और बनाए रखना है।

Pass necessary journal entries in the books of A Ltd. and also show the balance sheet of A Ltd. after amalgamation on the assumption that the amalgamation is in the nature of purchase.

ए लिमिटेड की पुस्तकों में यह मानते हुए जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए की एकीकरण क्रय की प्रकृति का है तथा 'ए' लिमिटेड का चिट्ठा बनाइए।

Ans. Net assets taken over : Rs. 26,75,000;
Capital Reserve Rs. 1,38,000
Balance Sheet Total Rs. 59,80,000;
Purchase Consideration Rs. 25,37,000

वर्ग (Section) : C
इकाई (Unit) : 2
कम्पनियों के आन्तरिक पुनर्निर्माण का लेखांकन
(Accounting For Internal Reconstruction of Companies)

उद्देश्य

इस इकाई को पढ़कर आप इस योग्य हो सकेंगे कि:

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

- आन्तरिक पुनर्निर्माण तथा बाह्म–पुनर्निर्माण का अर्थ तथा इन दोनों के मध्य अन्तर बता सकें।
- आन्तरिक पुनर्निर्माण की वांछनीय परिस्थितियों को बता सकें।
- पुनर्निर्माण की विधियों को बता सकें।
- अंश पूँजी में परिवर्तन द्वारा आन्तरिक पुनर्निर्माण की विभिन्न विधियों को बता सकें।
- अंश पूँजी में कटौती करने की विधियों को बता सकें।
- आन्तरिक पुनर्निर्माण की लेखांकन विधि को बता सकें।

परिचय

कम्पनी विधान द्वारा निर्मित एक कृत्रिम व्यक्ति है। जिस प्रकार एक प्राकृतिक व्यक्ति के स्वास्थ्य में परिवर्तन होता है उसी प्रकार कम्पनी (जो कि एक कृत्रिम व्यक्ति है) के आर्थिक स्वास्थ्य में भी परिर्वतन आते रहते हैं। कम्पनी के पास एकत्रित हानियॉ इतनी अधिक हो जाती हैं कि उसके अंशधारियों को लाभांश देना सम्भव नहीं हो पाता है जिससे उसे वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कम्पनी के अस्तित्व को बचाने के लिए उसके आर्थिक स्वास्थ्य की शल्य–क्रिया करना आव यक होता है। **कम्पनी का आन्तरित पुनर्निर्माण एक प्रकार की शल्य क्रिया है जिसमें कम्पनी का अस्तित्व बचाते हुए बीमारी के मुख्य तत्वों को समाप्त कर दिया जाता है ताकि कम्पनी पुनः स्वस्थ जीवन प्रारम्भ कर सके।**

पुनर्निर्माण के प्रकार (Types of Reconstruction) :

किसी कम्पनी का पुनर्गठन या पुनर्निर्माण दो प्रकार से हो सकता है :

1. आन्तरिक पुनर्निर्माण (Internal Reconstruction); rFkk
2- बाह्म–पुनर्निर्माण (Enternal Reconstruction)

आन्तरिक पुनर्निर्माण (Internal Reconstruction)

आन्तरिक पुनर्निर्माण को कम्पनी का अर्द्ध–पुनर्गठन (Quasi-Re-organisation) भी कहते हैं जिसके अन्तर्गत कम्पनी के अस्तित्व को कायम रखते हुए कम्पनी की पूँजी संरचना में इस प्रकार के परिवर्तन किये जाते हैं ताकि वह घाटे की स्थिति से निकलकर लाभ की स्थिति में पहुॅच जावे। इसमें कम्पनी का समापन नहीं होता है।

बाह्म–पुनर्निर्माण (External Reconstruction)

बाह्म–पुनर्निर्माण को कम्पनी का पूर्ण पुनर्गठन (Complete-Re-organisation) भी कहते हैं जिसके अन्तर्गत पुरानी कम्पनी का समापन होता है और उसकी जगह एक नई कम्पनी का निर्माण होता है। बाह्म–पुनर्निर्माण का उद्देश्य पुरानी कम्पनी के व्यवसाय को नई कम्पनी द्वारा परिवर्तित परिस्थितियों में चालू रखना है। इसके अन्तर्गत नई कम्पनी द्वारा पुरानी कम्पनी की अधिकतर सम्पतियों एवं दायित्वों को ले लिया जाता है तथा पुरानी कम्पनी के ही अधिकतर अंशधारी नई कम्पनी के अंशधारी बन जाते हैं।

आन्तरिक पुनर्निर्माण की वांछनीय परिस्थितियॉ
(Desirable Conditions for Internal Reconstruction)

आन्तरिक पुनर्निर्माण निम्नांकित परिस्थितियों में उपयुक्त रहता है :

(i) जब कम्पनी की पूँजी संरचना अत्यधिक असुविधाजनक एवं क्लिट हो जिससे नयी पूँजी प्राप्त करना कठिन हो गया हो।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(ii) जब कम्पनी अति–पूँजीकृत हो अर्थात् जब कम्पनी के चिटठे में सम्पतियॉ वास्तविक मूल्य से बहुत अधिक मूल्य पर दिखायी हुई हों और उन्हें उचित मूल्य पर लाना आवश्यक हो गया हो।

(iii) जब कम्पनी के पास एकत्रित हानियॉ बहुत अधिक हों गयी हों और उन्हें अपलिखित करना आवश्यक हो गया हो ताकि कम्पनी भविष्य में अपने अंशधारियों को लाभांश बांट सके।

(iv) जब कम्पनी का पूँजी मिलान अनुपात (Capital Gearing Ratio) उचित न हो तथा उसमें परिवर्तन करना आवश्यक हो गया।

(v) जब कम्पनी के अंशों के अंकित मूल्य को आकर्षक बनाना हो ताकि भावी विनियोजक उस कम्पनी में विनियोजन कर सके।

आन्तरिक पुनर्निर्माण एवं बाह्य–पुनर्निर्माण में अन्तर
(Difference between Internal Reconstruction and External Reconstruction)

आधार	आन्तरिक पुनर्निर्माण	बाह्य पुनर्निर्माण
1. अस्तित्व	वर्तमान कम्पनी का समापन नहीं होता है।	वर्तमान कम्पनी का समापन होता है।
2. पुनर्गठन	कम्पनी का अर्द्ध–पुनर्गठन होता हैं।	कम्पनी का पूर्ण पुनर्गठन होता है।
3. नई कम्पनी का निर्माण	नई कम्पनी नहीं बनती है बल्कि पुरानी कम्पनी का पुनः पूँजीकरण होता है।	नई कम्पनी का निर्माण होता है।
4. विधि	पूँजी ढांचे में परिवर्तन करके आन्तरिक पुनर्निर्माण किया जाता है।	वैधानिक रूप से नई कम्पनी के निर्माण द्वारा बाह्य पुनर्निर्माण किया जाता है।

उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट है कि आन्तरिक पुनर्निर्माण की प्रमुख विशेषता पूँजी ढांचे में परिर्वतन अर्थात् पुनः पूंजीकरण (Recapitalisation) होता है। पुनः पूंजीकरण अर्थात् आन्तरिक पुनर्निर्माण का आशय निम्नलिखित कार्यों से है :

(I) अंश पूँजी में परिवर्तन करना (Alteration in share capital); rFkk

¼II½ अंश पूँजी में कटौती करना (Reduction in share capital)

अंश पूँजी में परिवर्तन द्वारा आन्तरिक पुनर्निर्माण
(Internal Reconstruction through Alteration in Share Capital)

कम्पनी की सम्पतियों, दायित्वों तथा संचयों में उचित समन्वय स्थापित करने के लिए अंश पूँजी में कटौती किये बिना आन्तरिक पुनर्निर्माण किया जा सकता है। इसके अन्तर्गत कम्पनी की वर्तमान अंश पूँजी संरचना में परिवर्तन किया जाता है। कम्पनी अधिनियम की धारा 94 के अनुसार एक सीमित दायित्व वाली कम्पनी अपनी अंश पूँजी संरचना में परिवर्तन कर सकती है यदि उस कम्पनी के अन्तर्नियम इस कार्य के लिए अनुमति देते हों। वह कम्पनी इसके लिए अपने पार्षद सीमा–नियमों में आवश्यक परिवर्तन भी कर सकती है। अंश पूँजी में परिवर्तन करने के लिए न्यायालय की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होती है। इस उद्देश्य के लिए कम्पनी की साधारण सभा में प्रस्ताव पारित करवाना ही आवश्यक होता है। कम्पनी अधिनियम की धारा 94 के अनुसार अंश पूँजी में परिवर्तन निम्नांकित विधियों से किया जा सकता है :

(1) नये अंशों के निर्गमन द्वारा अंश पूँजी में वृद्वि करना :

(2) कम मूल्य वाले वर्तमान अंशों का अधिक मूल्य वाले अंशों में समामेकन करना ;

(3) अधिक मूल्य वाले वर्तमान अंशों का कम मूल्य वाले अंशों में उप–विभाजन करना य

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(4) अंशों का स्टॉक में परिवर्तन करना य तथा
(5) अनिर्गमित अंशों को रद्द करना।

यह आवश्यक नहीं है कि कम्पनी का पुनर्निर्माण विपरीत आर्थिक स्थिति में ही हो। एक कम्पनी अपनी सम्पन्न आर्थिक स्थिति में भी सम्पतियों, दायित्वों तथा संचयों में उचित समन्वय स्थापित करने के लिए निम्नांकित तरीकों से आन्तरिक पुनर्निर्माण कर सकती है :

(i) बोनस अंशों के निर्गमन द्वारा य
(ii) ऋणपत्रों को पूर्वाधिकार अंशों अथवा ईक्विटी अंशों में परिवर्तन द्वारा य
(iii) विभिन्न श्रेणी के अंशधारियों के अधिकारों में परिवर्तन द्वारा य तथा
(iv) अंशपूँजी में वृद्वि या कमी द्वारा।

(1) नये अंशों के निर्गमन द्वारा अंश पूँजी में वृद्वि करना
(Increase in Share Capital by Issue of New Shares) :

नये अंशों के निर्गमन द्वारा पूँजी में वृद्वि करने के लिए भारतीय कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों का पालना करनी होगी तथा भारतीय प्रतिभूतियॉ तथा विनिमय बोर्ड अर्थात् सेबी (Securities and Exchange Board of India) से अनुमति लेनी होगी। कम्पनी अपनी अंश पूँजी में वृद्वि दो प्रकार से कर सकती है :

(क) निर्गमित अंश पूँजी में वृद्वि करके ; तथा
(ख) अधिकृत अंश पूँजी में वृद्वि करके।

(क) निर्गमित अंश पूँजी में वृद्वि (Increase in the Issued Share Capital) :

इसके लिए अंशों के निर्गमन संबंधी आवश्यक प्रावधानों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। कम्पनी अधिनियम की धारा 81 के अनुसार अंशों को सर्वप्रथम कम्पनी के वर्तमान समता अंशधारियों को ही प्रस्तावित किया जाना चाहिए। धारा 81 के इस अधिकार को हकशफा (Pre-emption) अथवा पूर्वक्रय अधिकार कहा जाता है। वर्तमान अंशधारियों को नये अंशों के निर्गमन के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ की जाती है।

(ख) अधिकृत अंश पूँजी में वृद्वि करना (Increase in Authorized Share Capital) :

अधिकृत अंश पूँजी में वृद्वि करने के लिए कम्पनी के पार्षद सीमा नियमों (Memorandum of Association) में परिवर्तन किया जाता है। सीमा नियमों में परिवर्तन करने के पश्चात् कम्पनी के चिट्ठे में अधिकृत अंश पूँजी बढी हुई दिखाई जाती है। अधिकृत अंश पूँजी में परिवर्तन करने के लिए अन्य कोई लेखांकन प्रविष्टि नहीं की जाती है।

(2) अंशों का समामेकन (Consolidation of Shares) :

अंशों द्वारा सीमित एक कम्पनी को यह अधिकार है कि वह अपने कम अंकित मूल्य वाले अंशों को अधिक अंकित मूल्य वाले अंशों में परिवर्तन कर दे। इस प्रक्रिया को अंशों का समामेकन (**Consolidation of Shares**) कहते हैं। इससे निर्गमित अंशों की संख्या पहले से कम हो जाती है इसलिए कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में भी सदस्यों को निर्गमित अंशों की संख्या में परिवर्तन किया जाता है। परन्तु चुकता अंश पूँजी (Paid up Share Capital) की राशि में कोई परिवर्तन नहीं होता है। यदि ऐसे अंश पूर्ण प्रदत्त न हों तो ध्यान रखना चाहिए कि समामेकन के बाद अंशों के चुकता मूल्य तथा अंकित मूल्य का वही अनुपात रहे जो कि समामेकन से पूर्व था। उदाहरणार्थ– एक कम्पनी ने दस रूपये अंकित मूल्य वाले एक लाख अंशों का जिन पर मांगी गई राशि 8 रूपये प्रति अंश है, 100 रूपये अंकित मूल्य वाले अंशों में बदलने का निर्णय किया। इस स्थिति में कम्पनी द्वारा प्रत्येक दस अंशों के धारक को 100 रूपये अंकित मूल्य वाला एक अंश जारी किया जावेगा। जिस पर मॉगी गई तथा चुकता पूँजी राशि 80 रूपये मानी जावेगी।

अंशों के समामेकन के लिए कम्पनी की लेखा पुस्तकों में निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है :
Share Capital A/c (पुराना अंकित मूल्य)   Dr.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

To (नया अंकित मूल्य) Share Capital A/c
(….Share of Rs….each consolidated into…..share of Rs….each)

उदाहरण (Illustration) 1 :

A Company converts its share capital of 1,50,000 equity shares of Rs. 10 each fully paid up into equity shares of Rs. 100 each fully paid up. Give necessary journal entry.

एक कम्पनी अपने 10 रूपये वाले पूर्णप्रदत्त 1,50,000 समता अंशों का 100 रूपये पूर्णप्रदत्त अंशों में परिवर्तन करती है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

हल (Solution) :

		Rs.	Rs.
Equity Share Capital (of Rs. 10 each) A/c	Dr.	15,00,000	
To Equity Share Capital (of Rs.100 each) A/c			15,00,000
(Consolidation of shares)			

टिप्पणी :

यदि प्रश्न में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ (Necessary Journal Entries) लिखा हुआ हो तो उपर्युक्त जर्नल प्रविष्टि के स्थान पर निम्नांकित दो जर्नल प्रविष्टियॉ की जावेगी :

		Rs.	Rs.
(i) Equity Share Capital (of Rs. 10 each) A/c	Dr.	15,00,000	
To Equity Share holders A/c			15,00,000
(ii) Equity Share holders A/c	Dr.	15,00,000	
To Equity Share Capital (of Rs. 100 each) A/c			15,00,000

---

(3) अंशों का उप–विभाजन (Sub-division of shares) : जब कम्पनी अपने वर्तमान अधिक अंकित मूल्य वाले अंशों को कम अंकित मूल्य वाले अंशों में परिवर्तित करती है तो इसे अंशों का उप–विभाजन कहते हैं। अंशों द्वारा सीमित एक कम्पनी अपने अंशों का उप–विभाजन कर सकती है परन्तु इसके लिए आवश्यक है कि उप–विभाजन के पश्चात् नये अंशों के चुकता मूल्य तथा अंकित मूल्य के अनुपात में परिवर्तन नहीं होना चाहिए। अंशों के उप–विभाजन से चुकता अंश पूॅजी या निर्गमित अंश पूॅजी की राशि प्रभावित नहीं होती है लेकिन इससे निर्गमित अंशों की संख्या पहले से अधिक हो जाती है। अंशों का उप–विभाजन प्रायः छोटे विनियोजकों को आकर्षित करने के लिए किया जाता है।

उदाहरण (Illustration) 2 :

Mohan Ltd. decided to sub-divide its 50,000 Equity Shares of Rs. 100 each Rs. 80 paid up, into equity shares having face value of Rs. 10 each. Pass necessary journal entry.

मोहन लिमिटेड 100 रूपये वाले 80 रूपये प्रदत्त 50,000 समता अंशों को 10 रूपये अंकित मूल्य वाले अंशों में उप–विभाजन करने का निश्चय करती है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

हल (Solution) :

नये समता अंशों की संख्या = $50,000 \times \frac{100}{10} = 5,00,000$

नये एक अंश का चुकता मूल्य = Rs. $\frac{80}{100} \times 10$ = Rs. 8

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Journal of Mohan Ltd.

		Rs.	Rs.
(Rs. 100) Equity Share Capital A/c To (Rs.10) Equity Share Capital A/c (Sub-division of shares made as per………)	Dr.	40,000	 40,000

(4) अंशों को स्टॉक में बदलना (Conversion of Shares into Stock)–

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 94(1) के अनुसार कम्पनी अपने पूर्ण प्रदत्त अंशों को स्टॉक में अथवा स्टॉक को पूर्ण प्रदत्त अंशों में परिवर्तित कर सकती है। अंशों को स्टॉक में बदलने पर सदस्यों के पास अंशों की निश्चित संख्या के स्थान पर स्टॉक पूँजी का एक निश्चित भाग होता है। स्टॉक समान तथा क्रमबद्ध भागों में विभाजित नहीं होता है। अंशों की तरह स्टॉक के क्रमांक नहीं होते हैं इसलिए अंशों को स्टॉक में परिवर्तित करने से किसी भी मूल्य की स्टॉक पूँजी को किसी अन्य को हस्तान्तरित किया जा सकता है। ऐसे परिवर्तन की सूचना एक माह के भीतर कम्पनियों के रजिस्ट्रार को देनी आवश्यक है। कम्पनी द्वारा सदस्यों के रजिस्टर में भी अंशों की संख्या के बजाय स्टॉक की राशि दर्ज कर दी जाती है। कम्पनी चाहे तो स्टॉक का पुनः अंशों में परिवर्तन कर सकती है। ऐसे परिवर्तन पर निम्नांकित जर्नल प्रविष्टियों की जाती हैं–

(क) अंशों का स्टॉक में परिवर्तन करने पर :

Equity Share Capital A/c Dr.
To Equity Stock A/c
(……..Equity Shares of Rs. ………each fully paid up converted into equity stock of Rs. ……..)

(ख) अंशों का स्टॉक में परिवर्तन करने पर :

Equity Stock A/c Dr.
To Equity Share Capital A/c
(Equity Stock of Rs. ……… converted into ………equity shares of Rs. …….each fully paid up.)

उदाहरण (Illustration) 3 :

Pankaj Ltd. Converts its 20,000 equity shares of Rs. 100 each fully paid up into equity stock of Rs. 20,00,000 on 30th June, 2009 and then reconverts the equity stock into equity shares of Rs. 10 each fully paid up on 30th April 2010. Give journal entries and show the items in the Balance Sheets as on 31st March, 2010 and 31st March, 2011.

पंकज लिमिटेड 30 जून, 2009 को अपने 100 रू. वाले पूर्ण प्रदत्त 20,000 ईक्विटी अंशों को 20,00,000 रू. के ईक्विटी स्टॉक में परिवर्तित करती है तथा फिर 30 अप्रैल, 2010 को ईक्विटी स्टॉक को 10 रू. वाले पूर्ण प्रदत्त ईक्विटी अंशों में पुनः परिवर्तित करती है। जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए तथा 31 मार्च, 2010 तथा 31 मार्च 2011 को चिट्ठों में मदों को दिखाइए

हल (Solution) :

Journal of Pankaj Ltd.

			Rs.	Rs.
2009 June, 30	Equity Share Capital A/c To Equity Stock A/c (20,000 equity shares of Rs. 100 each fully paid up converted into equity stock of Rs. 20,00,000)	Dr.	20,00,000	20,00,000
2010 April, 30	Equity Stock A/c To Equity Share Capital A/c	Dr.	20,00,000	 20,00,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

	(Equity stock of Rs. 20,00,000 converted into 2,00,000 equity shares of Rs. 10 each fully paid up.)		

Balance Sheet of Pankaj Ltd. As on 31st March,2010
(Liabilities side only)

	Rs.
Authorized Share Capital	………….
Issued and subscribed capital :	
Equity Stock	20,00,000

Balance Sheet of Pankaj Ltd. As on 31st March,2011
(Liabilities side only)

	Rs.
Authorized Share Capital	………….
Issued and subscribed capital :	
2,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each fully paid up.	20,00,000

(5) अनिर्गमित अंशों को रद्द करना (Cancellation of un-issued shares) :

एक कम्पनी द्वारा अपने समस्त अनिर्गमित अंशों को रद्द करना कम्पनी की अंश पूँजी में कटौती नहीं मानी जाती है। चूँकि ऐसे अंशों के सम्बन्ध में कम्पनी की पुस्तकों में कोई लेखा किया हुआ नहीं होता है, इसलिए इनको रद्द करने के लिए भी कोई लेखा प्रविष्टि नहीं की जाती है केवल कम्पनी के स्थिति विवरण में अधिकृत अंश पूँजी में आवश्यक समायोजन कर दिया जाता है।

उदाहरण (Illustration) 4 :

On 31st March 2010 the Balance Sheet of Richa Ltd. was as under.

31 मार्च, 2010 को ऋचा लिमिटेड का चिट्ठा निम्न प्रकार था

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Share Capital :		Land and Buildings	92,00,000
Authorized Issued and Subscribed Capital		Plant and Machinery	48,00,000
		Furniture and Fixtures	14,00,000
4,80,000 Equity shares of Rs. 10		Investment	16,00,000
each fully paid up	48,00,000	Stock-in-hand	22,00,000
4,00,000 12% Preference Shares of Rs.		Sundry Debtors	14,00,000
10 each, fully paid up	40,00,000	Cash and Bank Balance	6,00,000
Profit and Loss A/c	80,00,000		
11% Debentures	24,00,000		
Bank Loan	12,80,000		
Sundry Creditors	7,20,000		
Total	2,12,00,000	Total	2,12,00,000

For implementation of the expansion programme , the company passed the following reorganization scheme :

(1) The authorized share capital of the company to be increased to Rs. 2,40,00,000 divided into 20,00,000 equity shares of Rs. 10 each and 4,00,000 10% preference share of Rs. 10 each.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(2) The balance of Profit & Loss is to be capitalized for issue of equity bonus shares to the extent of Rs. 46,00,000.

(3) The company decided to issue three bonus shares of Rs.10 each for every four equity shares held.

(4) Such shareholders who agree to convert their 12% preference shares into 10% preference shares of equal number were to be allotted one bonus share of Rs. 10 each for every 4 preference shares converted.

(5) The holders of 11% Debentures have an option either to convert their holding into equity share of Rs. 10 each at a premium of 20% or to receive cash in full settlement at par.

(6) The remaining equity shares were offered to the existing shareholders at a premium of 20%.

The reorganization expenses incurred amounting to Rs. 40,000. Assuming that all the preference shareholders and 90% of the debenture holders exercised their option of conversion and complete amount on issue of equity shares was received at the time of application, give necessary journal entries and draft balance sheet after reorganization.

विस्तार कार्यक्रम की क्रियान्विति के लिए कम्पनी ने निम्नलिखित पुनर्गठन योजना स्वीकृत की है :

(1) कम्पनी की अधिकृत अंश पूँजी को 2,40,00,000 रू. तक बढ़ाया जाये जो कि 10 रू. वाले 20,00,000 ईक्विटी अंशों में एवं 10 रू. वाले 4,00,000 10% पूर्वाधिकार अंशों में विभाजित हो।

(2) लाभ हानि–खाते के शेष का 46,00,000 रु. की सीमा तक बोनस ईक्विटी अंशों के निर्गमन के लिए पूँजीकरण किया जाये।

(3) कम्पनी ने यह निश्चय किया कि प्रत्येक 4 ईक्विटी अंशों के धारकों को 10 रू. वाले 3 बोनस अंश निर्गमित किये जायें।

(4) जो अंशधारी अपने 12: पूर्वाधिकार अंशों को बराबर संख्या में 10: पूर्वाधिकार अंशों में बदलवाने को सहमत हो जाते हैं, उन्हे प्रत्येक 4 पूर्वाधिकार अंशों के बदले एक 10 रू. वाला एक बोनस अंश दिया जाय।

(5) 11% ऋणपत्रधारकों को यह विकल्प है कि वे या तो अपने ऋणपत्रों को 10 रू. वाले ईक्विटी अंशों में 20: प्रीमियम पर परिवर्तित करवालें अथवा सम मूल्य पर नकद राशि पूर्ण भुगतान के रूप में प्राप्त कर लें।

(6) शेष ईक्विटी अंश वर्तमान अंशधारियों को 20: प्रीमियम पर प्रस्तावित किये गये।

पुनर्गठन व्यय 40,000 रू हुए। यह मानते हुए कि सभी पूर्वाधिकार अंशधारियों एवं 90: ऋणधारियों ने अपने परिवर्तन के विकल्प का प्रयोग किया है तथा ईक्विटी अंशों की समस्त राशियां अंशों के आवेदन के साथ ही प्राप्त हो गई हैं, आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए एवं पुनर्गठन के बाद का चिट्ठा बनाइए।

हल (**Solution**) :

Journal of Richa Ltd.

Date	Particulars	Amount	
		Dr.	Cr.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

2010		Rs.	Rs.
April 1	Profit & Loss Appropriation A/c Dr. To Bonus to Shareholders A/c (Amount transferred from P & L Appropriation A/c for issue of bonus shares.)	46,00,000	 46,00,000
April 1	12% Preference Share Capital A/c Dr. To 10% Preference Share Capital A/c (12% Preference Share Capital converted into 10% Preference Share Capital.)	40,00,000	 40,00,000
April 1	Bonus to Shareholders A/c Dr. To Equity Share Capital A/c (3,60,000 and 1,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each issued as bonus shares to Equity shareholders and Preference shareholders respectively as per reorganization scheme.)	46,00,000	 46,00,000
April 1	11% Debentures A/c Dr. To Debenture holders A/c (Amount transferred in Debenture-holders A/c)	24,00,000	 24,00,000
April 1	Debenture holders A/c Dr. To Equity Share Capital A/c To Securities Premium A/c (90% of Debenture holders converted their claim into Equity Shares at a Premium of 20%)	21,60,000	 18,00,000 3,60,000
April 1	Bank A/c Dr. To Equity Share Application & Allotment A/c (Application money received on 8,80,000 Equity Shares @ Rs. 12 per share)	1,05,60,000	 1,05,60,000
April 1	Equity Share Application & Allotment A/c Dr. To Equity Share Capital A/c To Securities Premium A/c (Allotment made.)	1,05,60,000	 88,00,000 17,60,000
April 1	Debenture holders A/c Dr. To Bank A/c (Remaining 10% debenture holders paid off)	2,40,000	 2,40,000
April 1	Reorganization Expenses A/c Dr. To Bank A/c (Reorganization expenses incurred.)	40,000	 40,000
April 1	Securities Premium A/c Dr. To Reorganization Expenses A/c (Reorganization expenses written off)	40,000	 40,000

Balance Sheet of Richa Ltd. (and Reduced)
As on April 1,2010
(After Reconstruction)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Share Capital :		**Fixed Assets** :	
Authorized and Issued		Land and Buildings	92,00,000
4,00,000 12% Preference Shares of Rs. 10 each,	40,00.000	Plant and Machinery	48,00,000
		Furniture and Fittings	14,00,000
20,00,000 equity shares of Rs. 10 each	2,00,00,000	**Investments**	16,00,000
	2,40,00,000	**Current Assets, Loans and Advances**	
Issued and Subscribed :			
4,00,000 10% Preference shares of Rs. 10 each fully paid up.	40,00,000	Stock-in-hand	22,00,000
		Sundry Debtors	14,00,000
20,00,000 Equity shares of Rs. 10 each fully paid up	2,00,00,000	Cash and Bank Balance (Rs. 6,00,000+1,05,60,000-2,40,000-40,000)	1,08,80,000
(6,40,000 shares were issued for consideration other than cash)			
Reserve and surplus :			
Securities Premium	20,80,000		
Profit and Loss Account	34,00,000		
Secured Loans :			
Bank Loan	12,80,000		
Current Liabilities and Provisions	7,20,000		
	3,14,80,000		3,14,80,000

टिप्पणी :

(1) 20,00,000 ईक्विटी अंशों के निर्गमन का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार है :

		अंशों की संख्या
(i) योजना के पहले से ही निर्गमित अंश	=	4,80,000
(ii) ईक्विटी अंशधारियों को निर्गमित बोनस अंश 4,80,000 X 3/4	=	3,60,000
(iii) पूर्वाधिकार अंशधारियों को निर्गमित बोनस अंश 4,00,000 X 1/4	=	1,00,000
(iv) ऋणपत्रधारियों को उनके 90: भाग के लिए 12 रू. प्रति अंश की दर से निर्गमित अंशों की संख्या $24,00,000 \times \frac{90}{100} \times 1/12$	=	1,80,000
	योग	11,20,000
(v) शेष अंश नकद निर्गमित किये गये अर्थात् (20,00,000-11,20,000)		8,80,000
कुल निर्गमित अंश		20,00,000

(2) अधिकृत अंश पूँजी बढ़ाने के लिये कोई प्रविष्टि नहीं की जाती है।

(3) ऐसे ऋणपत्रधारी, जिन्होंने अपने ऋणपत्रों को ईक्विटी अंशों में परिवर्तित नहीं किया, को नकद भुगतान कर दिया गया है।

(4) पुनर्गठन सम्बन्धी व्ययों को जो पूँजीगत व्यय है, प्रतिभूति प्रीमियम खाते से अपलिखित कर दिया गया है।

अंश पूँजी में कटौती द्वारा आन्तरिक पुनर्निर्माण
(Internal Reconstruction through Reduction in Share Capital)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

आपने अभी तक यह अध्ययन किया कि आन्तरिक पुनर्निर्माण की योजना प्रदत पूँजी में कमी किये बिना किस प्रकार की जा सकती है। अब आपको यह बताया जा रहा है कि प्रदत अंश पूँजी में कमी करके आन्तरिक पुनर्निर्माण की योजना किस प्रकार से लागू की जा सकती है।

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 100 से 105 के अन्तर्गत दी हुई व्यवस्थाओं के अनुसार एक कम्पनी अपनी अंश पूॅजी में कटौती कर सकती है। लेखांकन के उद्देश्य से अंश पूॅजी में कटौती के लिए कम्पनी को निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करनी होती है–

(अ) कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियम कम्पनी को पूॅजी में कटौती करने की अनुमति प्रदान करते हों ;
(ब) कम्पनी ने इस उद्देश्य के लिए एक विशेष प्रस्ताव पारित किया हो, तथा
(स) न्यायालय द्वारा अंश पूॅजी में कटौती की योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हो।

जब कम्पनी अपनी अंश पूॅजी में कटौती करने का विशेष प्रस्ताव पास कर देती है तो वह इसकी स्वीकृति के लिए न्यायालय को आवेदन करती है। यदि अंश पूॅजी में कटौती की योजना के अन्तर्गत अंशधारियों के दायित्व में कमी नहीं होती है या आवश्यकता से अधिक पूॅजी उन्हें वापस नहीं लौटाई जाती है तो न्यायालय लेनदारों की सहमति लिये बिना ही पूॅजी में कमी की योजना को अनुमोदित कर देता है। लेकिन पूॅजी में कमी की योजना से अंशधारियों के दायित्व में कमी होती है या उन्हें पूॅजी वापस लौटाई जाती है तो न्यायालय कम्पनी के प्रत्येक लेनदार को अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान करता है। यदि लेनदार अंश पूॅजी में कमी का विरोध करते हैं तो ऐसे लेनदारों की एक सूची तैयार की जाती है। न्यायालय एक सूचना प्रकाशित करके एक निश्चित समय के अन्दर अन्य लेनदारों को भी इस सूची में शामिल कर सकता है। न्यायालय ऐसे लेनदारों की अंश पूॅजी में कटौती के लिए सहमति प्राप्त करने अथवा उनकी सम्पूर्ण राशि का भुगतान करने का आदेश दे सकता है।

यदि न्यायालय इस बात से सन्तुष्ट है कि लेनदारों की अंश पूॅजी में कटौती के लिए सहमति प्राप्त कर ली गई है या उनके दावों का निपटारा कर दिया गया है अथवा उनके हित सुरक्षित हैं तो वह अंश पूॅजी में कमी की योजना का अनुमोदन कर देता है। यदि न्यायालय आवश्यक समझे तो इसके सम्बन्ध में कुछ शर्तें भी निर्धारित कर सकता है तथा एक निश्चित अवधि तक कम्पनी के नाम के साथ 'And Reduced' शब्द जोड़ने का आदेश भी दे सकता है। जहॉ पर न्यायालय द्वारा कम्पनी को 'And Reduced' शब्द जोड़ने का आदेश दिया जाता है, वहॉ पर निर्धारित अवधि की समाप्ति तक ये शब्द कम्पनी के नाम का अंग माने जायेंगे। न्यायालय कम्पनी को सामान्य जनता की सूचनार्थ अंश पूॅजी में कटौती के कारणों तथा अन्य किसी सूचना को प्रकाशित करने का आदेश दे सकता है। पूॅजी में कटौती की योजना न्यायालय द्वारा अनुमोदित कर दिये जाने पर कम्पनी द्वारा कम्पनियों के रजिस्ट्रार को न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि तथा अंश पूॅजी की राशि, अंशों की संख्या, प्रत्येक अंश की अंकित राशि तथा प्रदत्त राशि का एक विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। रजिस्ट्रार द्वारा न्यायालय के आदेश तथा प्रस्तुत विवरण का पंजीयन करने के बाद अंश पूॅजी में कमी का आदेश प्रभावशाली हो जावेगा।

अंश पूॅजी में कटौती करने की विधियॉ
(Methods of Reduction in Share Capital)

एक कम्पनी अपनी अंश पूॅजी में निम्नलिखित तीन विधियों से कटौती कर सकती है :
(1) अंशों पर अदत राशि में कटौती करके ;
(2) आवश्यकता से अधिक पूॅजी को अंशधारियों को लौटाकर ; तथा
(3) प्रदत्त अंशपूँजी में कटौती करके।

अंश पूँजी में कटौती का कम्पनी की पुस्तकों में लेखांकन

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(Accounting For Reduction in Share Capital)

कम्पनी की अंश पूँजी में कटौती करने की उपर्युक्त तीन विधियों के अन्तर्गत लेखे निम्न प्रकार से किये जाते हैं :

(1) अंशों पर अदत राशि में कटौती करके (Reducing unpaid amount of the Shares) :

यदि कम्पनी द्वारा निर्गमित अंश पूर्णदत नहीं हो तो कम्पनी ऐसे अंशों की अदत राशि के सम्बन्ध में दायित्व को आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से समाप्त कर सकती है। इस प्रकार अंशों पर अदत राशि संबंधी दायित्व को समाप्त कर दिये जाने से कम्पनी की प्रदत्त पूँजी में कोई कमी नहीं होती है बल्कि कम्पनी अदत राशि मॉगने के अपने अधिकार को त्याग देती है तथा अंशधारियों का अदत पूँजी सम्बन्धी दायित्व समाप्त हो जाता है। इस प्रकार से अंश पूँजी में कटौती करने पर निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है :

(पुराना अंकित मूल्य) Share Capital A/c Dr.
To (u;k vafdr ewY;) Share Capital A/c
(Uncalled amount of Rs…..per share cancelled.)

उदाहरण (Illustration) 5 :

A Company has an issued Share capital of 2,00,000 equity shares of Rs. 100 each, Rs. 80 called and paid up. Having complied with the formalities, the company decided to reduce the share of Rs. 100 to the share of Rs. 80 as fully paid up by cancelleing unpaid amount of Rs. 20 per share. Pass necessary journal entry and show share capital in balance sheet of the company after cancellation.

एक कम्पनी की निर्गमित अंश पूँजी 100 रू. वाले 2ए00ए000 ईक्विटी अंशों में विभक्त हैं जिन पर 80 रू. प्रति अंश मांगा तथा चुकाया जा चुका है। समस्त वैधानिक औपचारिकताओं को पूर्ण करके कम्पनी ने अपने 100 रू. वाले अंशों को 80 रू. पूर्ण प्रदत्त तक कम करके 20 रू. प्रति अंश की अदत राशि को रद्द करने का निश्चय किया है। आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दीजिए तथा रद्द किये जाने के पश्चात् अंश पूँजी को कम्पनी के चिट्ठे में दिखाइए।

हल (Solution) :

Journal

	Rs.	Rs.
(Rs. 100) Equity Share Capital A/c Dr.	1,60,00,000	
To (Rs. 80) Equity Share Capital A/c		1,60,00,000
(Uncalled amount of Rs. 20 per share on 2,00,000 Equity Shares cancelled.)		

Balance Sheet
as on……..
(Liabilities side only)

	Rs.
Authorised Share Capital	…………
Issued and Subscribed Share Capital :	
2,00,000 Equity Shares of Rs. 80 each fully paid up.	1,60,00,000

(2) आवश्यकता से अधिक पूँजी को अंशधारियों को लौटाना
(Paying-off surplus capital to shareholders):

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

यदि कम्पनी के पास आवश्यकता से अधिक पूँजी एकत्रित हो गयी है तो वह इस अधिक पूँजी को अंशधारियों को लौटा सकती है। लेनदारों की आपति को दूर करके तथा कम्पनी अधिनियम की व्यवस्थाओं की पालना करते हुए अंश पूँजी वापस की जा सकती है। अंशधारियों को पूँजी नकद में वापस लौटायी जाती है तथा निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टियाँ की जाती हैं :

(प) जब अंशों के अंकित मूल्य में परिवर्तन किया जाये–

(पुराना अंकित मूल्य) Share Capital A/c Dr. (पुरानी प्रदत पूँजी की कुल राशि से)
To (नया अंकित मूल्य) Share Capital A/c (नयी पूँजी की राशि से)
To Sundry Shareholders A/c (लौटायी जाने वाली राशि से)
(Conversion of share of Rs. …..into share of Rs…….each fully paid and refund of Rs……per share on …..shares.)

Sundry Shareholders A/c Dr.
To Bank A/c
(Payment made to Shareholders.)

(ii) जब अंशों के अंकित मूल्य में परिवर्तन न किया जाये–

Share Capital A/c Dr. (लौटायी जाने वाली राशि से)
To Sundry Shareholders A/c
(Rs…..per share on…..shares refunded to shareholders)

Sundry Shareholders A/c Dr.
To Bank A/c
(Payment made to shareholders.)

उदाहरण (Illustration) 6 :

A Company has a subscribed capital of Rs. 25,00,000 divided into 25,000 equity shares of Rs. 100 each fully paid up. The company decided to repay Rs. 20 per share to equity shareholders. Give necessary journal entries in the books of the company if :

(i) Shares are made of Rs. 80 each fully paid; and
(ii) Face value of Shares is unchanged.

एक कम्पनी की प्रार्थित पूँजी 25,00,000 रू. है जो कि 100 रू. वाले पूर्णदत 25,000 ईक्विटी अंशों में विभाजित है। कम्पनी ने ईक्विटी अंशधारियों को 20 रू. प्रति अंश लौटाने का निश्चय किया है। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए यदि :

(i) अंशों को 80 रू. प्रति अंश पूर्णदत बना दिया जाता है य
(ii) अंशों का अंकित मूल्य अपरिवर्तित रहता है।

हल (Solution) :

(i) जब अंशों को 80 रू. प्रति अंश पूर्णदत बना दिया जाता है :

Journal of ………

Date	Particulars	L.F.	Dr.	Cr.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

	(Rs. 100) Equity Share Capital A/c Dr. To (Rs. 80) Equity Share Capital A/c To Equity Shareholders A/c (Conversion of Rs. 100 equity shares into Rs. 80 fully paid up equity shares and refunded Rs. 20 per equity share on 25,000 equity shares.)		Rs. 25,00,000	Rs. 20,00,000 5,00,000
	Equity Shareholders A/c Dr. To Bank A/c (Payment made to equity shareholders.)		5,00,000	 5,00,000

(ii) जब अंशों का अंकित मूल्य अपरिवर्तित रहता हैः

Journal of …….

Date	Particulars	L.F.	Dr.	Cr.
	Equity Share Capital A/c Dr. To Equity Shareholders A/c (Rs. 20 per share on 25,000 equity shares being refunded to equity shareholders)		Rs. 5,00,000	Rs. 5,00,000
	Equity Share Capital A/c Dr. To Bank A/c (Payment made to equity shareholders)		Rs. 5,00,000	Rs. 5,00,000

(3) प्रदत अंश पूँजी में कटौती करना (**Reduction in paid up share Capital**) :

जब कम्पनी निरन्तर रूप से हानि की स्थिति में चल रही हो तो उसके चिट्ठे में काल्पनिक सम्पतियां तथा एकत्रित हानियां यथा लाभ–हानि खाते का नाम शेष, प्रारम्भिक व्यय, आदि बहुत अधिक दिखायी देती हैं। ऐसी स्थिति में वास्तव में कम्पनी के पास उतनी पूँजी नहीं रहती है जितनी चिट्ठे में दिखाई हुए है वरन् एकत्रित हानियों तथा काल्पनिक सम्पतियों की राशि तक की पूँजी नष्ट हो चुकी होती है। **ऐसी स्थिति में कम्पनी रोगग्रस्त हो जाती है जिसके उपचार हेतु शल्य चिकित्सा के रूप में ' पूँजी कटौती कार्यक्रम ' (Capital Reduction Programme) लागू किया जाता है**। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत खोई हुई पूँजी को अपलिखित करने के लिए प्रदत अंश पूँजी में कमी की जाती है, तथा अंशधारियों या अन्य पक्षकारों से नयी पूँजी की व्यवस्था करवायी जाती है। पूँजी कटौती कार्यक्रम का निर्माण संचालकों द्वारा कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 100 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सबसे पहले अंशधारियों की बैठक बुलाकर उनके सम्मुख प्रदत पूँजी में कमी का प्रस्ताव रखा जाता है। इस प्रस्ताव को अंशधारी यदि मान लेते है तो उनकी प्रदत पूँजी में कमी कर दी जाती है। यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है कि अंशधारियों की पूँजी में कमी की सहमति तभी प्राप्त हो सकती है जबकि उन्हें विश्वास हो जावे कि रोगग्रस्त कम्पनी के रोग का एक बार इलाज कर देने पर वह कम्पनी नये रूप में व्यवसाय करके लाभ कमा सकेगी। यदि कम्पनी की संचित हानियां बहुत अधिक हो तो ऋण पत्रधारियों तथा लेनदारों को भी त्याग करने के लिए कहा जाता है।

पूँजी कटौती कार्यक्रम लागू करने के लिए कम्पनी की पुस्तकों में एक खाता खोला जाता है जिसे ' पूँजी कटौती खाता ' (Capital Reduction Account) कहते है। इस खाते में अंशधारियों, ऋणपत्रधारियों, लेनदारों तथा अन्य पक्षकारों के द्वारा त्यागी गई राशि जमा (Credit) की जाती है तथा संचित हानियों एवं कृत्रिम सम्पतियों को अपलिखित करने के लिए इस खाते में इनकी राशि को नाम (Debit) किया जाता है। दायित्वों तथा सम्पतियों का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है तथा पुनर्मूल्यांकन पर लाभ की राशि को पूँजी कटौती

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

खाते में जमा तथा हानि की राशि को नाम किया जाता है। पूँजी कटौती खाते का नाम (Debit) शेष नहीं हो सकता है बल्कि जमा शेष बच सकता है। **इस खाते के जमा शेष को पूँजीगत संचय खाते** (Capital Reserve A/c) में अन्तरित कर दिया जाता है।

पूँजी कटौती खाते को ही पुनर्निर्माण खाता तथा पुर्नगठन खाता (Reconstruction Account) भी कहते हैं। सम्पतियों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ होता है तो पूँजी कटौती खाते की जगह पुनर्निर्माण खाता खोला जाना चाहिए।

पूँजी कटौती कार्यक्रम के अन्तर्गत लेखांकन
(Accounting for Capital Reduction Programme)

पूँजी कटौती कार्यक्रम के अन्तर्गत लेखांकन निम्न प्रकार किया जाता है :

(i) जब खोई हुई चुकता अंश पूँजी को रद्द करना हो तो निम्न प्रविष्टियां की जावेगी :

(अ) जब अंशों के अंकित मूल्य को घटा दिया जावे –

(पुराना अंकित मूल्य) Share capital A/c	Dr.	(पुराने पूँजी खाते के शेष से)
To (नया अंकित मूल्य) Share Capital A/c		(नयी पूँजी की राशि से)
To Capital Reduction A/c		(पूँजी में कमी की राशि से)

(ब) जब अंशों के अंकित मूल्य में परिवर्तन किये बिना ही प्रदत अंश पूँजी घटाई जाये–

Share Capital A/c	Dr.	(पूँजी में कमी की राशि से)
To Capital Reduction A/c		

(ii) यदि संचय (आयगत, पूँजीगत या अन्य सभी प्रकार के) खाते में जमा शेष हो तो उसे पूँजी कटौती खाते में स्थानान्तरित किया जाता है। संचयों की राशि को आन्तरित करने के लिए निम्न प्रविष्टि की जायेगी :

Capital Reserve A/c	Dr.
General Reserve A/c	Dr.
(Particular) Reserve A/c	Dr.
To Capital Reserve A/c	

(iii) कभी–कभी लेनदार तथा ऋण–पत्रधारी भी त्याग करने के लिए सहमत हो जाते हैं। इस स्थिति में उनके दावों (Claims) में भी कमी की जाती है। इस कमी की राशि से निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जायेगी :

Creditors A/c	Dr.	(त्यागी गई राशि से)
Debentures A/c	Dr.	(त्यागी गई राशि से)
To Capital Reduction A/c		

(iv) किसी सम्पति के पुनर्मूल्यांकन के फलस्वरूप यदि उसके मूल्य में वृद्वि हो तो वृद्वि की राशि से निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जायेगी–

Asset A/c	Dr.
To Capital Reduction A/c	

इसी प्रकार कम्पनी को यदि अन्य कोई लाभ उत्पन्न हो, तो उक्त लाभ की राशि ' पूँजी कमी खाते ' में क्रेडिट कर दी जायेगी।

(v) पूँजी कमी खाते में क्रेडिट की गई राशि का उपयोग व्यापारिक हानियों, विशेष हानियों ख्याति की राशि, कृत्रिम सम्पतियों एवं मूर्त व अमूर्त सम्पतियों में कमी करने के लिए किया जाए तो निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जायेगी :

Capital Reserve A/c Dr.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

To Profit and Loss A/c
To Discount on Issue of Debentures A/c (अपलिखित की जाने वाली राशि से)
To Preliminary Expenses A/c
To Goodwill A/c
To Patents A/c
To (Particular) Asset A/c

(vi) किसी सम्भावित दायित्व (Contingent Liability) के लिए यदि प्रबन्ध किया जावे, तो निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जायेगी–

Capital Reduction A/c Dr.
To (Particular) Liability A/c

(vii) विभिन्न हानियों को ' पूँजी कटौती खाते ' से अपलिखित करने के बाद भी यदि पूँजी कटौती खाते में कोई शेष बचता है, तो उसे पूँजी संचय खाते (Capital Reduction Account) में स्थानान्तरित कर देना चाहिए। इसके लिए निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जावेगी–

Capital Reduction A/c Dr
To Capital Reserve A/c

चिट्ठे में प्रदर्शन (Disclosure in Balance Sheet) :

आन्तरिक पुनर्निर्माण की योजना के क्रियान्वयन के पश्चात् चिट्ठा बनाते समय निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए :

(1) यदि न्यायालय ने निर्देश दिया हो कि कम्पनी के नाम के साथ 'And Reduced ' शब्द लगाने हैं तो चिट्ठे के शीर्षक में 'And Reduced ' शब्द लगाये जाने चाहिए।

(2) पुनर्निर्माण की योजना के अन्तर्गत यदि स्थायी सम्पतियों के मूल्यों में कमी की गई है अर्थात् अपलेखन किया गया है तो स्थायी सम्पतियों की अपलिखित की गई राशि को पॉच वर्षों तक चिट्ठे में अलग से दिखाना चाहिए।

उदाहरण (Illustration) 7 :

The Balance Sheet of X Ltd. As on 31st March 2010 is as follows.

Balance Sheet

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Authorised, Issued and Subscribed Capital :		Goodwill	2,00,000
		Fixed Assets	4,80,000
50,000 10% Preference Shares of Rs. 10 each fully paid up	5,00,000	Stock in Trade	1,25,000
		Debtors	1,05,000
50,000 Equity Shares of Rs. 10 each fully paid up	5,00,000	Preliminary Expenses	1,00,000
		Profit and Loss A/c	1,05,000
Creditors	1,15,000		
Total	11,15,000		11,15,000

The following 'Capital Reduction Scheme ' is approved by the Court :

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(i) 10 % preference shares of Rs. 10 each be reduced to 10% preference shares of Rs. 6 each fully paid up.

(ii) Equity shares of Rs. 10 each be reduced to fully paid up shares of Rs. 5 each.

(iii) Goodwill, Preliminary expenses and debit balance of Profit and Loss Account be written off completely.

(iv) The balance amount of capital reduction be used to write off fixed assets

Give journal entries and also prepare the revised balance sheet of the Company.

न्यायालय द्वारा पूँजी में कमी की निम्नलिखित योजना स्वीकृत की गयी है :

(i) 10 रू. वाले 10% पूर्वाधिकार अंशों को घटाकर 6 रू. वाले पूर्ण प्रदत 10% पूर्वाधिकार अंश बना दिया जावे।

(ii) 10 रू. वाले ईक्विटी अंशों को घटाकर 5 रू. वाले पूर्णदत ईक्विटी अंश बना दिया जावे।

(iii) ख्याति, प्रारम्भिक व्यय तथा लाभ–हानि खाते के डेबिट शेष को पूर्णरूप से अपलिखित कर दिया जावे।

(vi) पूँजी कटौती खाते की शेष राशि का उपयोग स्थायी सम्पतियों को अपलिखित करने में किया जावे।

जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए तथा कम्पनी का परिवर्तित चिट्ठा भी तैयार कीजिए।

हल (**Solution**) :

Journal of X Ltd.

Date	Particulars	L.F.	Amount Dr.	Amount Cr.
2010 April 1	(Rs. 10) 10% Preference Share Capital A/c Dr.		5,00,000	
	To (Rs. 6) 10% Preference Share Capital A/c			3,00,000
	To Capital Reduction A/c			2,00,000
	(10% Preference Share of Rs. 10 each reduced to Rs. 6 per share and balance transferred to Capital Reduction Account)			
April 1	(Rs. 10) Equity Share Capital A/c Dr.		5,00,000	
	To (Rs. 5) Equity Share Capital A/c			2,50,000
	To Capital Reduction A/c			2,50,000
	(Equity Shares of Rs. 10 each reduced to Rs. 5 per share and balance transferred to Capital Reduction Account.)			
April 1	Capital Reduction A/c Dr.		4,50,000	
	To Profit and Loss A/c			1,05,000
	To Goodwill A/c			2,00,000
	To Preliminary Expenses A/c			1,00,000
	To Fixed Assets A/c			45,000
	(Losses Written off)			

Balance Sheet of X Ltd. (and Reduced)
As on April 1,2010
(After Reconstruction)

Liabilities	Amount	Assets	Amount

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

	Rs.		Rs.	Rs.
Authorised, Issued and Subscribed Capital :		Fixed Assets	4,80,000	
50,000 10% preference Shares of Rs. 6 each fully paid up	3,00,000	Less : Written off Under Capital Reduction Scheme	45,000	4,35,000
50,000 Equity Shares of Rs. 5 each fully paid up	2,50,000	Stock in Trade		1,25,000
Creditors	1,15,000	Debtors		1,05,000
	6,65,000			6,65,000

संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर बकाया लाभांश
(Arrear and Dividend on Cumulative Preference Shares)–

कम्पनी को निरन्तर हानि की स्थिति में कम्पनी अपने अंशधारियों को लाभांश विपरीत नहीं कर पाती है इसलिए संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर भी लाभांश बकाया रह सकता है। बकाया लाभांश की राशि को चिट्ठे के नीचे संदिग्ध दायित्व (Contingent Liability) के रूप में दिखाया जाता है।

(i) जब पूर्वाधिकार अंशधारी अपने लाभांश की सम्पूर्ण बकाया राशि को त्यागने के लिए सहमत हो जाते है तो ऐसे लाभांश के सम्बन्ध में कोई प्रविष्टि नहीं की जायेगी क्योंकि लाभांश की बकाया राशि संदिग्ध दायित्व होने के कारण, पुस्तकों में दिखायी हुई नहीं है।

(ii) जब पूर्वाधिकार अंशधारियों को बकाया लाभांश पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से देना तय होता है तो भुगतान किये जाने वाली लाभांश की राशि का लेखा निम्न प्रकार किया जावेगा–

(अ) लाभांश की व्यवस्था करने पर :

Capital Reduction A/c Dr.
To Preference Share Dividend A/c
(Preference Share dividend payable to Preference Shareholders)

(ब) लाभांश चुकाने पर :

Preference Share Dividend A/c Dr.
To Bank A/c
To Share Capital A/c
To Debentures A/c
(Preference Share Dividend paid.)

(iii) यदि पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की घोषणा की जा चुकी है लेकिन भुगतान नहीं किया गया है तो यह कम्पनी के स्थिति विवरण के दायित्व पक्ष में पूर्वाधिकार अंश लाभांश खाता (Preference Share Dividend Account) के नाम से दिखाया हुआ होता है। विभिन्न परिस्थितियों में इसके लिए निम्नलिखित प्रविष्टियां की जायेगी–

(1) जब बकाया लाभांश का अंशधारियों द्वारा पूर्ण त्याग कर दिया गया हो :

Preference Share Dividend A/c Dr. (कुल राशि से)
To Capital Reduction A/c

(2) जब बकाया लाभांश का अंशधारियों द्वारा आंशिक रूप से त्याग किया गया हो

Preference Share Dividend A/c Dr. (कुल राशि से)
To Capital Reduction A/c (कुल राशि से)
To Bank A/c To Share Capital A/c To Debentures A/c (चुकायी जाने वाली राशि से)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(3) जब बकाया लाभांश का अंशधारियों को पूर्ण भुगतान किया जाता हो :

Preference Share Dividend A/c Dr.

To Bank A/c To Share Capital A/c To Debentures A/c (जिस रूप में चुकाया गया हो)

हल (Illustration) 8 :

The following is the Balance Sheet of Mohit Limited as on 31st March, 2010

मोहित लिमिटेड का 31 मार्च, 2010 का चिट्ठा निम्नलिखित है :

Liabilities	Amount	Assets	Amount
	Rs.		Rs.
Issued and Subcribed Capital :		Goodwill at Cost	60,000
2,400 8% Cumulative Preference	2,40,000	Leasehold Property	3,00,000
Share of Rs. 100 each fully paid up	4,00,000	Plant and Machinery	1,72,500
4,000 Equity Share of Rs. 100 each		Stock in Trade	69,175
fully paid up		Debtors	60,200
Capital Reserve	1,36,000	Preliminary Expenses	27,250
Trade Creditors	62,500	Profit and Loss Account	2,10,375
Bank Over draft	61,000		
	8,99,500		8,99,500

(ix) ऋण एवं अग्रिम खाता बही (Loans and Advances Ledger)
(x) अधिविकर्ष एवं रोकड़ी साख खाता बही (Overdraft and Cash Credit Accounts Ledger)
(xi) भुनाये एवं खरीदे गये बिल खाता बही (Bills Discounted and Purchased Ledger)

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(xii) ग्राहको की स्वीकृति, बेचान एवं गारन्टी खाता बही (Customer's Acceptances, Endorsements and Guarantee Ledger)

उपरोक्त सहायक पुस्तकों के अतिरिक्त एक बैंकिंग कम्पनी कुछ स्मरण पुस्तकें अथवा रजिस्टर भी रखती है जो निम्नलिखित है :

(i) एकत्रित किये जाने वाले बिलों का रजिस्टर (Bills for Collection Register)
(ii) मांग ड्राफ्ट रजिस्टर (Demand Draft Register)
(iii) प्रतिभूतियों का रजिस्टर (Securities Register)
(iv) जवाहरात रजिस्टर (Jewellery Register)
(v) सुरक्षित जमा वॉल्ट रजिस्टर (Safe Deposit Vault Register)।

एक बैंकिंग कम्पनी की प्रथम मुख्य पुस्तक सामान्य रोकड़ बही (General Cash Bank) होती है जिसमें सहायक रोकड़ पुस्तकों (प्राप्ति रोकड़िये एवं भुगतान रोकड़िये की रोकड़ पुस्तकों) के प्रतिदिन के विवरण सारांश रूप में दर्ज किये जाते है। इसके अतिरिक्त रोकड़ शेष बही (Cash Balance Book) भी रखी जाती है जिसमें प्रति दिन का प्रारम्भिक शेष, कुल प्राप्ति तथा कुल भुगतान (योग रूप में) दर्ज किये जाते हैं। इसके अंतिम शेष का मिलान रोकड़ियों के पास करेन्सी नोट व सिक्कों से कर लिया जाता है। बैंक की द्वितीय मुख्य पुस्तक सामान्य खाता बही (general Ledger) होती है जिसमें विविध सहायक पुस्तकों के लिए नियन्त्रण खाते (Control Accounts) खाते जाते हैं तथा उन खर्चो व सम्पतियों के खाते खोले जाते है जिनके खाते सहायक बहियों में नहीं खुले हुए हैं।

स्लिप प्रणाली
(Slip System)

बैंकों में हिसाब–किताब रखने में स्लिप प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका वर्णन निम्न प्रकार है :

स्पिल प्रणाली द्वारा खतौनी (Posting by Slip System) : बैंकिंग कम्पनियों में व्यवहारों का शीघ्र लेखा करने तथा समय की बचत के लिए 'स्लिप प्रणली द्वारा खतौनी' (Posting by slip System) का एक विशेष तरीका अपनाया जाता है। इस तरीके के अन्तर्गत स्लिपों के आधार पर बहियों में खतौनी की जाती है अर्थात् स्लिप ख्तौनी के माध्यम का कार्य करती है। स्लिप प्रणाली बुक–कीपिंग की कोई प्रणाली नहीं है बल्कि दोहरा लेखा सिद्धान्तों पर रखे गये खातों में शीघ्र पोस्टिंग की एक पद्धति है। स्लिप का अर्थ सौदे के एक लिखित अधिकार–पत्र से है जिसके आधार पर बहियों में खतौनी की जाती है, जैसे ग्राहकों द्वारा काटे गये चैक (Cheques), आहरण फार्म (Withdrawal Forms), तथा ग्राहकों के व्यक्तिगत खातों (Ledger Accounts) में खतौनी की जाती है।

स्पिल प्रणाली का कार्य संचालन (Working of Slip System) : प्रत्येक बैंकिंग कम्पनी की स्लिपें छपी हुई होती हैं तथा स्वयं ग्राहक द्वारा भरी जाती हैं। उदाहरण के लिए जब कोई ग्राहक नकद या चैक बैंक में जमा करता है तो साथ में जमा करने वाली स्लिप (Paying-in-slip) भी भर कर देता है। इस स्लिप के आधार पर बैठा हुआ प्राप्ति रोकड़िया अपनी रोकड़ बही (General Cash Book) में लिखता है। इसके बाद ये स्लिपें लेजर क्लर्क (Ledger Keeper) के पास भेज दी जाती हैं जो कि ग्राहकों के व्यक्तिगत खातों में प्रविष्टि कर देता है। प्रत्येक दिन के अंत में इन सब स्लिपों को क्रमानुसार फाइल में लगा दिया जाता है ताकि भविष्य में इनके आधार पर जांच की जा सके।

जब कोई ग्राहक बैंक में अपने खाते से रूपया निकलवाना चाहते हैं तो आहरण फॉर्म या चैक भर कर लेजर क्लर्क (Ledger Keeper) को देता है उक्त स्लिप की रसीद के रूप में लेजर क्लर्क ग्राहक को एक टोकन देता है जिस पर कोई संख्या (Number) अंकित रहती है। इस स्लिप के आधार पर लेजर क्लर्क ग्राहक के व्यक्तिगत खाते मं प्रतिष्टि कर देता है तथा उस स्लिप पर भुगतान का आदेश करने के लिए लेखापाल

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(Accountant) के पास भेज देता है। लेजर क्लर्क उक्त स्लिप को टोकन पुस्तक में चढ़ाकर टोकन पुस्तक के साथ भेजता है। लेखापाल उस व्यक्ति के हस्ताक्षरों का मिलान नमूने के हस्ताक्षरों से करता है तथा स्लिप पर भुगतान का आदेश देकर पुस्तक व स्लिप को खिड़की पर बैठे हुए भुगतान–रोकड़िये के पास भिजवा देता है जो कि अपनी रोकड़ बही में लेखा करके ग्राहक को नकद भुगतान दे देता है। उक्त रोकड़िया समय–समय पर उन स्लिपों को एक अन्य क्लर्क के पास भेज देता है जो सामान्य रोकड़ बही के भुगतान पक्ष की ओर उन सौदों को दर्ज कर लेता है। प्रत्येक दिन के अंत में इन सब स्लिपों को क्रमानुसार लगातार फाइल कर लिया जाता है ताकि भविष्य में इनके आधार पर जांच की जा सके।

अन्य प्रकार के सौदों, जैसे चालू खाते से स्थाई जमा खाते से दूसरे चालू खाते में हस्तांतरण करने में भी यही पद्धति अपनाई जाती है। इसमें ग्राहकों को आहरण फार्म या चैक के अतिरिक्त, अन्य खाते में हस्तांतरण के लिए, एक फार्म और भरना पड़ता है जिसके आधार पर बैंक कर्मचारियों द्वारा प्रविष्टियां कर ली जाती है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि स्लिप द्वारा खतौनी के अन्तर्गत प्रविष्टियां तुरन्त ही विभिन्न कर्मचारियों द्वारा अपनी पुस्तकों में कर ली जाती हैं।

स्लिप पद्धति के लाभ (Advantage of Slip System) : स्लिपों के आधार पर खतौनी करने से बैंकिंग कम्पनियों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त होते हैं :

(i) स्लिपें एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को सुगमता से स्थानान्तरित की जा सकती हैं जिसमें समय की बचत होती है जबकि लेखा–पुस्तकें इधर–उधर पहुंचाने में समय अधिक लगता हैं।

(ii) लेखा पुस्तकें इधर–उधर पहुंचाने में बैंकिंग कार्य में बाधा पड़ती है तथा ग्राहकों को भी अधिक समय तक इन्तजार करना पड़ता है। अतः ग्राहकों की सुविधा की दृष्टि से यह पद्धति उतम हैं।

(iii) स्लिप पद्धति को अपनाने से अलग–अलग कर्मचारी स्लिप के आधार पर अपनी–अपनी पुस्तकों में व्यवहारों को दर्ज करते है जिससे किसी भी कर्मचारी की अशुद्धियों का उस दिन के अन्त में पता चल जाता है। यदि लेखा पुस्तकों के आधार पर खतौनी की जाये तथा रोकड़ बही में ही शुद्धि हो जाये तो आगे की सब बहियों मे अशुद्धि होने की सम्भावना रहती है।

(iv) स्लिपों ग्राहकों द्वारा ही भरी जाती हैं, अतः बैंक के कर्मचारियों के श्रम व समय की बचत होती है तथा ये स्लिपें ग्राहकों के साथ हुए सौदे के प्रमाणक का भी कार्य करती हैं।

(v) स्लिप पद्धति अपनाने से लेखा कार्य बहुत सुगम हो जाता है तथा बैंक के बहुत अधिक सौदों का पूर्ण ढंग से विभाजन सम्भव हो जाता हैं।

(vi) यदि बैंकिंग कम्पनियों द्वारा स्लिप पद्धति नहीं अपनाई जावे तो सौदों की संख्या को देखते हुए उसे बहुत अधिक सहायक पुस्तकें रखने की आवश्यकता पड़ेगी तथा कर्मचारी भी अधिक रखने पड़ेगें। अतः स्लिप पद्धति अपनाने से धन की बचत भी होती है।

स्लिप पद्धति की हानियां (Disadvantages of Slip System) : स्लिप पद्धति बैंकिंग लेखा व्यवस्था का अभिन्न अंश हैं। इसके अनेकों लाभ होते हुए भी कुछ दोष भी हैं जो निम्नलिखित हैं :

(i) **खुला प्रमाणक** (Loose Voucher) : बैंक ग्राहकों को प्रायः पुस्तक के रूप में स्लिपें देता है (जैसे, चेक बुक) लेकिन ग्राहको से प्रत्येक स्लिप पृथक्–पृथक् आती है, अतः इतनी स्लिपों को नियन्त्रित करना एक कठिन कार्य हैं।

(ii) **नष्ट होने या खोने का भय** : स्लिपें खुली हुई होने के कारण इनके नष्ट होने या खोने का भय बना रहता है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(iii) **भूल की सम्भावना** : स्लिप के खो जाने से अथवा दो स्लिपों के एक साथ चिपक जाने से लेखों में भूल हो जाती है।

(iv) **गबन की सुगमता** : एक स्लिप को फाइल में से आसानी से हटाया जा सकता है अथवा उसके स्थान पर दूसरी स्लिप रखी जा सकती है। इस प्रकार कर्मचारियों द्वारा गबन करना आसान हो जाता हैं।

(v) **भूल या गबन का संचयी प्रभाव** : भूल या गबन का बैंकों में लम्बे समय तक नहीं चलता है। जब इनका आकार बहुत बड़ा हो जाता है और तब इनके बारे में पता चलता है तो तब तक बैंक को बहुत बड़ा नुकसान हो चुका होता है।

आन्तरिक नियन्त्रण ढीला होने पर ही उपरोक्त हानियां होती हैं। आन्तरिक नियन्त्रण प्रणाली को सुदृढ़ करके इन हानियों से बचा जा सकता है। आधुनिक समय में बैंकों में कम्प्यूटरों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। इसके लिए स्लिप पद्धति ही उपयुक्त हैं।

बैंकिंग विनियमन अधिनियम के कुछ विशिष्ट प्रावधान तथा उनसे सम्बन्धित व्यवहार
(Some special provisions of the Banking Regulation Act and Transactions relating thereto)

बैंकिंग कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 1962 के लागू होने के बाद व्यवसाय प्रारम्भ करने बैंकिंग कम्पनी की व्यवसाय के स्थाना की संख्या को ध्यान में न रखते हुए न्यूनतम प्रदत पूंजी 5 लाख रूपयें से कम नहीं होगी।

अधिनियम की धारा 12 के अनुसार एक बैंकिंग कम्पनी निम्न शर्तें पूरी करे बिना व्यापार नहीं कर सकती:

(i) उसकी प्रार्थित पूंजी, अधिकृत पूंजी की आधी से कम नहीं होनी चाहिए तथा प्रदत पूंजी, प्रार्थित पूंजी की आधी से कम नहीं होनी चाहिए। जब पूंजी बढ़ाई जाती है तो उसे उपरोक्त शर्तों का पालन 2 वर्षो के भीतर–भीतर जैसा कि रिजर्व बैंक अनुमति दे, करना चाहिए।

(ii) बैंकिंग कम्पनी की पूंजी में केवल समता अंश, या समता अंश तथा पूर्वाधिकार अंश (1 जुलाई, 1945 से पूर्व जारी पूर्वाधिकार अंश) होने चाहिए।

उपरोक्त प्रावधान उन बैंकिंग कम्पनी पर लागू नहीं होते जिनका समायोजन 15 जनवरी, 1937 से पूर्व हुआ हो। अंश पूंजी के सम्बन्ध में उपरोक्त दी गई सीमाएं बहुत लम्बे समय पूर्व निर्धारित की गई हैं। ये सीमाएं पूर्ण अपर्याप्त पायी गई हैं। बैंकों के पूंजी आधार को सुदृढ़ करने के लिए नरसिंहमन समिति की सिफारिशों के आधार पर अप्रैल, 1992 में रिजर्व बैंक ने ''जौखिम समायोजित सम्पति अनुपात विधि'' (The risk weighted asset ratio system) लागू किया। इस पद्धति के अनुसार डूबत ऋण अपलिखित करने के बाद बैंकों की प्रदत पूंजी एवं कोष, बैंक की सम्पतियों, उनके विनियोगों, ऋण एवं अग्रिम के उचित अनुपात में होने चाहिए। इन सभी मदों को व्यस्थित जोखिम के आधार पर भार प्रदान किये गये हैं। इस प्रकार ज्ञात अनुपात 'पूंजी पर्याप्त अनुपात' (Capital Adequacy Ratio) के नाम से जाना जाता है। भारत में संचालित सभी बैंकों ने इस अनुपात को मार्च 2005 तक 10 प्रतिशत तक प्राप्त कर लिया था।

रिजर्व बैंक ऐसे निजी बैंकों को भी अनुमति दे रहा है जिनका पंजीयन कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत एक सार्वजनिक सीमित कम्पनी कम्पनी के रूप में है, की न्यूनतम प्रदत पूंजी 100 करोड़ रूपये होगी।

कमीशन, दलाली आदि का भुगतान : एक बैंकिंग कम्पनी कमीशन, दलाली बट्टे या पारिश्रमिक के रूप में अपनी ऐसी प्रदत पूंजी के 2½ प्रतिशत से अधिक भुगतान नहीं कर सकती है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

न मांगी गयी पूंजी पर प्रभार : एक बैंकिंग कम्पनी अपनी न मांगी गई पूंजी पर किसी प्रकार उत्पन्न नहीं कर सकती है।

ऋणों पर बन्धन (Restriction on Loans and Advances) : एक बैंकिंग कम्पनी अपने अंशों की जमानत पर. ण नहीं दे सकती है। इसके अतिरिक्त बैंक निम्न लोगों को भी ऋण नहीं दे सकती हैं :

(A) बैंक के संचालक,

(B) किसी ऐसी फर्म को जिसमें बैंक के संचालक साझेदार, मैनेजर, कर्मचारी या गारण्टीकर्ता हैं।

(C) किसी ऐसी कम्पनी को जिसमें बैंक को कोई संचालक, उस कम्पनी का मैनेजर, संचालक, कर्मचारी या गारंटकीकर्ता है या उस कम्पनी में बैंक के संचालक के महत्वपूर्ण हित हैं।

(D) किसी ऐसे व्यक्ति को जिसका बैंक का संचालक साझेदार या गारंटीकर्ता हैं।

पूंजी तथा रक्षित निधि (Capital and Reserve Fund) :

बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 11 में बैंकों की न्यूनतम पूंजी सम्बन्धी व्यवस्थाओं का उल्लेख किया गया है। न्यूनतम पूंजी निश्चित करते समय भौगोलिक कार्य–क्षेत्र एवं बैंक की स्थापना किस स्थान पर की गई है, आदि बातों को ध्यान में रखा गया है। इस धारा के अनुसार बैंकिंग कम्पनियों की प्रदत पूंजी व संचयों की निर्धारित की गई न्यूनतम सीमा निम्न तालिका द्वारा दर्शायी गयी है :

(1) बैंको के लिए न्यूनत प्रदत्त पूंजी एवं कोष
(Minimum Paid up Capital and Reserves for Banks)

विवरण	प्रदत्त पूंजी एवं कोषों की कुल राशि (रूपयों में)
1. भारत में समामेलित बैंक	
A. (i) भारत में समामेलित ऐसी बैंकिंग कम्पनी जिसके व्यापारिक कार्यालय एक से अधिक राज्यों में हों (मुम्बई या कोलकाता शहरों को छोड़कर)	5 लाख
B. (ii) भारत में समामेलित ऐसी बैंकिंग कम्पनी जिसके व्यापारिक कार्यालय एक से अधिक राज्यों में तथा व्यापारिक कार्यालय मुम्बई या कोलकाता अथवा दोनों शहरों में हों।	10 लाख
(a) यदि बैंकिंग कम्पनी के समस्त व्यापारिक कार्यालय एक ही राज्य में हों तथा उनमें से कोई स्थान मुम्बई अथवा कोलकाता में हो (मुम्बई तथा कोलकाता शहर को छोड़कर अन्य स्थानों पर स्थित प्रत्येक व्यापारिक कार्यालय के लिए 25 हजार रू. अतिरिक्त पूंजी होनी चाहिए परन्तु अधिकतम राशि 10 लाख रू. हैं)।	5 लाख
(b) यदि व्यापारिक स्थान एक राज्य में हो तथा उक्त स्थान मुम्बई अथवा कोलकाता में न हो (उसी जिले में प्रत्येक अतिरिक्त व्यावसायिक स्थान के लिए 10 हजार रू. तथा अन्य जिलों में स्थित प्रत्येक कार्यालय के लिए 25 हजार रू.किन्तु ऐसे बैंक की प्रदत्त पूंजी एवं संचय 5 लाख से अधिक होने की आवश्यकता नहीं है)।	1 लाख
2. भारत से बाहर समामेलित बैंक	
(i) यदि मुम्बई अथवा कोलकाता शहर में इनका कोई व्यापारिक कार्यालय नहीं हो।	15 लाख
(ii) यदि मुम्बई या कोलकाता अथवा दोनों जगह इनका व्यापारिक कार्यालय हो।	20 लाख

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

बैंक के चिट्ठे में पूंजी को दायित्व पक्ष पर दिखाया गया है। अन्य कम्पनियों के समना बैंक को भी पूंजी को विभिन्न शीर्षकों यथा अधिकृत, प्रार्थित एवं प्रदत पूंजी के रूप में दिखाया जाता हैं।

(ii) **अधिकृत, प्रार्थित एवं प्रदत पूंजी के अनुपात** (Ratio of Authorised, Subsciribed and Paid up Capital) : बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 12 (1) के अनुसार बैंक की प्रार्थित पूंजी (Subscribed Capital) उसकी अधिकृत पूंजी (Authorised Capital) के 50 प्रतिशत से कम नहीं हो सकती। यदि भविष्य में बैंक की अधिकृत पूंजी में वृद्धि की जाती है तो रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अवधि में प्रार्थित पूंजी एवं प्रदत पूंजी में आवश्यक वृद्धि करनी होगी। यह अवधि अधिक से अधिक 2 वर्ष हो सकती है।

(iii) **वैधानिक कोष** (Statutory Reserve) : बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 17 (i) के अनुसार भारत में समामेलित प्रत्येक बैंकिंग कम्पनी के लिए वैधानिक कोष की स्थापना आवश्यक है। इस धारा के अनुसार प्रत्येक कम्पनी को लाभांश घोषणा से पूर्व लाभों का कम से कम 20 प्रतिशत इस कोष में स्थानांतरित करना आवश्यक है। इस कोष को चिट्ठे में अन्य कोषों से भिन्न दिखाना चाहिए। रिजर्व बैंक किसी भी बैंकिंग कम्पनी को इस प्रावधान से छूट दे सकता है। यदि कोई बैंकिंग कम्पनी संचय कोष अथवा प्रतिभूति प्रीमियम खाते से कोई नियोजन करती है तो उसको 21 दिन के भीतर इस प्रकार के किये गये नियोजन के कारणों (Causes) की रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया को रिपोर्ट करनी होती हैं।

मांग तथा समय दायित्व (Demand and Time Liability) :

मांग तथा समय दायित्व से तात्पर्य बैंक के ऐसे दायित्व से है जो मांग करने पर (On demand) अथवा एक समय में भुगतान योग्य हो। सामान्यतः ग्राहकों के द्वारा खुलवाए गये प्रत्येक बैंक खाते में जमा धन इस श्रेणी में आते हैं। इसमें बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, स्थायी जमा खाता एवं चालू खाता सम्मिलित है। सामन्यतः बैंक में इन सभी खातों का जमा शेष होता है किन्तु चालू खाते में नाम शेष (Overdraft) हो कसता है। ऐसी परिस्थिति में मांग एवं समय दायित्व में केवल क्रेडिट शेष ही लेना है, डेबिट शेष का समायोजन नहीं किया जाएगा। डेबिट शेष को चिट्ठे में सम्पति की तरफ अलग से दिखाया जाता है। इस दायित्व से सम्बन्धित दो प्रावधान है – रोकड़ संचय एवं तरल अनुपात, जिनकी पालना प्रत्येक बैंक को करनी होती हैं।

रोकड़ संचय (Cash Reserve) : प्रत्येक बैंक (ग्रामीण बैंक को छोड़कर) को अपनी मांग एवं समय दायित्व का एक निश्चित प्रतिशत राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास खुले चालू खाते में जमा करानी होगी, इस जमा राशि को ही रोकड़ संचय कहते हैं। रोकड़ संचय की गणना प्रत्येक बैंक अपनी मांग एवं समय दायित्व (Demand and Time liability) का एक निश्चित प्रतिशत (जैसा भारतीय रिजर्व बैंक घोषित करें) के आधार पर की जाएगी।

एक गैर–अनुसूचित बैंक (Non-scheduled Bank) को अपने मांग एवं दायित्व के 3 प्रतिशत के बराबर राशि भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा करानी होती है व इस बात की सूचना मय मांग एवं समय दायित्व की सूची के साथ प्रत्येक माह की 20 तारीख से पूर्व आए शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक को प्रेषित करनी होगी।

वैधानिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Ratio) : प्रत्येक बैंक को अपने पास अपनी मांग एवं समय दायित्व के अन्तर्गत (बैंक दायित्व को छोड़कर) 20 प्रतिशत से 40 प्रतिशत के मध्य (भारतीय रिजर्व बैंक की घोषणानुसार) राशि तरल सम्पति के रूप में बनाए रखनी चाहिए। तरल सम्पति से तात्पर्य ऐसी सम्पति से है, जिसकी नगद में तुरन्त परिवर्तन हो सके। सामान्यतः बैंक हस्तस्थ रोकड़ (Cash in hand), अन्य बैंकों के पास (भारतीय रिजर्व बैंक के पास रोकड़ संचय को छोड़कर) जमा धन जो मॉगते ही मिल जाए या अल्प अवधि में मिल जाए (Money at call and short notice), चालू विनियोग, स्वर्ण–आभूषण–बहुमूल्य मान धातुओं में विनियोजन आदि सम्मिलित होते हैं। रिजर्व को इसे 40 प्रतिशत तक बढ़ाने का अधिकार हैं।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

बिलों का बट्टाकरण करना (Discounting of Bills) : प्रत्येक बैंक अपने ग्राहकों के बिलों को बट्टे पर भुनाने का कार्य भी करते हैं। इस कार्य के लिए बैंक उस बिल की अवधि के लिए ब्याज वसूलती है व ऐसे ब्याज की वसूली गयी राशि को बट्टा कहा जाता है। ग्राहक के बिल बैंक प्राप्त करती है तथा उसे एक विशिष्ट खाते "Bills Discounted and Purchesed a/c" को डेबिट किया जाता है व परिपक्वता तिथि पर इस खाते को क्रेडिट कर दिया जाता है। यदि परिपक्वता तिथि गत वर्ष की समाप्ति के पश्चात् आती है तो इस खाते का डेबिट शेष होगा व चिट्ठे में 'अग्रिम' के साथ दिखाया जाता है। ऐसे बिलों पर जो बट्टा प्राप्त किया गया है, उसमें से परिपक्वता तिथि का बट्टा अग्रिम माना जाता है व इस अग्रिम प्राप्त बट्टे की राशि से घटाने के स्थान पर लाभ–हानि खाते से इसका प्रावधान किया जाएगा। ऐसा प्रावधान अगले वर्ष की आय मान कर बट्टे की राशि में जोड़ दिया जाएगा। संक्षेप में निम्न प्रविष्टियां होगी :

(1) On Discounging of Bill

Bills Discounted & Purchased a/c   Dr.

To Customer's Personal a/c

To Discount on Bills a/c

(Being bills discounted)

(2) On Maturity of Bill :

(a) If payment received :

Cash a/c   Dr.

To Bills Discounted & Purchased a/c

(b) If bill is dishonored :

Customer's Personal a/c   Dr. (By full value of bill)

To Bills Discounted & Purchased a/c

भुनाये गये बिलों पर रिबेट (Rebate on Bills Discounted) :

जब बैंक किसी विनिमय पत्र/बिल को भुनाता है तो कमायी गयी सारी छुट (Discount) की राशि को छूट (Discount) खाते में क्रेडिट कर लेता है जैसा कि ऊपर बताया गया है लेकिन ऐस भुनाये गये कुल बिल वर्ष की समाप्ति तक भुगतान हेतु परिपक्व (Matured) नहीं होते। वस्तुतः ऐसे बिलों के सम्बन्ध में छूट (Discount) की राशि वर्ष के दौरान कमाई हुई नहीं मानी जा सकती। इस तरह से ''न वसूल हुई छूट'' (Unexpired Discount) को निम्न प्रविष्टि कर आगे ले जाया जाता है –

(3) For Closing Balnce of Rebate on Bill Discounted :

Discount on Bills a/c   Dr.

To Rebate on Bills Discounted A/c

(4) For Transfer of Discount A/c to P. & L. A/c

Discount on Bills a/c   Dr.

To P. & L. a/c

(5) For Opening Balance of Rebate on Bill Discounted :

Rebate on Bills Discounted a/c   Dr.

To Discount on Bills a/c

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

उदाहरण – 1

The following is an extract from the Trial Balance of Royal Bank Ltd. as at 31st March, 2007 : 31 मार्च, 2007 को रॉयल बैंक लिमिटेड के तलपट से अग्रलिखित अंश लिया गया है :

	Dr. Rs.	Cr. Rs.
Bills Discounted	31,28,000	
Rebate on bills discount.		
As on 1.4.2006		70,160
Discounts Received		3,77,080

An analysis of the bills discounted shows as follows :

Amount (Rs.)	2,80,000	8,72,000	5,64,000	8,12,000	6,00,000
Due Date (2007)	5 June	12 June	25 June	5 July	9 July

How much amount of discount to be credited to Profit and Loss Account for the year ending 31st March, 2007 and pass appropriate Journal entries for the same. The rate of discount may be takent at 10 per cent per annum.

31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ–हानि खातें में बट्टे की कितनी रकम क्रेडिट की जायेगी तथा उसके लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिए। बट्टे की दर 10 प्रतिशत वार्षिक ली जावे।

Solution :

सर्वप्रथम हमें 31 मार्च, 2007 को भुनाये हुए बिलों पर बट्टे की राशि ज्ञात करनी होगी जिसकी अवधि उस तिथि तक समाप्त नहीं हुई है। यह गणना निम्न तालिका द्वारा ज्ञात की जायेगी :

	रू.
2,80,000 रू. पर 66 दिन का 10 प्रतिशत से बट्टा 28,000 x 66 / 365	5,063
8,72,000 रू. पर 73 दिन का 10 प्रतिशत से बट्टा 87,200 x 73 / 365	17,440
5,64,000 रू. पर 86 दिन का 10 प्रतिशत से बट्टा 56,400 x 86 / 365	13,289
8,12,000 रू. पर 96 दिन का 10 प्रतिशत से बट्टा 81,200 x 96 / 365	21,357
6,00,000 रू. पर 100 दिन का 10 प्रतिशत से बट्टा 60,000 x 100 / 365	16,438
योग	73,587

Dr. Discount on Bills Account Cr.

Date	Particulars	Amount Rs.	Date	Particulars	Amount Rs.
31.3.2007	To Rebate on bills discount.	73,587	1.4.2006	By Rebate on Bills Dis.	70,160
31.3.2007	To Profit & Loss a/c (Balancing figure)	3,73,653	31.3.2007	By Bills Dicount and Purchased	3,77,080
		4,47,240			4,47,240

Dr. Rebate on Bills Discounted Account Cr.

Date	Particulars	Amount Rs.	Date	Particulars	Amount Rs.
31.3.2007	To Discount a/c	73,587	1.4.2006	By Balance b/d	70,160
31.3.2007	To Balance c/d	73,587	31.3.2007	By Discount on Bills a/c	73,587
		4,47,240			4,47,240

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Journal of Royal Bank Ltd.

Date	Particulars	L.F	Amount	
			Debit (Rs,)	Credit (Rs)
2006 April 1	Rebate on Bills Discounted a/c Dr. To Discount on Bills a/c (Transfer of opening balance)		70,160	70,160
2007 Mar. 31	Discount on Bills a/c Dr. To P. & L. a/c (Being discount on Bills a/c transferred.)		3,73,653	3,73,653
Mar. 31	Discount on Bills a/c Dr. To Rebate on Bills Discount a/c (Being unexpired discount at year end adjusted.)		73,587	73,587

उदाहरण – 2

The following balances are extracted from the trial balance of Indian bank as on 31st march, 2007:

31, मार्च, 2007 को इण्डियन बैंक के तलपट से लिये गये शेष निम्न प्रकार हैं :

	Rs.
Interest and discount (credit)	42,45,735
Rebate on bills discounted)	35,885
Bills discounted and purchased (debit) (maturity date 30-6-2007)	5,00,000

It is ascertained that the proportionate discount not earned related to bill of which maturity date will come on 30-6-2007 amount to Rs. 35,745. prepare ledger accounts.

यह पाया गया कि जो बिल 30–12–2007 को परिपक्व होगा, से सम्बन्धित बटे की आनुपातिक राशि, जो अभी तक कमायी नहीं है, 35,745 रु. है। आवश्यक खाते बनाइऐ ।

Solution

Dr. Discount on Bills Account Cr.

Date	Particulars	Amount Rs.	Date	Particulars	Amount Rs.
31.3.2007	To Rebate on bills discount.	35,735	2006 & 2007	By Rebate on Bills Dis.	35,845
31.3.2007	To Profit & Loss a/c	42,45,835		By Bills Dicount and Purchased	42,45,735
		42,81,580			42,81,580

Dr. Rebate on Bills Discounted Account Cr.

Date	Particulars	Amount Rs.	Date	Particulars	Amount Rs.
31.3.2007	To Discount a/c	35,845	1.4.2006	By Balance b/d	35,845
31.3.2007	To Balance c/d	35,745	31.3.2007	By Discount on Bills a/c	35,745
		71,590			71,590

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

विनियोग (Investments) :

रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 30 सितम्बर, 2000 को विनियोगों के वर्गीकरण एवं मूल्यांकन हेतु नवीन मार्गदर्शन (Guidelines) जारी किये गये है। इन मार्गदर्शन के अनुसार बैंको को अपने सम्पूर्ण निवेश (Total Investment) को निम्न तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करना होता है –

परिपक्वता तक धारित (Held to maturity)	विक्रय हेतु उपलब्ध (Availabel for Sale)	क्रय–विक्रय हेतु धारित (Held for Trading)

परिपक्वता तक धारित (held to maturity) के अन्तर्गत वे सभी प्रतिभूतियां आती हैं जिन्हें परिपक्वता की अवधि तक रखा जाता है। अल्पकालीन मूल्य/ब्याज दर उच्चावचनों के लाभ उठाने के उद्देश्य से रखी गयी प्रतिभूतियों को क्रय–विक्रय हेतु धारित (Held for Trading) की श्रेणी मे रखा जाता है। ऐसी प्रतिभूतियां जो उपरोक्त दोनों श्रेणियों में नही आती उनको विक्रय हेतु उपलब्ध (Acquisition Cost) पर दिखाया जाना चाहिए। दूसरी ओर क्रय–विक्रय हेतु धारित (Held for Trading) प्रतिभूतियों को तथा विक्रय हेतु उपलब्ध प्रतिभूतियों को सामान्यतः मासिक तोर पर पुनः मूल्यांकित किया जाना चाहिए ताकि इन्हे बाजार के प्रति अंकित (marked-to-market) मूल्य पर दिखाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त वर्गीकरण केवल विनियोगों के मूल्यांकन के उद्देश्य हेतु है जो कि रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन (Guidelines) पर आधारित है। विनियोगों को बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 की तृतीय अनुसूची के अनुसार चिट्ठे में निम्न श्रेणियों में रखकर प्रदर्शित (Disclose) किया जाता है –

Investment in India		Investment outside India	
(i)	Government Securities	(i)	Government Securities
(ii)	Other Approved Securites	(ii)	Subsidiaries and/or joint ventures abroad
(iii)	Shares	(iii)	Others
(iv)	Debentures and Bonds		
(v)	Investment in Subsidiaries/Joint Ventures		
(vi)	Others		

अग्रिम (Advances) :

बैंक के चिट्ठे में पुस्तक ऋणों (Book Debts) की राशि सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसी राशि को अग्रिम (Advances) कहा जाता है। इनमें निम्नलिखित मदें सम्मिलित होती हैं :

(a) कटौती पर लिये हुए अथवा क्रय किये हुए बिल (Bills discounted and purchased);
(b) नगद साख के अन्तर्गत ऋण (Cash credit) व अधिविकर्ष (Overdraft); तथा
(c) अवधि ऋण (Term Loan)।

चिट्ठे में अग्रिम (Advances) से सम्बन्धित राशि का विवरण अनुसूची 9 में दिया जाता है।

अग्रिम का वर्गीकरण (Classification of Advances) :

जहां ऋण है वहां डूबत भी अवश्य होती है। ऋण और डूबत का चोली–दामन का साथ है, फिर चाहे वह सरकारी ण हो अथवा बैंक ऋण हो या अन्य किसी प्रकार का ऋण हो। बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने ऋणों के सम्बन्ध में पर्याप्त आयोजन करें। आयोजन के दृष्टिकोण से ऋणों को निम्नलिखित वर्गों में विभक्त किया जाता है –

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(a) मानक सम्पतियां (Standard Assets) : मानक सम्पतियां वे सम्पतिया होती हैं जिनके सम्बन्ध में व्यवसाय की सामान्य जोखिमों से अधिक जोखिम नहीं होती। लेकिन गैर–निष्पादित सम्पतियों (Non-Performing Assets of NPA) को इसमें सम्मिलित नहीं किया जाता है। इन सम्पतियों के सम्बन्ध में 0.25 प्रतिशत के बराबर सामान्य आयोजन का निर्माण करना आवश्यक है।

(b) उपमानक सम्पतियां (Sub-standard Assets) : उपमानक सम्पतियां ऐसी सम्पतियां होती हैं जिन्हें 18 माह या इससे कम समय से गौर–निष्पादित सम्पतियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता रहा है। इसके सम्बन्ध में बैंक को उपलब्ध प्रतिभूति अपर्याप्त होती है और बैंक को हानि होने की सम्भावना रहती है। इन सम्पतियों की कुल राशि के 10 प्रतिशत के बराबर आयोजन निर्माण करना आवश्यक है।

(c) संदिग्ध सम्पतियां : संदिग्ध सम्पतियां उन्हें कहते हैं जो 18 माह से अधिक समय से गैर–निष्पादित सम्पतियों में वर्गीकृत की जाती रही हैं। इन सम्पतियों के सम्बन्ध में बैंक को काफी नुकसान होने की प्रबल सम्भावना रहती है। इन सम्पतियों से सम्बन्धित हानि के लिए आयोजन का निर्माण करते समय इनको निम्नलिखित दो भागों में विभक्त किया जावेगा : **सुरक्षित भाग** (Secured Portion) तथा **असुरक्षित भाग** (Unsecured Portion)।

असुरक्षित भाग के लिए शत–प्रतिशत आयोजन करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त सुरक्षित भाग के लिए भी निम्न प्रकार से आयोजन का निर्माण किया जाना चाहिए :

जिस अवधि से सम्पत्ति को संदिग्ध माना जाता रहा है	सुरक्षित भाग का प्रतिशत जितना आयोजन किया जाना चाहिए
एक वर्ष तक	20%
एक से तीन वर्ष तक	30%
तीन वर्ष से अधिक	50%

(d) हानि सम्पत्तियां (Loss Assets) : हानि सम्पतियां वे होती हैं जिनके सम्बन्ध में बैंक अथवा आन्तरिक अंकेक्षकों अथवा रिजर्व बैंक के निरीक्षकों ने हानि को पहचान लिया हो लेकिन राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से अपलिखित नहीं किया गया हो। ऐसी सम्पतियों को अपलिखित कर दिया जाना चाहिए।

उदाहरण – 3

you are given the following information taken from the books of a bank:

आपको एक बैंक की पुस्तकों से ली हुई निम्नलिखित सूचना दी जाती है।

		('000 omitted)
(a) standard assets		3200
(b) sub-standard assets		260
(c) doubtful assets but secured	up to one year	140
	One to three years	80
	More than three years	40
(d) loss assets		100

Ascertain the amount of provision required to be made by the bank
उस आयोजन की राशि ज्ञात कीजिए जो बैंक द्वारा किया जाना आवश्यक है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Solution: Statement showing the amount of provision

Assets	Amount ('000) omitted)	Required provision in percentage	Amount of provision ('000 omitted)
Standard assets	3200	0.25	8
Sub-standard assets	260	10	26
Doubtful assets;			
Upto one year	140	20	28
One to three years	80	30	24
More than three years	40	50	20
Loss assets	100	100	100
			206

हानि प्रावधान की राशि यदि ऋण ECGC/DICGC द्वारा गारण्टी युक्त हो (proviosion for loss if advance is guranteed by export credit & guarantee corporation or DICGC):

यदि बैंक ने किसी ग्राहक को कोई अग्रिम दिया है व इस अग्रिम हेतु ECGC (Export Credit & Guarantee Corporation) या DICGC द्वारा गारन्टी प्रदान की है तो अग्रिम पर प्रावधान हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने परिपत्र दिनांक 3–4–1995 (Circular no. B.P. BC. 36/12.04.048/95) के परिपत्र के अनुसार 1995–96 से ऋण की राशि में से ग्राहक द्वारा दी गयी प्रतिभूति को बाजार मूल्य पर घटाया जाएगा ।

रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार ECGC/DICGC गारण्टीशुदा अग्रिमों के सम्बंध में डुबत ऋण हेतु प्रावधान की राशि की गणना को अग्र उदाहरण द्वारा समझाया जा सकता है –

मान लीजिए DECGC कवर 50% निर्धारीत है। एक अवधिगत ऋण खाते के सम्बंध में निम्न विवरण हैं–

(अ) अदत राशि (outstanding amount)	40 लाख रु.
(ब) प्रतिभूति का बाजार मूल्य (realisable balue of security)	15 लाख रु.
(स) DICGC कवर	50%

(द) खाते को दो वर्षो के लिए संदिग्ध ऋण के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। खाते के सम्बन्ध में किए जाने वाले प्रावधान की राशि की गणना निम्न प्रकार की जाएगी –

हल–	रूपये (लाख में)
अदत राशि (outstanding amount)	40.00
घटाईये : प्रतिभूति का बाजार मूल्य	15.00
असुरक्षित राशि	25.00
सुरक्षित राशि के संबंध में प्रावधान (15 लाख रु. का 30%)	4.50
असुरक्षित राशि के संबंध में प्रावधान (100%)	25.00
	29.50

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

घटाइये : DICGC कवर (50%)	14.75
अपेक्षित प्रावधान (provision required)	14.75

महत्वपूर्ण टिप्पणी : मान लीजीए उपरोक्त उदाहरण में DICGC कवर 50% को 10 लाख रु. तक सीमित किया गया है तो ऐसी दशा में बनाये जाने वाले प्रावधान की राशि निम्न प्रकार निकाली जाएगी–

DICGC कवर के बिना अपेक्षित प्रावधान (उपरोक्त)	29.00
घटाइये : DICGC कवर	10.00
अपेक्षित प्रावधान (provision required)	19.50

उदाहरण – 4

Shri ram bank ltd. Gives you the following informations for the year 2006-2007

श्री राम बैंक लिमिटेड की वर्ष 2006 & 07 की सूचना निम्नलिखित हैं

Export credit given	Rs. 70 lakhs
ECGC Cover	40%
Securities held	Rs. 8 lakhs (realisable value Rs.12 lakhs)
Period for which the adcance has remained doubtful	More than 3 years.

You are asked to compute the provision required on the above advances.

आपको उपरोक्त अग्रिम पर आयोजन की गणना करनी हैं।

solution:

	Rs. (in lakhs)
Amount outstanding	70.00
Less: realisable value of securities held	12.00
Unsercured amount	58.00
Provision required :	
Provision for unsecured portion (100%)	58.00
Provision for secured portion (50%)	6.00
	64.00

उदाहरण – 5

Bhavana united bank ltd. Gives the following information for the year 2006-07:

भावना युनाइटेड लिमिटेड की वर्ष 2006–07 की सूचना निम्नलिखित है :

Term loan	Rs. 140 lakhs
DICGC cover	50%(maximum limit Rs.25 lakhs)
Securities held	Rs. 30 lakhs (relisable value Rs. 35 lakh.
Period for which the loan has remained doubtful	More than 3 years

You are asked to compute the provisions required on the above advances.

आपको उपरोक्त अग्रिम पर आयोजन की गणना करनी है ।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

solution:

	Rs. (in lakhs)
Amount outstanding	140
Less: realisable value of securities	35
Unsecured amount	105
Provision required:	
Provision for unsecured portion (100%)	105
Provision for secured portion (50%)	17.5
	122.5
Less: DECGC Cover (50%limited to Rs. 25 lakhs)	25
Total provision	97.5

गैर–निष्पादित सम्पतियां (Non-performing Assets) :

एक बैंक के अग्रिमों को निष्पादित सम्पतियों तथा गैर–निष्पादित सम्पतियों (NPA) के रूप में बांटा जाना होता है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यवहार है कि ब्याज की आय को जो गैर–निष्पादित सम्पतियों पर होती है, उपार्जन आधार पर न मानी जाये वरन् ऐसी आय को तब लिया जाये जब यह वास्तव में प्राप्त की जाये।

एक सम्पति गैर–निष्पादित बन जाती है जब उससे आय एक निर्दिष्ट अवधि के लिए बैंक द्वारा प्राप्त न की जाये। भारतीय रिजर्व बैंक ने निष्पादित तथा गैर निष्पादित सम्पतियों के बीच अग्रिमों के वर्गीकरण के बारे में बैंकों को मार्गदर्शक सिद्धान्त जारी किये हैं।

(अ) अवधि ऋण (Term Loans) : अवधि ऋण से आशय ऐसे ऋणों से है जो स्थायी सम्पतियों को क्रय करने के लिए दीर्घकालीन समय अवधि के लिए दिये गये हैं। अवधि ऋण को गैर–निष्पादित सम्पतियों के रूप में वर्गीकृत तब किया जाता है जब उन पर ब्याज अथवा किश्त 90 दिन से अधिक अवधि के लिए अतिदेय हो चुके हैं।

(ब) नकद साख एवं अधिविकर्ष (Cash Credit & Overdrft) : नकद साख एवं अधिविकर्ष को गैर–निष्पादित सम्पति तब माना जाएगा जब यह 90 दिन से अधिक के लिए बाहर (Out of order) रहे हैं। एक खाते को निम्न दशा में आदेश के बाहर (Out of order) माना जाता है –

1. जब खाते का शेष निरन्तर रूप से स्वीकृत सीमा (Samction Limit) के अन्तर्गत हो, लेकिन –
2. जब खाते का शेष तो स्वीकृत सीमा (Sanction Limit) के अन्तर्गत हो, लेकिन –

(i) चिट्ठे की तिथि के पूर्व छः माह से खाते में जमा (Credit) नहीं आ रही हो, अथवा

(ii) खाते में जमाएं (Credits) तो आ रही हों लेकिन यह जमा डेबिट किए गए ब्याज से कम हो।

(स) खरीदे गए और भुनाए गए बिल (Bills purchased and discounted) : खरीदे गए और भुनाए गए बिल को गैर–निष्पादित सम्पति तब माना जाएगा जब बिल 90 दिन से अधिक अवधि के लिए अति देय (Overdue) हो।

(द) अन्य खाते (Other Accounts) : अन्य किसी साख सुविध को गैर–निष्पादित सम्पति तब माना जाएगा जब ब्याज अथवा किश्त 90 दिन से अधिक के लिए अति देय हो।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(य) कृषि सम्बन्धी अग्रिम (Agricultural Advance) : कृषि सम्बन्धी अग्रिम को गैर–निष्पादित सम्पति तब माना जाएग जब ब्याज अथवा मूल धन की किश्त, अभी के दो फसल की अवधि परन्तु दो अर्द्धवार्षिक अवधि से अधिक न हों, से बकाया है।

आय मापन सिद्धान्त (Income Recognition Concept) :

31.03.91 के पश्चात् आय को ' आय की तरह मानने के सिद्धान्त' में परिवर्तन किया गया है। निष्पादित सम्पतियों पर ब्याज को उस दिन आय मान लिया जाता है जब यह देय (due) हो गयी है, जबकि गैर–निष्पादित सम्पतियों पर ब्याज उस दिन आय मानी जाएगी जब इसे वास्तविकता में प्राप्त कर लिया हो।

Note : यह आय–मापन सिद्धान्त केवल अग्रिम केवल अग्रिम (Advance, Loan, BOD एंव Cash Credit) पर ही लागू होता है। अन्य समस्त आय उस दिन आय मानी जाती है जब यह देय होती है। अर्थात् AS-9 के अनुसार ही लेखांकन होगा।

उदाहरण – 6

Given below interest and advances of a commercial Bank (Rs.in lakhs):

एक वाणिज्यिक बैंक के ब्याज तथा अग्रिम निम्न प्रकार है :

Particulars	Performing assets		NPA	
	Interest Earned	Interest received	Interest earned	Interest received
Term loans	120	80	75	5
Cash credits and overdrafts	750	620	150	12
Bills purchased and discounted	150	150	100	20

Calculate the amount of interest to be credited to profit and loss account .

लाभ–हानि खाते में क्रेडिट किए जाने वाले ब्याज की गणना कीजिए।

Solution:

interest on performing assets should be recognised on accrual basis, but interest on NPA should be recognised on cash basis:

			Rs. (in lakhs)
Interest on term loan:	(120+5)	=	125
Interest on cash credits and overdrafts	(750+12)	=	762
Income from bills purchased and discounted	(150+20)	=	170
	Total		1057

संग्रह के लिए आये बिल (Bills for collection)

यह मद चिट्ठे में 'संदिग्ध दायित्वों' के नीचे दिखाई जाती है। बैंक के पास संग्रह के लिए जो बिल आते है, वे दो प्रकार के हो सकते हैं :

(अ) संग्रह के लिए आन्तरिक बिल (Inward Bills for Collection); तथा

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(ब) संग्रह के लिए बाह्य (Outward Bills for Collection)।

(अ) आन्तरिक बिल : बहुधा माल के विक्रेतागण क्रेताओं को माल की बिल्टी, बीजक इत्यादि बैंक के जरिये भेजते हैं तथा बैंक से प्रार्थना करते हैं ि कवह बीजक की रकम लेकर क्रेताओं को माल की सुपुर्दगी दे दे। बैंक इन बिलों पर क्रम संख्या डाल देता है और इनके विवरण संग्रह के लिए आन्तरिक बिलों के रजिस्टर (I.B.C. Resgister) में दर्ज कर लेता है। उन्हें तब तक किसी खातें में दर्ज नहीं किया जाता जब तक कि उनकी रकम वास्तव में प्राप्त न हो जावे। संग्रह होने पर रोकड़ खाते में डेबिट तथा बिल भेजने वाले व कमीशन खाते को क्रेडिट किया जाता है। संग्रह होने के बाद बिल की राशि तुरन्त भेज दी जाती है। उस समय बिल भेजने वाले के खाते को डेबिट कर रोकडत्र खाते को क्रेडिट कर दिया जाता है। चिट्ठे की तिथि पर कुछ बिल ऐसे हो सकते हैं, जो कि बैंकिंग कम्पनी के पास हों किनतु जिनका संग्रह अीी तक न हुआ हो। ऐसे बिलों की सूचना, संग्रह के लिए 'आन्तरिक बिल रजिस्टर' से मिल जावेगी। इन बिलों को चिट्ठे के दोनों पक्षों में दिखाया जाता है। ये बैंकिंग कम्पनी की सम्पति इसलिए है कि कालान्तर में बैंक को भुगतान प्राप्त हो जायेगा ओर दायित्व इसलिए है कि बैंक उसका हिसाब चुकाने के लिए बिल भेजने वालों के प्रति दायी हैं।

(ब) बाह्य बिल : बैंकिंग कम्पनी के ग्राहक अपने बाहर के चैकों, ड्राफ्टों, हुंडियों व बिलों को बैंक के पास संग्रह के लिए जमा कराते रहते हैं। बैंक इनको संग्रह के लिए बाह्य बिल रजिस्टर (O.B.C. Register) में दर्ज करके इनका रूपया शीघ्र संग्रह करने की कोशिश करता है। परन्तु बाहर से पत्र–व्यवहार करने में कुछ समय तो लग ही जाता है। अतः चिट्ठे की तिथि को ऐसे बैंक, ड्राफ्ट, हुंड़ी या बिल जिनका रूपया संग्रह नहीं हुआ है, बैंक के पास 'संग्रह के लिए बाह्य बिल' कहलायेंगे। इन बिलों को भी चिट्ठे के दोनों पक्षों में दिखाया जाता है क्योंकि ये बैंको की सम्पति भी है और दायित्व भी।

चिट्ठे में बिलों की राशि को संदिग्ध दायित्वों के पश्चात् दिखाया जाता हैं।

स्वीकृतियां, बेचान तथा अन्य दायित्व (Acceptances, Endorsements and Other Obligations) :

बैंकिंग कम्पनी की एक सेवा यह भी है कि वह अपने ग्राहकों की तरफ से बिलों या हुण्डियों को स्वीकार करती है अथवा उनका बेचान करती है। उदाहरणार्थ, एक्स ने वाई को 2,000 रू. का माल बेचा जिसके लिए एक्स चाहता है कि उसके द्वारा लिखा गया बिल वाई द्वारा नहीं बल्कि उसके बैंक द्वारा स्वीकृत होना चाहिए। यदि वाई का बैंक उसकी तरफ से उक्त बिल को स्वीकार कर लेता है तो बैंक का दायित्व उत्पन्न हो जाता है। दूसरी तरफ चूंकि बैंक ने वाई की तरफ से उक्त बिल को स्वीकार किया है, अतः बैंक को वाई से उतना रूपया लेना है, अतः यह बैंक की सम्पति भी हो गई। चिट्ठे के दिन इसी प्रकार की बकाया स्वीकृतियां या बेचान के योग को बैंकिंग कम्पनी के चिट्ठे में संदिग्ध दायित्व के रूप में दिखाया जाता हैं।

बैंकिंग कम्पनी के अन्य दायित्वों (Other Obligations) से आशय बैंक द्वारा निर्गमित साख–पत्रों (Letters of Credit) तथा उसके द्वारा दी गई गारन्टी से लगाया जाता है। चिट्ठे की तिथि को यदि ये भुगतान भी बकाया हैं तो इनके योग को भी चिट्ठे में संदिग्ध दायित्व के रूप में दिखाया जाता हैं।

लाभांशों पर प्रतिबन्ध (Restrictions on Dividends) :

बैंकिंग कम्पनी नियमन अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत एक बैंक तब तक लाभांश नहीं दे सकता जब तक कि उसके समस्त पूंजीगत खर्चे अपलिखित नहीं हो जाते। पूंजीगत खर्चो के उदाहरण हैं : प्रारम्भिक व्यय, संगठन व्यय, अंश बेचने पर दलाली व कमीशन आदि। यदि कम्पनी को हानियां हुई हैं अथवा ऐसे व्यय हैं जो मूर्त सम्पतियों द्वारा प्रतिनिधित्व नहीं हैं तो उन्हें भी लाभांश चुकाने से पूर्व अपलिखित करना आवश्यक है। इसके निम्नलिखित अपवाद हैं :

(a) चल विनियोगों के अतिरिक्त अन्य मान्यता प्राप्त विनियोगों के मूलय में कमी को अपलिखित करना आवश्यक नहीं हैं जब तक कि ऐसी कमी वास्तव में हानि न हो चुकी हो अथवा उस हानि का पूंजीकरण नहीं कर लिया गया हो;

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(b) मान्यता प्राप्त प्रतिभूतियों के अतिरिक्त अंशों, ऋणपत्रों या बॉण्डों के मूल्य में कमी को उस स्थिति में अपलिखित करना आवश्यक नहीं है जबकि इस कमी के सम्बन्ध में पर्याप्त आयोजन कर लिया गया है और अंकेक्षक इससे संतुष्ट है;

(c) ऐसा डूबत ऋण अपलिखित करना आवश्यक नहीं है जिसके लिए पर्याप्त आयोजन कर लिया गया है तथा अंकेक्षक इससे सन्तुष्ट है।

शाखा सम्बन्धी समायोजन (Branch Adjustments)

एक बैंकिंग कम्पनी की प्रायः अनेक शाखाएं हुआ करती हैं जो कि भिन्न–भिन्न शहरों में बैंकिंग कार्य चलाती हैं। व्यापारिक गतिविधि में प्रधान कार्यालय व शाखाओं के बीच तथा शाखाओं में परस्पर अनेक सौदे हुआ करत हैं, जैस मांग ड्राफ्ट (Demand Draft), साख पत्र (Letters of Crdit) इत्यादि निर्गमित करना। ऐसे सौदों की प्रविष्टियां सूचना मिलने पर प्रधान कार्यालय तथा सम्बन्धित शाखा या शाखाओं की पुस्तकों में होती हैं। अपर्याप्त सूचना या सूचना के अभाव में लेखा प्रविष्टियां यातो गलत रकम से हो जाती हैं, अथवा बिलकुल होती ही नही हैं। ऐसी स्थिति में चिट्ठे के दिन प्रधान कार्यालय के लेखों व शाखाओं के लेखों में अनतर पाया जा सकता है। उक्त अनतर का समायोजन करने के लिए प्रधान कार्यालय की पुस्तकों में 'शाखा समायोजन खाता' (Branch Adjustment Account) खोला जाता है। प्रधान कार्यालय की पुस्तकों में कुछ शाखाओं के खातों का समायोजन करने के लिए शाखा समायोजन खाते को डेबिट किया जाता है तथा अनय शाखाओं के खातों का समायोजन करने के लिए उसको क्रेडिट किया जाता है। शाखा समायोजन खाते का डेबिट शेष होने पर चिट्ठे में 'अन्य सम्पतियां' शीर्षक के अन्तर्गत दिखलाया जाता है तथा क्रेडिट शेष होने पर चिट्ठे में ''अन्य दायित्व'' शीर्षक के अन्तर्गत दिखलाया जाता हैं।

वार्षिक खाते का अंकेक्षण
(Annual Accounts and Audit)

बैंकिंग कम्पनी के खाते, वार्षिक खातों तथा अंकेक्षण से सम्बन्धित वैधानिक आवश्यकतायें बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की 29 से 34A धाराओं में दी गई है, जो निम्न प्रकार से हैं :

वार्षिक खाते : प्रत्येक वितीय वर्ष के अनत में भारत में समामेलित प्रत्येक बैंकिंग कम्पनी को भारत में किये गये अपने समस्त व्यापार के सम्बन्ध में वार्षिक खाते तेयार करने पड़ते हैं। वार्षिक खातों में चिट्ठा एवं लाभ हानि खाता तैयार किया जाता है। प्रतयेक वर्ष 30 सितम्बर को भी बैंक की पुस्तकें आन्तरिक नियन्त्रण के लिए बनद की जाती हैं। भारत में समामेलित बैंकिंग कम्पनी की स्थिति में वार्षिक खाते कम से कम तीन संचालकों द्वारा (जहां पर तीन से अधिक संचालक न हो, वहां तमाम संचालकों द्वारा) प्रमाणित तथा हस्ताक्षरित होने चाहिए। भारत से बाहर समामेलित कम्पनी की स्थिति में, भारत में कम्पनी के प्रधान कार्यालय का मैनेजर वार्षिक खातों को प्रमाणित करेगा तथा उन पर हस्ताक्षर करेगा।

वार्षिक खातों का अंकेक्षण : प्रत्येक बैंकिंग कम्पनी का चिट्ठा व लाभ–हानि खाता योग्य अंकेक्षक द्वारा अंकेक्षित होगा। अंकेक्षक की योग्यताएं वहीं होगी जो कि अन्य कमपिनयों की स्थिति में होती हैं। बैंकिंग कम्पनी के अंकेक्षक की नियुक्ति, उसके अधिकार, कर्तव्य तथा दायित्व कम्पनी अधिनियम, 1956 के द्वारा नियन्त्रित होते हैं।

वार्षिक खातों को फाइल करना : प्रत्येक बैंकिंग कम्पनी को अपने अंकेक्षित वार्षिक खातों की तीन प्रतियां अंकेक्षक की रिपोर्ट के सहित रिजर्व बैंक के पास फाइल करनी पड़ती हैं। सम्बन्धित वर्ष की समाप्ति के बाद तीन महीने के भीतर उक्त वार्षिक खाते फाइल कर दिये जाने चाहिए। यह अवधि रिजर्व बैंक द्वारा तीन माह के लिए और बढ़ाई जा सकती है। रिजर्व बैंक को बैंकिंग कम्पनी से अन्य सूचनाऐं एवं स्पष्टीकरण भी मांगने का अधिकार है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्रत्येक बैंकिंग कम्पनी को अंकेक्षित वार्षिक खातों की 'तीन प्रतियां' रजिस्ट्रार के पास भी फाइल करनी पड़ती हैं। यदि रिजर्व बैंक द्वारा अन्य अतिरिक्त सूचनायें तथा स्पष्टीकरण मांगे गये हैं तो इनकी एक प्रति रजिस्ट्रार के पास भी फाइल करनी पड़ती हैं। यदि रिजर्व बैंक द्वारा अन्य अतिरिक्त सूचनायें तथा स्पष्टीकरण मांगे गये हैं तो इनकी एक प्रति रजिस्ट्रार के पास भी भेजनी होगी।

वार्षिक खातों का प्रकाशन : प्रत्येक बैंकिंग कम्पनी को लेखा वर्ष के अन्त से छः माह के भीतर अपना चिट्ठा, लाभ–हानि खाता तथा अंकेक्षण की रिपोर्ट किसी समाचार पत्र, जो कि कम्पनी के प्रधान कार्यालय वाले क्षेत्र में प्रचलित हो, में प्रकाशित करवाना होगा।

वार्षिक खातों का आकार एवं मदें
(Form and Contents of Annual Accounts)

एक बैंकिंग कम्पनी का चिट्ठा एवं लाभ–हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के साथ लगी हुई तृतीय अनुसूची में निर्धारित प्रारूप में बनाया जाना चाहिए। जहां तक बैंकिंग विनियमन अधिनियम के आदेशों से विरोध न हो वहां तक कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 के प्रावधान भी बैंकिंग कम्पनियों पर लागू होंगे। तृतीय अनुसूची के अन्तर्गत ''प्रारूप क'' चिट्ठे से सम्बन्ध रखता है और ''प्रारूप ख'' लाभ–हानि खाते से सम्बन्ध रखता हैं।

नया प्रारूप (New Formet) :

31 मार्च, 1991 तक समाप्त हुए लेखा वर्षो के सम्बन्ध में बैंकों पर चिटठे और लाभ–हानि खाते के सम्बन्ध में पुराना प्रारूप लागू होता था। इस प्रारूप के अनुसार चिट्ठा एवं लाभ–हानि खाता क्षेतिज स्वरूप (Horizontal form) में बनाया जाता था। चिट्ठे के बायीं ओर पूंजी तथा दायित्वों को व दाहिनी ओर सम्पतियों को दिखाया जाता था। कुछ मदों को चिट्ठे के दोनों ओर दिखाया जाता था (जैसे : Acceptances, Endorsements and other obligations)। मदों की संख्या भी काफी होती थी। एक सामान्य व्यक्ति के लिए इन सब मदों को समझना मुश्किल होता था। लाभ–हानि खाता भी क्षेतिज स्वरूप में होता था। बायीं ओर खर्चों को तथा दाहिनी ओर आय सम्बन्धी मदों को दिखाया जाता था।

31 मार्च, 1992 को समाप्त हुए लेखा वर्ष से उक्त पुराने प्रारूप को समाप्त कर दिया गया है। अब बैंकिंग कम्पनियों को अपना चिट्ठा व लाभ–हानि खाता नये प्रारूप में तैयार करने पड़ते हैं। नये प्रारूप की विशेषताएं निम्नलिखित हैं :

(i) नये प्रारूप में चिट्ठा तथा लाभ–हानि का खड़ा स्परूप (Vertical Form) दिया गया है। चिट्ठे का स्वरूप ''क'' तथा लाभ–हानि खाते का ''ख'' हैं।

(ii) चिट्ठे में पहले पूंजी तथा दायित्वों सम्बन्धी मदों को पांच शीर्षकों के अन्तर्गत दिखाया जाता है। इसका विस्तृत वर्णन क्रमशः 1 से 5 तक सारणियों में चिट्ठे के साथ नत्थी किया जाता है। पूंजी तथा दायित्वों की पांचों मदो को जोड़ लगा दिया जाता है।

(iii) पूंजी तथा दायित्वों के जोड़ के पश्चात् समपितयों को छः शीर्षकों के अन्तर्गत दिखाया गया है। इनका विस्तृत वर्णन क्रमशः 6 से 11 तक सारणियों में दिया जाता है। सम्पतियों की समस्त छः मदों का जोड़ लगा दिया जाता है।

(iv) सम्पतियों के जोड़ के नीचे संदिग्ध दायित्वों को दिखया जाता है। इनका विस्तृत वर्णन सारणी 12 में दिखाया जाता है।

(v) संदिग्ध दायित्वों के पश्चात् संग्रह के लिए आये बिलों (Bills for collection) की मद को दिखाया जाता है। इस मद के विस्तृत वर्णन के लिए पृथक् से कोई सारणी निर्धारित नहीं की गई है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

(vi) उपरोक्त प्रारूप में चिट्ठा देने के पश्चात् उससे सम्बनिधत 12 सारणियां दी जाती हैं।

(vii) समस्त 12 सारणियां देने के पश्चात् ''स्वरूप ख'' के अनुसार लाभ–हानि खाता तेयार किया जाता है।

(viii) लाभ–हानि खाते में आय की मदों को दो शीर्षकों के अन्तर्गत दिया जाता है और इनका विस्तृत वर्णन क्रमशः सारणी 13 और 14 में दिया जाता है। लाभ–हानि खाते में आय की दोनों मदों का जोड़ लगा दिया जाता हैं।

(ix) आय के जोड़ के पश्चात् व्यय की मदों को दो शीर्षकों के अन्तर्गत दिया जाता है जिनका विस्तृत वर्णन क्रमशः सारणी 15 और 16 में दिया जाता हैं।

(x) इसके पश्चात् आयोजन और सम्भाव्यताओं (Provisions and Contingencies) को दिखाया जाता है। इनके विस्तृत विवरण के लिए कोई सारणी तैयार नहीं की जाती है बल्कि इनसे सम्बन्धित सभी मदों को लाभ–हानि खातें में ही दिखा दिया जाता है।

(xi) तत्पश्चात् उपरोक्त (ix) व (x) मदों का जोड़ लगा दिया जाता हैं।

(xii) आय व व्यय की मदों का अनतर लाभ या हानि को प्रकट करेगा। व्यय की मदों के जोड़ के पश्चात् लाभ या हानि (जैसी भी स्थिति हो) की मद लिख दी जावेगी। इसमें पिछले वर्षों के लाभ या हानि को जोड़ा या घटाया जावेगा। इस प्रकार नियोजन के लिए कुछ लाभ उपलब्ध हो जावेगा।

(xiii) उपरोक्त लाभों में से किये गये नियोजनों (Appropriations) को दिखाया जावेगा और फिर चिट्ठे में ले जाये गये शेष को लिखा जावेगा। नियोजनों और इस शेष का जोड़ लगा दिया जावेगा।

(xiv) चिट्ठे व लाभ–हानि खाते तथा सभी सारणियों में चालू वर्ष की मदों के साथ–साथ पिछले वर्ष के भी तत्सम्बन्धी आंकड़े दिये जावेगे।

(xv) चिट्ठे व लाभ–हानि खाते के पश्चात् अनुसूची 17 में लेखों पर टिप्पणियां तथा मुख्य लेखा नीतियां दी जाती हैं। बैंक इनके लिए पृथक्–पृथक् सारणी 17 व सारणी 18 तैयार करते हैं।

चिट्ठा तथा उससे सम्बन्धित सारणियों का प्रारूप
(Format of Balance Sheet and Concerning Schedules)
THE THIRD SCHEDULE
(See Section 29)
Form 'A'
FORM OF BALANCE SHEET
Balance Sheet ….. (here enter name of the banking company)
Balance Sheet as on 31 st March, …… (year)

CAPITAL & LIABILITIES	Schedule No.	As on 31.3…… (Current year)	As on 31.3…… (Previous year)
		Rs.	Rs.
Capital	1		
Reserves & Surplus	2		
Deposits	3		
Borrowings	4		
Other liabilities and provisions	5		
TOTAL			

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

ASSETS			
Cash and balance with Reserve Bank of India	6		
Balances with banks and money at Call and short notice	7		
Investments	8		
Advances	9		
Fixed Assets	10		
Other Assets	11		
TOTAL			
Contingent liabilities	12		
Bills for collection			

SCHEDULE 1 : CAPITAL

	As on 31.3…… (Current year)	As on 31.3…… (Previous year)
	Rs.	Rs.
I. FOR NATIONALISED BANKS		
Capital (Fully owned by Central Government)		
II. FOR BANKS INCORPORATED OUTSIDE INDIA		
Capital		
(i) The amount brought in by banks by way of Start-up capital as prescribed by RBI should be Shown under this head.		
(ii) Amount of deposit kept with the RBI under Section 11(2) of the Banking Regulation Act, 1949.		
TOTAL		
III. FOR OTHER BANKS		
Authorised Capital		
(…… Shares of Rs …… each)		
Issued Capital		
(…… Shares of Rs …… each)		
Subscribed Capital		
(…… Shares of Rs …… each)		
Called-up Capital		
(…… Shares of Rs …… each)		
Less : Calls unpaid		
Add : forfeited shares		
TOTAL		

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

SCHEDULE 2 : RESERVES & SURPLUS

	As on 31.3…… (Current year)	As on 31.3…… (Previous year)
	Rs.	Rs.
I. Statutory Reserves		
Opening Balance		
Additions during the year		
II. Capital Reserves		
Opening Balance		
Additions during the year		
Deductions during the year		
III. Share Premium		
Opening Balance		
Additions during the year		
Deductions during the year		
IV. Revenue and other Reserves		
Opening Balance		
Additions during the year		
Deductions during the year		
V. Balance in Profit and Loss Account		
TOTAL (I, II, III, IV and V)		

SCHEDULE 3 : DEPOSITS

	As on 31.3…… (Current year)	As on 31.3…… (Previous year)
	Rs.	Rs.
A. I. Demand Deposits		
(i) From banks		
(ii) From others		
II. Savings Bank Deposits		
III. Term Deposits		
(i) From banks		
(ii) From others		
TOTAL (I, II, and III)		
B. Demand Deposits		
(i) Deposits of branches in India		
2. ख्याति का मूल्य ज्ञात करना कठिन है, क्योंकि व्यवसाय के आंतरिक व बाह्य घटकों के कारण इसका मूल्य दिन–प्रतिदिन घटता–बढ़ता रहता है।
3. ख्याति स्वयं उत्पादक सम्पत्ति नहीं है परन्तु यह व्यवसाय को अधिक लाभ कमाने में सहायता करती है।

4.3 ख्याति को प्रभावित करने वाले घटक (Factors affecting goodwill)

एक व्यापार की ख्याति के मूल्यांकन को मुख्यतया निम्नलिखित तत्त्व प्रभावित करते हैं–

1. **व्यापार का स्थान (Place of Business)–** यदि व्यवसाय किसी विशिष्ट स्थान पर है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा। जैसे कोलकत्ता के बड़ा बाजार में दुकान हो और बीकानेर के बड़ा बाजार में दुकान हो तो बीकानेर की बजाय

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

कोलकत्ता में स्थित दुकान की ख्याति अधिक होगी।

2. **व्यापार की प्रकृति (Nature of Business)–** यदि व्यवसाय एकाधिकार प्रकृति का है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।
3. **व्यापार की आयु (Age of Business)–** यदि व्यापार पुराना है तो ग्राहकों की संख्या अधिक होगी। इससे लाभ भी अधिक होंगे और ख्याति भी अधिक होगी।
4. **जाखिम की मात्रा (Risk Factors)–** यदि व्यापार में जोखिम अधिक तथा लाभ अनिश्चित हो तो ख्याति का मूल्य भी कम होगा। यदि व्यापार में जोखिम कम है तो ख्याति का मूल्य ज्यादा होगा।
5. **योग्य व कुशल प्रबन्ध (Able and efficient Management)–** यदि व्यापार का प्रबन्ध योग्य एवं कुशल है तो यह लोगों को बढ़ाने में सहायक होगा जिससे ख्याति के मूल्य में वृद्धि होगी।

इसके अलावा व्यवसायी का स्वभाव, पूंजी की आवश्यकता, विज्ञापन, पेटेण्ट एवं ट्रेडमार्क से भी ख्याति प्रभावित होती है।

4.4 ख्याति के प्रकार (Types of goodwill)

ख्याति मुख्यतः दो प्रकार की होती है :

1. क्रय की गई ख्याति (Purchase goodwill) तथा
2. स्वजनित ख्याति (Self Generated goodwill)

1. क्रय की गई ख्याति (Purchases goodwill)

जब किसी अन्य व्यक्ति से व्यापार क्रय करते हैं तो विक्रेता को शुद्ध सम्पत्तियों के मूल्य से अधिक क्रय मूल्य चुकाते हैं तो ये आधिक्य ख्याति होगी।

भारतीय लेखा मानक– 10 के अनुसार ख्याति को लेखा पुस्तकों में उसी अवस्था में प्रदर्शित किया जाता है जब उसके लिए भुगतान किया गया हो।

2. स्वजनित ख्याति (Self Generated goodwill)

यह ख्याति व्यवसाय में स्वतः उत्पन्न होती है। इस ख्याति का लाभ अर्जन करने में महत्त्वपूर्ण योगदान है। भारतीय लेखा मानक– 10 के अनूसार स्वजनित ख्याति को लेखा–पुस्तकों में नहीं दिखाते।

4.5 ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता (Need for valuation of goodwill)

निम्नलिखित दशाओं में ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता है–

1. जब व्यापार बेचा जा रहा हो।
2. नए साझेदार का प्रवेश हो।
3. जब साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन किया जा रहा हो।
4. जब किसी साझेदारी की मृत्यु हो जाए या निवृत्त हो जाए।
5. जब फर्म को कम्पनी के रूप में परिवर्तन किया जा रहा हो।
6. जब व्यापार का एकीकरण किया जा रहा हो।

4.6 ख्याति के मूल्यांकन में उपयोगी (Useful in valuation of goodwill)

4.6.1 वास्तविक औसत लाभ या भविष्य में कायम रहने योग्य लाभ– इसकी गणना निम्नलिखित चरणों में की जाएगी–

(i) समायोजत लाभ की गणना

शुद्ध लाभ लेंगे परन्तु शुद्ध लाभ में निम्नलिखित व्यय घटे हुए नहीं होने चाहिए जैसे– संचयों में हस्तान्तरण, समता अंशों पर प्रस्तावित लाभांश, असाधारण हानि या व्यय आदि। यदि ऐसे व्यय सम्मिलित है तो इन्हें वापस लाभ में जोड़ देना चाहिए। लेकिन शुद्ध लाभ में निम्नलिखित आय भी जुड़ी हुई नहीं होनी चाहिए जैसे गैर विनियोग से आय, असाधारण लाभ या आय। यदि ऐसी आय सम्मिलित है तो उसे उस वर्ष के लाभ में से घटा देना चाहिए।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Statement Showing Adjusted Profit

	Rs.
Net Profit before tax	---
Add : Abnormal Expenses & Losses (if debited in P & L a\c)	
(e.g. Loss on Sale of Fixed Assets ect.)	---

Less : Abnormal Income and Profit (if credited in P & L a\c)	
(e.g. Speculation profit)	---
Preference Share dividend	---
Provision for Taxation	---
Provision for Bad and Doubtful Debts (due to accounting error)	---
Income of Non-trade Investments (if unequal income in every year)	---
Adjusted Profit	---

(ii) औसत लाभ की गणना– औसत लाभ ज्ञात करने के लिए पिछले तीन या पांच वर्षों के समायोजित लाभ का सरल औसत निम्नलिखित ज्ञात किए जाता है–

$$\textbf{Simple Average Profit} = \frac{\textbf{Total adjusted profit of given number of year}}{\textbf{Number of years}}$$

नोट :– यदि पिछले वर्षों के समायोजित लाभों के बढ़ने या घटने की प्रवृत्ति हो तो सामान्य औसत लाभ की जगह भारित औसत (Weight Average) ज्ञात किया जाएगा। इसके प्रथम वर्ष के लाभों को 1, दूसरे वर्ष के लाभों को 2 व आगे के वर्षों के लाभों को 3, 4 व 5 भार प्रदान करेंगे व इसके पश्चात् भारित औसत अग्र प्रकार से ज्ञात किया जाएगा।

$$\textbf{Weight Average Profit} = \frac{\textbf{Total Product of profit \& Weights}}{\textbf{Total of Weights}}$$

वास्तविक औसत लाभों या भविष्य में कायम रहने योग्य लाभों की गणना

उपर्युक्त औसत लाभों में निम्नलिखित समायोजन करके वास्तविक औसत लाभ ज्ञात किए जाएंगे–

(अ) व्यापार के स्वामी या साझेदारों को पारिश्रमिक (Remuneration to owner or Partners)– यदि व्यवसाय के स्वामी द्वारा व्यवसाय का संचालन किया जाता है तो उसके पारिश्रमिक को औसत लाभों में घटाया जाना चाहिए, क्योंकि अब इस कार्य के लिए कर्मचारी रखना पड़ेगा और उसे पारिश्रमिक का भुगतान करना पड़ेगा। कम्पनी की स्थिति में ये समायोजन नहीं किया जाएगा।

(ब) ऐसे व्यय जो भविष्य में नहीं होंगे (Expenses that will not Incur in future)– ऐसे खर्चे जो भविष्य में नहीं होंगे को औसत लाभों में जोड़ दिया जाएगा।

(स) ऐसे व्यय जो भविष्य में उत्पन्न होंगे (Expenses that will Incur in future)– यदि भविष्य में किसी व्यय के उत्पन्न होने या वृद्धि होने की संभावना हो तो व्यय के औसत लाभों में घटाएंगे।

(द) ऐसी आय जो भविष्य में उत्पन्न होगी (Income that will arise in future)– किसी नए मद के अन्तर्गत भविष्य में आय होने की संभावना हो जो कि गत वर्षों में अर्जित नहीं हुई थी, तो ऐसी नई आय को औसत लाभ में जोड़ देना चाहिए।

(य) ऐसी आय जो भविष्य में उत्पन्न नहीं होगी (Income that will not arise in future)– ऐसी आय को औसत लाभ में से घटा दिया जाएगा।

(र) स्थाई सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन पर अतिरिक्त मूल्य–ह्रास (Expenses that will Incur in future)– स्थाई सम्पत्तियों पर अतिरिक्त मूल्य–ह्रास की राशि को औसत लाभों में घटाया जाएगा और मूल्य–ह्रास की बचत को लाभों में जोड़ा जाएगा।

यदि प्रश्न में मूल्य–ह्रास की दर नहीं दे रखी हो तो निम्नलिखित दरों का प्रयोग करना चाहिए–

Fixed Assets	Estimated Rate of Depricaition
Land	Nil

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Buildings	**10% p.a.**
Plant & Machinery	**15% p.a.**
Motor & Vehicles	**20% p.a.**
Furniture	**10% p.a.**

(ल) गैर–व्यापारिक विनियोगों से आय– गैर व्यापारिक विनियोंगो से अर्जित आय को गैर–व्यापारिक आय मानते हुए औसत लाभों में से घटा दिया जाता है।

(व) देनदारों पर डूबत ऋण आयोजन– यदि आयोजन किसी वर्ष विशेष में लेखांकन त्रुटि के कारण है तो उस वर्ष के लाभों में से घटाते है। यदि यह भविष्य के आशातीत लाभों पर दिया गया हो तो इसे औसत लाभ में से घटाते हैं। यदि लेखांकन त्रुटि है, तो इसे सम्बन्धित देनदारों में से घटाया जाएगा एवं औसत विनियोजित पूंजी ज्ञात करने के लिए घटाये जाने वाले चालू वर्ष के लाभ में से भी इसे घटाया जाएगा।

(ष) कर के लिए आयोजन को औसत लाभ में से घटा देना चाहिए।

Statement Showing Actual Average Profit or Future Maintainable Profit

			Rs.
Average Profit			---
Add :	Exepenses that will not incur in future		---
	Income and profit that will arise in future		---
	Saving in Depreciation due to decease in value of Fixed assets		---
			---
Less :	Expenses that will incur in future	---	
	Provision for Taxation	---	
	Provision for Bad and Doubtful Debts	---	
	Income of Non-trade Investments	---	
	Income and profit that will not arise in future	---	
	Fair remuneration of the owner	---	
	Additional Depreciation on Increased value of Assets	---	---
	Future Maintainable Profit or Actual Average Profit		---

Illustration 1

1 अप्रैल 2009 को सलमान ने अभिषेक का व्यापार क्रय किया। अभिषेक ने 31 मार्च को समाप्त हुए पिछले वर्षों में प्रतिवर्ष लाभ कमाएं– 2006 में 1,90,000 रु., 2007 में 2,10,000 रु., 2008 में 2,50,000 रु. एवं 2009 में 70,000 रु.।

यह पता लगा कि 2006 के लाभों में 32,000 रु. का सम्पत्ति विक्रय से लाभ तथा 2007 वर्ष के लाभों में 30,000 रु. की असाधारण हानि सम्मिलित थी। सलमान वर्तमान में एक लेखापाल के रूप में कार्यरत है और 5,000 रु. मासिक वेतन मिल रहा था। सलमान अपने लेखापाल की सेवाएं समाप्त करना चाहता है जो वर्तमान में 1800 रु. मासिक वेतन पा रहा है। आपको वास्तविक औसत लाभों की गणना करनी है।

Solution

Step I Calculation of Adjusted Profit

	Rs.	**Rs.**
Year ended 31 March, 2006	1,90,000	
Less : Profit on Sale of Assets	32,000	1,58,000
Year ended 31 March, 2007	2,10,000	
Add : Abnormal Loss	30,000	2,40,000
Year ended 31 March, 2008		2,50,000
Year ended 31 March, 2009		70,000

Step II Calculation of Average Profit

Year ended 31 March	**Profit**	**Weight**	**Products**
2006	1,58,000	1	1,58,000

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

2007	2,40,000	2	4,80,000
2008	2,50,000	3	7,50,000
2009	70,000	4	2,80,000
		10	16,68,000

$$\text{Weight Average Profit} = \frac{\text{Total Product of profit \& Weights}}{\text{Total of Weights}}$$

$$= \frac{16,68,000}{10} = 1,66,800$$

Step III Calculation of Actual Average Profit

Average Profit	1,66,800
Add : Expenses not to be Paid in Future (Salary of accountant 1,800 x 12)	21,600
	1,88,400
Less : fair remuneration of Salman as on opportunity Cost (5,000 x 12)	60,000
Actual Average Profit or Future M. P.	1,28,400

(2) अधिलाभ (Super Profit)

वास्तविक औसत लाभ का सामान्य लाभ पर आधिक्य ही अधिलाभ कहलाता है। सूत्र रूप में

अधिलाभ = वास्तविक औसत लाभ – सामान्य लाभ

वास्तविक औसत लाभ की गणना पूर्व में वर्णित विधि के अनुसार ही की जाएगी। सामान्य लाभों की गणना निम्नलिखित सूत्रानुसार की जाएगी–

$$\text{सामान्य लाभ– औसत विनियोजित पूंजी} \times \frac{\text{सामान्य प्रत्याय दर}}{100}$$

(i) औसत विनियोजित पूंजी (Average Capital Employed)

विनियोजित पूंजी ज्ञात करने के सर्वप्रथम व्यापार की सम्पत्तियों में दायित्वों को घटा देना चाहिए। विनियोजित पूंजी ज्ञात करते समय सम्पत्तियों में गैर व्यापारिक विनियोग, ख्याति, कृत्रिम सम्पत्तियां (प्रारम्भिक व्यय, निर्गमन पर बट्टा, अभिगोपन पर कमीशन, विविध व्यय, निर्गमन) आदि को सम्मिलित नहीं करेंगे। यदि सम्पत्तियों का बाजार मूल्य ज्ञात है तो विनियोजित पूंजी की गणना में बाजार मूल्य ही आधार होगा।

Statement Showing Capital Employed

		Rs.
Assets :		
Fixed Assets (At realisable value)		---
Current Assets (After provision)		---
Trade Investment		---
Patent and Trademark (at realisable value)		---
(Fictitious assets will not be considered)		

Less : All Current Laibilities	---	
All Long-term liabilities	---	
Provision for Taxation	---	
Provision for Depreciation (if reaslisable value of asset not given)	---	
Fund for Future Liabilities (e. g. Provident Fund, Gratuity Fund etc.)	---	
Preference Share Capital (Non-participating)	---	
Proposed dividend on preference shares	---	---
Closing Capital Employed		---

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

प्रारम्भिक विनियोजित पूंजी ज्ञात हो तो औसत विनियोजित पूंजी

$$\textbf{Average Capital Employed} = \frac{\textbf{Opening Capital Employed + Closing Capital Employed}}{2}$$

• यदि वर्ष के अन्त की पूंजी में वर्ष का सम्पूर्ण लाभ शामिल हो तो लाभ का आधा भाग अन्त की पूंजी में से घटा देना चाहिए।

• यदि वर्ष के अन्त की पूंजी में पिछले वर्ष का लाभ सम्मिलित नहीं है परन्तु यह लाभ वर्ष के अन्त में व्यापार से निकाला गया है जो औसत पूंजी ज्ञात करने के लिए वर्ष का आधा लाभ अन्त की पूंजी में जोड़ देंगे।

• यदि वर्ष में समय–समय पर व्यापार से लाभ निकाला जाता है तो लाभ के सम्बन्ध में कोई समायोजन नहीं करेंगे और वर्ष के अन्त की पूंजी ही औसत विनियोजित पूंजी होगी।

औसत विनियोजित पूंजी ज्ञात करने की वैकल्पिक विधि–

जोड़िए–
1. समता अंश पूंजी
2. सभी प्रकार के संचय एवं आधिक्य
3. सम्पत्तियों एवं दायित्वों के पूनर्मूल्यांकन पर लाभ

घटाइए –
1. सम्पत्तियों एवं दायित्वों के पूनर्मूल्यांकन पर हानि
2. गैर–व्यापारिक विनियोग
3. कृत्रिम सम्पत्तियां
4. लाभ–हानि खाते का डेबिट शेष
5. चालू वर्ष का कर के पश्चात् लाभ का 50%

सामान्य प्रत्याय दर (Normal Rate of Returen) – सामान्यतया व्यवसाय द्वारा की जा रही लाभार्जन दर या बाजार में प्रचलित ब्याज दर सामान्य प्रत्याय दर होती है। सामान्य प्रत्याय दर की गणना प्रश्न में दी गई सूचना के आधार पर निम्नलिखित में से किसी भी सूत्र से की जा सकती है–

Normal Rate of Returen = Pure Rate + Premium for Risk factor

Or

$$\frac{\text{Dividend per share}}{\text{Market Price per share}} \times 100$$

Or

$$\frac{\text{Sum of Dividend Rates declared in last year}}{\text{No. of Years}} + \text{Premium for Risk factor}$$

Illustration 2

निम्नलिखित चिट्ठे से शान्ति लि. की औसत विनियोजित पूंजी की गणना कीजिए–

Balance Sheet as at 31st March, 2009

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Equity Share Capital	2,50,000	Goodwill	30,000
General Reserve	25,000	Land & Building (at cost)	2,00,000
Profit & Loss A\c	1,25,000	Stock	1,00,000
Depreciation fund	10,000	Debtors	1,80,000
Sundry Creditors	70,000	Cash in hand	20,000
Bank overdraft	50,000	Prepaid Exp.	10,000
Outstanding expense	20,000	Preliminary Exp.	10,000
	5,50,000		5,50,000

भवन का वर्तमान वसूली मूल्य 1,20,000 रु. है। देनदार 1,90,000 रु. अनुमानित किए गए। 5000 रु. के लेनदार कई वर्षों के है जिन्हें अब चुकाना नहीं पड़ेगा। शान्ति लि. में 2008–09 में 90,000 रु. का शुद्ध लाभ कमाया।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Solution

Statement Showing Capital Employed

		Rs.
Building (At realisable value)		1,20,000
Stock		1,00,000
Debtors		1,90,000
Cash in hand		20,000
Prepaid Exp.		10,000
		4,40,000
Less : Laibilities		
Sundry Creditors (70,000 - 5,000)	65,000	
Bank overdraft	50,000	
Outstanding expense	20,000	1,35,000
Closing Capital Employed		3,05,000
Calculation of Average Capital Employed		
Closing Capital Employed		3,05,000
Less : 1\2 of Current year's Profit (1\2 X 90,000)		45,000
Average Capital Employed		2,60,000

नोट : भवन को बाजार मूल्य पर लिया गया है, अतः मूल्य–ह्रास कोष को नहीं घटाया गया है।

Illustration 3

31 मार्च 2009 को प्रतीक एण्ड क. का अग्रलिखित चिट्ठा है–

Balance Sheet as at 31st March, 2009

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Capital	3,00,000	Goodwill	50,000
Loan	1,00,000	Land & Building	2,00,000
Provision for Debtors	6,000	Plant & Building	1,00,000
Sundry Creditors	74,000	Stock	70,000
Outstanding expense	20,000	Sundry Debtors	60,000
		Cash at Bank	20,000
	5,00,000		5,00,000

प्रति वर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाले गत पांच वर्षों का शुद्ध लाभ (कर से पूर्व) क्रमशः 40,000 रु., 60,000 रु., 1,20,000 रु., 1,90,000 रु., 1,70,000 रु. थे। 31 मार्च, 2005 के लाभ में पूंजीगत लाभ 10,000 रु. शामिल था और 31 मार्च, 2009 को समाप्त हुए वर्ष लाभ 7,500 रु. आग से हुई हानि के बाद था। आयकर की दर 50% एवं लाभ की दर 20% है। अधिलाभ ज्ञात कीजिए।

Solution

Step I Calculation of future maintainable Profit

Net profit for the year ended

	Rs.	**Rs.**
Year ended 31 March, 2005	40,000	
Less : Capital Profit	10,000	30,000
Year ended 31 March, 2006		60,000
Year ended 31 March, 2007		1,20,000
Year ended 31 March, 2008		1,90,000
Year ended 31 March, 2009	1,70,000	
Less : Capital Profit	7,500	1,77,500
Total Profit for 5 Years		5,77,500

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Average Annual Profit	1,15,500
Less : Income tax @ 50%	57,500
future maintainable Profit	57,500

Step II Calculation of Normal Profit

	Capital as on 31st March, 2009	3,00,000
Less :	Book value of goodwill	50,000
	Capital Employed	2,50,000

Normal Profit = Capital employed X Normal Rate

= 2,50,000 X 20% = 50,000

Annual Super Profit = 57,500 - 50,000 = Rs. 7,500

4.7 ख्याति के मूल्यांकन की विधियां

4.7.1 सामान्य लाभ विधि

4.7.1 (a) वर्षों की क्रय विधि

4.7.1 (b) लाभों का पूंजीकरण विधि

4.7.2 अधिलाभ विधि

4.7.2 (a) अधिलाभों की क्रय विधि

4.7.2 (b) अधिलाभों का पूंजीकरण विधि

4.7.2 (c) अधिलाभों की वार्षिक वृत्ति विधि

4.7.2 (d) अधिलाभों गिरते हुए क्रम में मूल्यांकन

4.7.1(a) वर्षों की क्रय विधि (Year's Purchases method)–

इस विधि में "भविष्य में कायम रहने योग्य लाभ" (FMP) को निश्चित वर्षों की संख्या से गुणा करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाएगा। सूत्र रूप में–

औसत लाभ x क्रय किए गए वर्षों की संख्या

इस विधि में निम्नलिखित कमियां है–

(1) लाभों के गुणा करने के लिए वर्षों की संख्या निर्धारण एक कठिन कार्य है क्योंकि यह भविष्य में होने वाली अनेक घटनाओं की संभावनाओं पर निर्भर करता है।

(2) इस विधि से व्यवसाय में विनियोजित पूंजी की मात्रा का ध्यान नहीं रख जाता है।

Illustration 4

किशन ने नरेन्द्र का व्यवसाय क्रय करने का विचार किया। 31 मार्च, 2009 को समाप्त होने वाले वर्ष का चिट्ठा निम्नलिखित प्रकार था–

Balance Sheet as at 31st March, 2009

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Capital	24,00,000	Land & Building	5,00,000
Profit & Loss A\c	6,00,000	Plant & Building	5,00,000
Sundry Creditors	5,00,000	Stock	7,00,000
		Sundry Debtors	13,00,000
		Investement	2,00,000
		Cash at Bank	3,00,000
	35,00,000		35,00,000

ख्याति का मूल्यांकन गत तीन वर्षों के सामान्य लाभों के क्रय के आधार पर किया जाएगा। यह तय हुआ कि देनदारों पर 5% की दर से डूबत ऋण के लिए आयोजन बनाया जाए। सभी सम्पत्तियों का पुस्तक मूल्य उचित है सिवाय मशीन, भवन एवं स्टॉक के जिनका वर्तमान में बाजार मूल्य क्रमशः 4,00,000 रु. व 7,00,000 रु. एवं स्टॉक का 7,50,000 रु. है। पिछले पांच वर्षों के शुद्ध लाभ क्रमशः 3,50,000 रु., 5,00,000 रु., 4,00,000 रु., 5,50,000 रु. एवं 6,50,000 रु. है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

यह मानते हुए कि नरेन्द्र का उचित पारिश्रमिक 15,000 रु. वार्षिक है, मूल्य–ह्रास की दर भवन पर 10% एवं मशीनरी पर 15% है। ख्याति की राशि की गणना कीजिए। आयकर का ध्यान नहीं रखना है।

Solution

Step I Calculation of future maintainable Profit

Total Net profit for the past 5 years

(3,50,000 + 5,00,000 + 4,50,000 + 5,50,000 + 6,50,000)

Total Profit for 5 Years		= 25,00,000
Average Annual Profit 25,00,000\5		= 5,00,000
Less : Fair Remuneration payable to owner	15,000	
Provision for Baddebts (5% 13,00,000)	65,000	
Additional depreciation	5,000	85,000
Future Maintainable Profits		4,15,000

Value of goodwill = FMP X 3

4,15,000 X 3 = Rs. 12,45,000

(ब) लाभों का पूंजीकरण विधि (Capitalisation of Average profit Method)– इस विधि के अन्तर्गत लाभों का पूंजीकृत मूल्य ज्ञात किया जाता है। इस विधि से ज्ञात किया जाता है कि व्यवसाय में प्रचलित सामान्य प्रत्याय दर से लाभ कमाया जाए तो कितनी पूंजी की आवश्यकता होगी।

ख्याति की गणना– इस विधि द्वारा ख्याति की गणना के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी–

Step-1 भविष्य में कायम रहने योग्य लाभ की गणना

Step-2 सामान्य प्रत्याय दर के आधार पर व्यवसाय के भविष्य में कायम रहने योग्य लाभ का पूंजीगत मूल्य अर्थात् व्यवसाय का मूल्य निम्नलिखित सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाएगा–

$$\text{Value of Business} = \frac{\text{Future Maintainable profit}}{\text{Normal Rate of Return}} \times 100$$

Step-3 व्यवसाय की वास्तविक औसत विनियोजित पूंजी (ख्याति के अतिरिक्त) की गणना कीजिए।

Step-4 ख्याति का मूल्य इस प्रकार ज्ञात किया जाएगा–

Value of goodwill = Value of Business - Capital Employed

Illustration 5

31 मार्च, 2009 को रोहित ने राजा हसन का व्यापार क्रय किया। राजा हसन के गत वर्षों का औसत लाभ 5,00,000 रु. है।

यह तय किया गया कि उक्त लाभ की गणना में 15,000 रु. राजा हसन के पारिश्रमिक के शामिल है जो रोहित द्वारा नहीं लिया जाएगा। रोहित व्यवसाय का संचालन 48,000 रु. वार्षिक किराए के कार्यालय में किया जाएगा जबकि राजा हसन स्वयं के भवन में व्यवसाय संचालित करता है।

1 अप्रैल, 2008 को राजा हसन की शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य 36,50,000 रु. था। इस प्रकार के व्यवसाय में सामान्य प्रत्याय दर 10% है।

Solution

Step I Calculation of future maintainable Profit	**Rs.**
Average Net profit	5,00,000
Add : Expenses that will not Incurred in future (owner Remuneration)	15,000
	5,15,000
Less : Expenses that will Incurr in future (office rent)	48,000
Future maintainable Profit	4,67,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Step II Calculation of Value of Business

$$\text{Value of Business} = \frac{\text{Future Maintainable profit}}{\text{Normal Rate of Return}} \times 100$$

$$= \frac{4,67,000}{10} \times 100 = \text{Rs. } 46,70,000$$

Step III Calculation of Average Capital Employed

Capital Employed at the beining	36,50,000
Add : 1\2 of Current year's Profit (1\2 X 5,00,000)	2,50,000
Average Capital Employed	39,00,000

Step IV Calculation of Value of goodwill

Value of goodwill = Value of Business - Average Capital Employed
= 46,70,000 - 39,00,000 = Rs. 7,70,000

(ii) (अ) अधिलाभों की क्रय विधि– इस विधि में अधिलाभों (Super profit) को निश्चित वर्षों की संख्या से गुणा करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाएगा। सूत्र रूप में–

ख्याति = अधिलाभ x क्रय किए गए वर्षों की संख्या

Goodwill = Super profit x no. of years

(ब) अधिलाभों की पूंजीकरण विधि (Capitalisation of Super profit method)– इस विधि के अन्तर्गत अधिलाभों का पूंजीकृत मूल्य ज्ञात किया जाता है। सामान्य लाभों के पूंजीकरण की तरह ही अधिलाभों के पूंजीकृत मूल्य की गणना का निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाएगा।

$$\text{Goodwill} = \frac{\text{Amount of Super profit}}{\text{Normal rate of Return}} \times 100$$

Illustration 6

निम्नलिखित सूचना से (i) वास्तविक औस्त लाभों के तीन वर्षों के क्रय द्वारा (ii) अधिलाभों के 10 वर्ष के क्रय द्वारा एवं (iii) पूंजीकरण विधि द्वारा ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए–

(1) औसत विनियोजित पूंजी 4,00,000 रु.।

(2) पिछले चार वर्षों के शुद्ध व्यापारिक लाभ क्रमशः 68,000 रु., 75,000 रु., 80,000 रु. एवं 92,000 रु.।

(3) इसी प्रकार के व्यवसाय में सामान्य प्रत्याय की दर 15%।

(4) पिछले दो वर्षों के लाभों में गैर व्यापारिक विनियोगों से 3,000 रु. की आय सम्मिलित है।

(5) स्वामी का उसकी सेवाओं के लिए उचित पारिश्रमिक 15,000 रु. वार्षिक है।

(R. U. B.Com., 2005)

Solution

Step I Calculation of future maintainable Profit

ear ended 31 March	Profit	Weight	Products
I year	68,000	1	68,000
II year	75,000	2	1,50,000
III year (80,000 -3,000)	77,000	3	2,31,000
IV year (92,000 -3,000)	89,000	4	3,56,000
		10	8,05,000

$$\text{Weight Average Profit} = \frac{\text{Total Product of profit \& Weights}}{\text{Total of Weights}}$$

$$= \frac{8,05,000}{10} = \text{Rs. } 80,500$$

Less : Fair remuneration of owner	15,000
Future Maintainable Profit	65,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Step II Calculation of Normal Profit

15% on Average Capital Employed

(4,00,000 X 15%) = 60,000

Step III Calculation of Super Profit

Actual Average Profit - Normal Profit

65,500 - 60,000 = 5,500

Step IV Calculation of Value of goodwill

(i) By 3 year's Purachase of Actual Average Profit

(3 X 65,500) = 1,96,500

(ii) By 10 year's Purachase of Super Profit

(10 X 5,500) = Rs. 55,000

(iii) Capitalisation method

(a) Base on Actual Average profit

$$\text{Value of Business} = \frac{\text{Future Maintainable profit}}{\text{Normal Rate of Return}} \times 100$$

$$= \frac{65{,}500}{15} \times 100 = \text{Rs. } 4{,}36{,}667$$

Value of goodwill = Value of Business - Average Capital Employed

= 4,36,667 - 40,00,000 = Rs. 36,667

(b) Base on Super profit

$$\text{Goodwill} = \frac{\text{Amount of Super profit}}{\text{Normal rate of Return}} \times 100$$

$$= \frac{5{,}500}{15} \times 100 = \text{Rs. } 36{,}667$$

(C) वार्षिक वृत्ति विधि (Annuity Method)– व्यापार का क्रेता ख्याति मूल्य का भुगतान भविष्य में होने वाले लाभ की आशा में करता है। इससे क्रेता को ब्याज की हानि होती है, क्योंकि ख्याति का सम्पूर्ण राशि का भुगतान एक साथ किया जाता है, जबकि उसको अतिरिक्त लाभ अगले 3–4 वर्षों में प्राप्त होता है। वार्षिक विधि के अन्तर्गत इस दोष को दूर कर दिया गया है और ब्याज को ध्यान में रखते हुए ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है।

इस विधि में ख्याति की गणना के लिए 1 रु. की वार्षिक वृत्ति का वर्तमान मूल्य वृत्ति सारणी (Annuity Table) या निम्नलिखित सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाएगा–

Goodwill = Super profit x P. V. of Re. 1

$$\text{P. V. of Re. 1} = \frac{1 - \left(\frac{1}{1+r}\right)^n}{r}$$

यहां पर

वृत्ति सारणी से वर्तमान मूल्य की गणना ब्याज दर एवं वर्षों की संख्या के आधार पर ज्ञात किया जाता है।

ख्याति = अधिलाभ X एक रुपये का वर्तमान मूल्य

Illustration 7

निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन वार्षिक वृत्ति विधि के आधार पर कीजिए–

(1) शुद्ध लाभ (कर घटाने के बाद) वर्ष 2007 में 1,90,000 रु., 2008 में 1,50,000 रु. और वर्ष 2009 में 2,30,000 रु.।

(2) औसत विनियोजित पूंजी 8,25,000 रु.।

(3) लाभ की सामान्य दर 12%।

(4) ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ के 3 वर्षों के क्रय की वार्षिक विधि के आधार पर करना है।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Solution

Step I Calculation of future maintainable Profit

Total Net profit for the past 3 years

(1,90,000 + 1,50,000 + 2,30,000)

Total Profit for 3 Years = 5,70,000

Average Annual Profit 5,70,000\3 = 1,90,000

Step II Calculation of Super Profit

Actual Average Profit - Normal Profit on average Capital employed

1,90,000 - 12% of Rs. 8,25,000 = 99,000

1,90,000 - 99,000 = Rs. 91,000

Step III Calculation of Value of goodwill

Value of goodwill = Super Profit x Annuity factor (as calculare above)

91,000 X 2.402

= Rs. 2,18,582

Annuity factor of Re. 1 for 3 years at 12% normal profit

=

$$\text{P. V. of Re. 1} = \frac{1 - \left(\frac{100}{100 + 12}\right)^3}{\frac{12}{100}}$$

= 2.402

Illustration 8

भरत अपना व्यापार मुदित को बेचना चाहता है। निम्नलिखत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ख्याति की राशि ज्ञात कीजिए–

भरत का लाभ–हानि खाता निम्नलिखित शेष बताता है– 2004 में लाभ 6,00,000 रु., 2005 में लाभ 5,40,000 रु., 2006 में लाभ 10,80,000 रु., 2007 में लाभ 1,00,000 रु. और 2008 में लाभ 9,00,000 रु.।

1. ख्याााति पिछले 5 वर्षों के औसत लाभों के 3 वर्षों के क्रय पर मूल्यांकित की जाती है।
2. 2006 वर्ष के लाभ हानि खाते में सट्टे का लाभ 2,40,000 रु. था।
3. 2007 वर्ष में एक मशीन बेची गई जिसकी हानि 3,60,000 रु. को लाभ हानि खाते में दिखा दिया गया।
4 मुदित को भरत के लेखापाल की सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी जिसे 5,000 रु. मासिक वेतन चुकाया जाता था। मुदित स्वयं एक लेखापाल है जो फर्म के लेखों को रख सकता है।
5. मुदित वर्तमान में एक सीमित कम्पनी में 5,500 रु. मासिक पर नौकरी कर रहा है अब उसे अपनी नौकरी छोड़नी पड़ेगी।

Solution

Net Profit of Last 5 years-

Year ended on 31st March	Profit Rs.	Adjustment Rs.	Actual Rs.
2003	6,00,000	---	6,00,000
2004	5,40,000	---	5,40,000
2005	10,80,000	(-) 2,40,000	8,40,000
2006	1,00,000	(+) 3,60,000	4,60,000
2007	9,00,000	---	9,00,000
		-	33,40,000

	Rs.
Average Profit = Rs. 33,40,000 /5	6,68,000
Add: Salary of Accountant not to be paid (5,000 X 12)	60,000
	7,28,000
Less: Fair Remunerationn of kanan(5,500 X 12)	66,000
Actual Average Profit	6,62,000

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Value of Goodwill = Actual Average profit X 2 years
= 6,62,000 X 3 = Rs. 19,86,000

4.7.2 (d) अधिलाभों गिरते हुए क्रम में मूल्यांकन (Sliding Scale Valuation of Super Profit)

इस विधि को कटफार्थ ने अपनी पुस्तक "Methods of Amalgamation and Valuation of Business" में लिखा। कटफार्थ के अनुसार अधिलाभ जितना अधिक होगा उतनी ही उसको भविष्य में अर्जित करने की अवधि कम होगी। इस विधि के अन्तर्गत सम्पूर्ण वार्षिक अधिलाभ को कुछ भागों में बांट देते हैं और प्रत्येक भाग को गिरते हुए क्रम में अलग–अलग वर्षों की संख्या से गुणा करते है।

स्व परीक्षा प्रश्न (Self Examination Questions)

अति–लघुत्तरात्मक प्रश्न (Very-Short Answer Type Questions)

1. अधिलाभ के पूंजीकरण द्वारा ख्याति का मूल्य ज्ञात करने का सूत्र क्या है? (R. U.,B.Com., 2008)
2. भविष्य में कायम रहने योग्य लाभ क्या है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. अधिलाभ से क्या आशय है? ख्याति की गणना के लिए अधिलाभ की गणना करने की विधि समझाइए। (R. U.,B.Com., 2002)
2. ख्याति के मूल्यांकन के कौन–कौन से आधार है? उनके नाम बताइए। (Bikaner Univ. B.Com., 2005)
3. ख्याति की लेखांकन अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
4. ख्याति के संदर्भ में 'व्यवसाय में विनियोजित पूंजी' से क्या तात्पर्य है?

सैद्धान्तिक प्रश्न (Theoretical Questions)

1. ख्याति की अवधारणा का वर्णन कीजिए तथा उसके मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को समझाइए। (Bikaner Univ. B.Com., 2004)
2. ख्याति के मूल्यांकन के लिए 'भविष्य में कायम रहने योग्य लाभ' 'औसत विनियोजित पूंजी', 'सामान्य प्रत्याय दर' एवं अधिलाभ की अवधारणा की उचित उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। (Bikaner Univ. B.Com., 2006)

व्यावहारिक प्रश्न (Practical questions)

1. चिट्ठे की तिथि को एक फर्म की शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य 2,00,000 रु. था। 2,00,000 रु. में से 20,000 के गैर–व्यापारिक विनियोग 5% सरकारी प्रतिभूतियों में शामिल थे, जिन्हें उनके अंकित मूल्य पर खरीदा गया था। उपर्युक्त विनियोग की आय को शामिल करते हुए भविष्य के आशातीत लाभ 30,000 रु. हैं। सामान्य प्रत्याय दर व्यवसाय में चालू वर्ष की अन्तिम विनियोजित पूंजी पर 10% है।

   ख्याति का मूल्यांकन कीजिए :

   (i) (अ) आशातीत लाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर; (ब) अधिलाभों के पांच वर्षों के क्रय के आधार पर,

; (ii) (a) आशातीत लाभों के, तथा (b) अधिलाभों के पूंजीकरण के आधार पर;

   (iii) अधिलाभों की 5 वर्षीय वार्षिक वृत्ति के आधार पर। (MLS Univ. Udaipur, 2005)

Ans. Value of goodwill (i)(a) Rs. 87,000 (b) Rs. 55,000 (ii) Rs. 1,10,000 and (iii) Rs. 41,701

2. रमेश एक जनरल स्टोर संचालित करता है। इसका भूस्वामी उसके व्यवसाय को खरीदने का इच्छुक है। इस प्रयोजन के लिए ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के भारित औसत लाभ के तीन गुने के बराबर किया जाना तय होता है। उपर्युक्त भार तथा इन वर्षों के लाभ अग्र प्रकार हैं–

Year	**Weight**	**Profits (Rs.)**
2004-05	1	10,100
2005-06	2	10,400
2006-07	3	12,000
2007-08	4	15,000

लेखों की जांच पर निम्नलिखित बातें प्रकट हुई–

(अ) 1 दिसम्बर, 2005 को प्लाण्ट के सम्बन्ध में एक भारी मरम्मत का काम किया गया था जिस पर 3,000 रु.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

व्यय हुए थे। इस राशि को लाभ–हानि खाते से चार्ज कर लिया गया था। ख्याति का मूल्यांकन करने के लिए इस राशि का पूंजीकरण किया जाना तय होता है, लेकिन इसमें क्रमागत ह्रास अवधि से 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से मूल्य–ह्रास का समायोजन करना है।

(ब) वर्ष 2005–06 के लिए अन्तिम रहतिये का मूल्य 1,200 रु. अधिक लगाया गया था।

(स) ख्याति के मूल्याकंन के लिए प्रबन्धकीय लागत के समबन्ध में 2,400 रु वार्षिक लगाना है।

रमेश के व्यापार की ख्याति का मूल्यांकन कीजिए। (Bikaner Univ., 2007., R.U.B.com.,1998)

Ans. Value of goodwill Rs. 32,396

3. कारण सहित बताइए कि निम्नलिखत विवरण सही है या नही।

Ram and shyam's Financial position is as follows :

(i) Sundry assets Rs. 9,27,342,

(ii) Current liabilities Rs. 52,492,

(iii) Average net profit of the last years Rs. 1,20,500,

(iv) Average capital employed Rs. 9,00,000,

(v) Partner's average annual remuneration Rs.18,000,

(vi) The goodwill valued at four years purchase for super profit Rs. 50,000

The expected rate of return is 15%. (Bikaner Univ. 2006, Kota Univ, 2007)

4. 31 मार्च, 2007 एवं 2008 को एक्स लिमिटेड का चिट्ठा निम्नलिखित हैः

Balance Sheet

Liabilities	2007 Rs.	2008 Rs.	Assets	2007 Rs.	2008 Rs.
Equity Share Capital	8,00,000	8,00,000	Fixwd Assets	9,60,000	10,00,000
General Reserve	1,60,000	2,10,000	Investments	1,00,000	1,40,000
Profit & Loss A\c	1,50,000	1,80,000	Stock	3,20,000	3,60,000
11% Debentures	2,00,000	2,00,000	Debtors	1,60,000	1,40,000
Sundry Creditors	1,20,000	1,40,000	Cash in Bank	70,000	1,64,000
Bank overdraft	50,000	90,000	Deferred Revenue Expenses	20,000	16,000
Provision for tax	30,000	40,000			
Proposed Dividend	1,20,000	1,60,000			
	16,30,000	18,20,000		16,30,000	18,20,000

स्थाई सम्पत्तियों का बाजार मूल्य 31 मार्च, 2007 को 14,40,000 रु. तथा 31 मार्च, 2008 को 17,00,000 रु. है।

कुल विनयोग का 75% हिस्सा गैर–व्यापारिक विनियोग है तथा इस पर 11% ब्याज दर से आय अर्जित हो रही है। वर्ष 2007–08 के लाभों में मशीनरी के क्रय पर सरकारी सहायता के रूप में प्राप्त 40,000 रु. सम्मिलित है।

शोध एवं विकास व्यय के 36,000 रु. चालू वर्ष के लाभ–हानि खाते से अपलिखित किए गए है। यह व्यय भविष्य में नहीं होगा।

स्टॉक का बाजार मूल्य 31 मार्च, 2007 को 4,10,000 रु. तथा 31 मार्च, 2008 को 4,80,000 रु. है।

देनदारों में विदेशी मुद्रा के देनदार 10,000 डालर के शामिल है जिन्हें एक डालर की विनिमय दर 42 रु. के आधार पर रिकार्ड किया गया किन्तु वर्ष के अन्त में एक डालर की विनिमय दर 44.5 रु. थी।

लेनदारों में विदेशी मुद्रा के लेनदार 4,000 डालर के शामिल है जिन्हें एक डालर की विनिमय दर 41 रु. के आधार पर लेखा किया गया किन्तु वर्ष के अन्त में एक डालर की विनिमय दर 44 रु. थी। वर्ष 2006–07 व 2007–08 में आयकर की दर 40 प्रतिशत थी तथा सम्भावित कर की दर 30 प्रतिशत है।

औसत विनियोजित पूंजी पर सामान्य लाभ की दर 15 प्रतिशत है। ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों की पूंजीकरण विधि से ज्ञात कीजिए। (Kota Univ. B.Com., 2006)

Ans. Value of Goodwill Rs. 2,51,267, Super profit Rs. 37,690

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

5. 31 मार्च, 2007 को गैजीबो लिमिटेड का चिट्ठा अग्र प्रकार था :

Balance Sheet

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Authorised Capital		Building	3,30,000
25,000 Equity Share of Rs. 100 each	25,00,000	Machinery	6,00,000
Subscribed & Paid up Capital		Stock	9,00,000
15,000 Equity Share of Rs. 100 each	15,00,000	Debtors	5,76,000
Profit & Loss Appropriation A\c	77,500		
Brorowing from RFC	3,00,000		
Bank overdraft	1,00,000		
Sundry Creditors	2,50,000		
Provision for tax	1,78,500		
	24,06,000		24,06,000

कम्पनी ने अपना व्यापार 1 अपैल, 2002 को प्रारम्भ किया। कर के लिए आयोजन से पूर्व कम्पनी के लाभ इस प्रकार थे : 2002—03 3,60,000 रु., 2003—04 4,50,000 रु., 2004—05 5,10,000 रु. तथा 2006—07 5,10,000 रु. कम्पनी का गत वर्षों का औसत लाभ अर्जित अनुपात 8 था।

आपको ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के पूंजीकरण विधि से करना है, यह मानते हुए कि आयकर एक रुपये में 35 पैसे के हिसाब से देय है। सामान्य लाभों की गणना औसत विनियोजित पूंजी के आधार पर करनी है।

(MLS Univ. Udaipur, 2002)

Ans. Value of Goodwill Rs. 11,88,250, Super profit Rs. 1,42,590

6. 31 मार्च 2009 को प्रतीक एण्ड क. का अग्रलिखित चिट्ठा है—

Balance Sheet as at 31st March, 2009

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Authorised Capital		Fixed Assets	10,00,000
25,000 Equity Share of Rs. 100 each	25,00,000	Stock	9,00,000
Subscribed & Paid up Capital		Debtors	5,25,000
15,000 Equity Share of Rs. 100 each	15,00,000	Cash at Bank	1,25,000
Profit & Loss Appropriation A\c	77,500		
Brorowing from RFC	3,00,000		
Bank overdraft	1,00,000		
Sundry Creditors	2,50,000		
Provision for tax	1,78,500		
	25,50,000		25,50,000

प्रति वर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाले गत पांच वर्षों का शुद्ध लाभ (कर से पूर्व) क्रमशः 40,000 रु., 60,000 रु., 1,20,000 रु., 1,90,000 रु., 1,70,000 रु. थे। 31 मार्च, 2005 के लाभ में पूंजीगत लाभ 10,000 रु. शामिल था और 31 मार्च, 2009 को समाप्त हुए वर्ष लाभ 7,500 रु. आग से हुई हानि के बाद था। आयकर की दर 50% एवं लाभ की दर 25% है। अधिलाभ एवं ख्याति ज्ञात कीजिए।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

अध्याय– 2

अंशों का मूल्यांकन
(Valuation of Share)

विषय सूची (Contents)

2.1 अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता
2.2 अंशों के मूल्यों को प्रभावित करने वाले घटक
2.3 मूल्यांकन का आधार
2.4 अंशों का मूल्यांकन की विधियां
2.4.1 शुद्ध सम्पत्ति मूल्यांकन विधि
2.4.1.1 लाभांश रहित एवं लाभांश सहित अंशों का मूल्यांकन
2.4.1.2 जब कम्पनी ने पूर्वाधिकार अंश की निर्गमित कर रखें हो
2.4.1.3 अवशिष्ट भागी अधिमान अंशों की दशा में अंशों का मूल्यांकन
2.4.2 प्रत्याय या प्रतिफल मूल्यांकन विधि
2.4.2.1 लाभांश दर विधि
2.4.2.2 संभावित लाभांश दर या लाभांश दर विधि
2.4.2.3 वास्तविक लाभर्जन दर या उपार्जन क्षमता विधि
2.5 अंशों का उचित मूल्य ज्ञात करना
2.6 बोनस अंशो के निर्गमन की दशा में सामान्य अंशों का मूल्यांकन
2.7 अधिकार अंशों का निर्गमन
स्व परीक्षा प्रश्न (Self Examination Questions)

2.1 अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता (Need of Valuation of Shares)

निम्नलिखित परिस्थितियों में अंशों का मूल्यांकन आवश्यक होता है–

1. धन कर (wealth Tax) का निर्धारण करने के लिए।
2. जब अंश क्रय या विक्रय करने हो।
3. अशों की जमानत पर ऋण देना हो।
4. निजी कम्पनी के अंशों के हस्तान्तरण के समय।
5. कम्पनी के एकीकरण के समय क्रय प्रतिफल के निर्धारण करने के लिए।
6. जब कम्पनी के एक श्रेणी के अंशों का परिवर्तन दूसरी श्रेणी के अंशों में किया जाए।
7. जब सरकार द्वारा कम्पनी के व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण किया जाए तो क्षतिपूर्ति निर्धारित करने के लिए।
8. कम्पनी के समापन के समय मूल्य निर्धारण करने के लिए।

2.2 अंशों के मूल्यों को प्रभावित करने वाले घटक (Factors affecting Value of Shares)

अंशों का मूल्य मुख्य रूप से निम्नलिखित घटकों से प्रभावित होते हैं–

1. कम्पनी की लाभार्जन क्षमता एवं भविष्य में उन्नति करने की संभावनाए।
2. देश का राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक वातावरण।
3. कम्पनी के व्यापार के सम्बन्ध में सरकार की व्यापार एवं कर नीति।
4. कम्पनी की लाभांश नीति एवं पूर्व में घोषित लाभांश।
5. दायित्वों का पूंजी अनुपात।

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

6. कम्पनी के उत्पाद, बॉण्ड की ख्याति।

2.3 मूल्यांकन का आधार (Basis of Valuation)

अंशों का मूल्य मुख्यतः दो बातों पर निर्धारित होता है–

(i) कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियां, एवं

(ii) कम्पनी लाभार्जन क्षमता।

इन दोनों घटकों का अलग–अलग परिस्थितियों में अलग–अलग महत्त्व होता है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित नियम महत्त्वपूर्ण है–

(1) चालू कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियों एवं भावी लाभार्जन क्षमता दोनों को आधार पर किया जाएगा।

(2) समापन में जाने वाली कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियों के आधार पर किया जाएगा।

(3) सेवा कार्य में संलग्न जैसे इंजीनियरिंग, सलाहकार, आरकीटेक्ट, कानूनी सलाहकार, मनोरंजन, विज्ञापन, प्रतिभूतियों के दलाल आदि कार्य करने वाली कम्पनियों के अंशों का मूल्यांकन लाभार्जन क्षमता के आधार पर किया जाएगा।

2.4 अंशों के मूल्यांकन की विधियां (Methods of Valuation of Shares)

अंशों का व्यावहारिक मूल्य स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित मूल्य है। स्टॉक एक्सचेंज में अंशों का मूल्य निर्धारण मूलतः उनकी मांग और पूर्ति की आवश्यकतानुसार निर्धारित किया जाता है। इसे अंशों का उचित मूल्य नहीं माना जा सकता है, क्योंकि इन मूल्यों के निर्धारण में कम्पनी की सम्पत्तियों का मूल्य एवं लाभार्जन क्षमता को महत्त्व नहीं दिया जाता है और न ही ध्यान रखा जाता है। अतः कम्पनी के अंशों का मूल्य के निर्धारण में निम्नलिखित विधियां उपयोग में ली जाती है–

(1) शुद्ध सम्पत्ति मूल्यांकन विधि (Net Assets Valuation Method)

(2) प्रत्याय मूल्यांकन विधि (Yield Valuation Method)

2.4.1 शुद्ध सम्पत्ति मूल्यांकन विधि (Net Assets Valuation Method)

जब विनियोगकर्त्ता विनियोजित धन की सुरक्षा को महत्त्व देता है, तो शुद्ध सम्पत्ति मूल्यांकन विधि से अंशों का मूल्य ज्ञात किया जाता है। इस विधि से विनियोगकर्त्ता को यह ज्ञात हो जाता है कि यदि कम्पनी समापन में भी चली जाए तो कम्पनी सम्पत्तियों में से बाह्य दायित्वों को चुकाने के बाद अंश धारियों के हिस्से में क्या आएगा। इस विधि को पुस्तक मूल्य विधि (Book Value Method), सम्पत्ति आधारित विधि (Assets Backing Method), शुद्ध सम्पदा विधि (Net Worth Method) आदि नामों से भी जानते हैं।

इस विधि के अनुसार अंशों के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जाती है–

1. सर्वप्रथम स्थाई सम्पत्तियों (ख्याति सहित) को वसूली योग्य मूल्य या बाजार मूल्य या अपलिखित मूल्य पर योग लगा लिया जाता है। अमूर्त सम्पत्तियों को इनके वसूली योग्य मूल्य पर लिया जाएगा। यदि इन सम्पत्तियों का वसूली मूल्य नहीं दिया गया है तो इन्हें सम्पत्तियों में शामिल नहीं करेंगे। विनियोगों को उनके वर्तमान बाजार मूल्य पर लिया जाएगा। गैर–व्यापारिक सम्पत्तियों को भी सम्मिलित किया जाता है परन्तु कृत्रिम सम्पत्तियां (Fictitious Assets) मूल्यहीन होती है इसलिए इन्हें सम्पत्तियों के मूल्यांकन में सम्मिलित नहीं किया जाता है।
2. उक्त सम्पत्तियों के योग में से समस्त दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन दायित्वों एवं आयोजनों को घटाया जाएगा। (जैसे– ऋणपत्र, पूर्वाधिकार अंश पूंजी, व्यापारिक एवं व्यय लेनदार, वित्तीय संस्थाओं से ऋण एवं अधिविकर्ष, अदत व्यय, बकाया लाभांश, प्रस्तावित लाभांश, आयकर, आयोजन आदि) संदिग्ध दायित्वों (Contingent Liabilities) दायित्वों को भी उनके संभावित दायित्वों की राशि के आधार पर घटाएगें।

अतः शुद्ध सम्पत्तियों को सूत्र रूप में इस प्रकार लिखा जा सकता है–

शुद्ध सम्पत्ति = सम्पत्तियों (ख्याति सहित) का वसूली योग्य मूल्य – समस्त बाहरी दायित्वों का योग

Net Assets = Total of Realisable value of Assets - Total of outsiders Liabilities

शुद्ध सम्पत्तियों के मूल्य की गणना को निम्नलिखित विवरण से समझा जा सकता है–

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Statement showing value of Net Assets

		Realisable value in Rs.
Assets:		
(A) Intangible Assets:		
Goodwill	-------	
Patents & Trademark	-------	------
(B) Fixed Assets:		
Land & Building	-------	
Plant & Machinery	------	
Furniture & Fixtures	------	------
(C) Investments:		
Trade Investments	------	
Non-Trade Investments	------	------
(D) Current Assets, Loan & Advance:		
(i) Current Assets		
Inventories of Raw material, WIP and Finished goods		
Receivables (Debtors\B\R ect.)	------	
(ii) Loan & Advances		
Prepaid expenses	------	
Accrued Income	------	
Loan & Advance	------	
(iii) Cash in hand and at Bank	------	------
Less: Liabilities		
(i) Secured Loan	------	
(ii) Unsecured Loan	------	
(iii) Curent Liabilities	------	
(iv) Provision	------	
(v) Preference share Capital	------	------
Value of Net Assets		------

वैकल्पिक विधि

Share Capital		------
Reserve & Surplus		------
Profit on Revaluation		------
Excess of Provision for		
Taxation	------	
Workmen's Compensation fund	------	
Gratuity fund	------	
Provided fund	------	------

Less: Fictitious Assets	------	
Loss on Revaluation	------	
Contingent Liabilities	------	-----
Value of Net Assets		------

प्रति अंश मूल्य ज्ञात करना (Calculation of value Per share)

(अ) जब कम्पनी ने केवल समता अंश ही निर्गमित कर रखे हों–

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित परिस्थितियां हो सकती है–

(1) जब सभी समता अंश समान अंकित मूल्य तथा पूर्ण प्रदत्त हो– ऐसी स्थिति में प्रति समता अंश का मूल्य निम्नलिखित प्रकार से ज्ञात किया जाएगा–

$$\textbf{Value per Equity Share} = \frac{\textbf{Value of Net Assets}}{\textbf{No. of Equity Shares}}$$

इसे अंश का आन्तरिक मूल्य भी कहा जाता है।

Illustration 1

प्रांजल अपना व्यवसाय प्रभावती को बेचना चाहता है एवं आपसे शुद्ध सम्पत्ति विधि से मूल्यांकन करने को कहते है। 31 मार्च, 2009 को निम्नलिखित चिट्ठा था।

Balance Sheet as 31st March, 2009

Liabilities		Amount	Assets	Amount
Share Capital			Land & Building (Rs. 9,00,000)	9,60,000
1,00,000 Equity share of Rs. 10 each		10,00,000	Plant & Machinery (Rs. 3,25,000)	3,00,000
General Reserve		2,50,000	Investments (Rs. 2,20,000)	2,80,000
Profit & Loss A\c		2,00,000	Debtors (Rs.2,50,000)	2.60,000
10% Debentures		1,50,000	Cash in hand	20,000
Bills Payable		50,000	Cash at Bank	1,30,000
Creditors		1,00,000	Preliminary expence	2,50,000
Outstanding expense		35,000	Discount on issue of share	25,000
Provision for Taxation		1,40,000		
Provision for Depreciation on				
Land & Building	50,000			
Plant & Machinery	25,000	75,000		
		20,00,000		**20,00,000**

कोष्ठक में दी गई संख्या में सम्पत्तियों का बाजार मूल्य दिया गया है एवं ख्याति का मूल्य 80,000 रु. आंका गया है। समता अंशों के अन्तनिहित मूल्य का परिकलन कीजिए।

Solution

Statement showing value of Net Assets

		Rs.
Assets:		
Goodwill		80,000
Land & Buildiing		9,00,000
Plant & Machinery		3,25,000
Inventories		2,20,000
Debtors		2,50,000
Cash in hand		20,000
Cash at Bank		1,30,000
Total Assets		**19,25,000**
Less: Liabilities		
10% Debentures	1,50,000	
Bills Payable	50,000	
Creditors	1,00,000	
Outstanding expense	35,000	
Provision for Taxation	1,40,000	4,75,000
Value of Net Assets		**14,50,000**

$$\text{Value per share} = \frac{\text{Value of Net Assets}}{\text{No. of Equity Share}}$$

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

$$= \frac{14,50,000}{1,00,000} = \text{Rs. } 14.50$$

(2) जब सामान्य अंश का अंकित मूल्य समान हो परन्तु उनके विभिन्न प्रदत्त मूल्य असमान हो– ऐसी स्थिति में अंशतः प्रदत समता अंशों पर न मांगी गई राशि को शुद्ध सम्पत्तियों में मानी हुई रोकड़ (Notional Cash) नाम से जोड़ा जाएगा। सूत्र रूप में

$$\text{पूर्ण प्रदत प्रति समता अंश का मूल्य} = \frac{\text{शुद्ध सम्पत्तियां + आंशिक प्रदत अंशों की बकाया मांग}}{\text{अंशों की संख्या}}$$

इसके पश्चात् आंशिक प्रदत अंश का मूल्य की गणना निम्नलिखित प्रकार से की जाएगी–

आंशिक प्रदत प्रति अंश का मूल्य = पूर्ण प्रदत्त प्रति अंश – संबन्धित प्रति अंश मानी हुई रोकड़

Illustion 2

राकेश लि. अपना व्यवसाय सज्जन को बेचना चाहता है। राकेश लि. का 31 मार्च, 2009 को चिट्ठा निम्नलिखित है–

Balance Sheet as 31st March, 2009

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Share Capital		Land & Building (Rs. 8,00,000)	8,60,000
50,000 Equity share of Rs. 10 each	5,00,000	Plant & Machinery (Rs. 3,25,000)	3,00,000
25,000 Equity share of Rs. 10 each, Rs. 5 paid up	1,25,000	Investments (Rs. 2,20,000)	2,80,000
		Debtors (Rs.1,50,000)	1,60,000
25,000 Equity share of Rs. 10 each, Rs. 4 paid up	1,00,000	Cash in hand	1,20,000
		Cash at Bank	1,30,000
Securities Premium	50,000	Preliminary expence	50,000
General Reserve	2,00,000		
Profit & Loss A\c	2,00,000		
10% Debentures	3,00,000		
Bills Payable	1,00,000		
Sundry Creditors	1,00,000		
Outstanding expense	50,000		
Provision for Taxation	1,00,000		
Provision for Depreciation on			
Land & Building 50,000			
Plant & Machinery 25,000	75,000		
	19,00,000		**19,00,000**

कोष्ठक में दी गई संख्या में सम्पत्तियों का बाजार मूल्य दिया गया है एवं ख्याति का मूल्य 80,000 रु. आंका गया है। समता अंशों के अन्तर्निहित मूल्य का परिकलन कीजिए।

Solution

Statement showing value of Net Assets

	Rs.	Rs.
Assets:		
Goodwill		80,000
Land & Building		8,00,000
Plant & Machinery		3,25,000
Inventories		2,20,000
Debtors		1,50,000
Cash in hand		1,20,000
Cash at Bank		1,30,000
Total Assets		**18,25,000**

Cont.

Jain Vishva Bharati Institute (Deemed University), Ladnun

Less: Liabilities

10% Debentures	3,00,000	
Bills Payable	1,00,000	
Creditors	1,00,000	
Outstanding expense	50,000	
Provision for Taxation	1,00,000	6,50,000
Value of Net Assets		**11,75,000**

$$\text{Value per full paid share} = \frac{\text{Value of Net Assets + Notional Cash}}{\text{Total No. of equity share}}$$

$$= \frac{11,75,000 + (25,000 \times 5) + (25,000 \times 6)}{1,00,000}$$

$$= \frac{11,75,000 + 1,25,000 + 1,50,000}{1,00,000}$$

= Rs. 14.50

Value of per partly share = Value per full paid Equity Share - Notional Cash

Value of Rs. 5 paid up share = 14.5 - 5 = Rs. 9.5

Value of Rs. 4 paid up share = 14.5 - 6 = Rs. 8.5

3. जब समता अंश की अंकित मूल्य असमान हो तथा वे सभी पूर्ण प्रदत हों– ऐसी स्थिति में शुद्ध सम्पत्तियों को अलग–अलग अंकित मूल्य वाले समता अंशों के वर्गों में उनकी कुल प्रदत पूंजी के अनुपात में विभाजित कर प्रत्येक प्रकार के अंशों की संख्या का भाग देकर अलग–अलग प्रति अंश मूल्य ज्ञात किया जाएगा।

$$\text{Value per share} = \frac{\text{Proportionate Net Assets of a particular Category}}{\text{Total No. of equity share some Category}}$$

Illustration 3

गौतम लि. का चिट्ठा 31 मार्च 2009 को अग्र प्रकार है। समता अंशों के मूल्य की गणना कीजिए।

Balance Sheet as 31st March, 2009

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Share Capital		Patent	1,00,000
